दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज

भिंड ■ रविवार 01 दिसम्बर 2024 ■ वर्ष -17 ■ अंक-152 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य- ₹03

### सुविचार

कर्म से कोई नहीं बच सकता। कर्म तो करना ही है तब ही आप अच्छे फल की आशा कर सकते हो।

## विदेश यात्रा से लौटकर बिना विश्राम अंतराल के सीधे प्रेस वार्ता करने पहुंचे सीएम डॉ मोहन यादव

**त्वरित टिप्पणी**
**अभिषेक शर्मा**

- वार्ता में मौजूद रहे विदेश यात्रा में साथ रहे प्रशासनिक अधिकारी
- पत्रकारों के जवाब देने में उत्सुक दिखे सीएम मोहन यादव
- सुनाया यात्रा वृत्तांत और साझा किये अनुभव

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत, अर्थव्यवस्था में इंग्लैंड को पीछे छोड़कर पांचवें नंबर पर आ गया है , वो छठवें नंबर पर पहुंच गया है। अब दूसरा जर्मनी हमसे आगे है, अब हम जर्मनी को पीछे कर आगे होंगे। हम किसी का मान मर्दन करने की बात नहीं कर रहे है। हम दोनों देशों के रिसोर्स का उपयोग करते हुए विश्वकल्याण की भावना के साथ उन्नति करना चाहते है। यह बात प्रेस वार्ता में सीएम डॉ मोहन यादव ने भोपाल में कहीं। पहली बार छह दिवसीय विदेश यात्रा से स्वदेश वापस आये डॉ मोहन यादव का पहला स्वागत दिल्ली के मध्यप्रदेश भवन में किया गया इसके तुरंत बाद दिल्ली से भोपाल सीधे स्टेट हेंगर पर जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करते हुए भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पर प्रेस वार्ता में अपनी सफल विदेश यात्रा का वृतांत प्रस्तुत किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा मध्य प्रदेश अब टेक्नोलॉजी और उद्योग में नंबर 1 बनने जा रहा है कुल 78 हज़ार से ज्यादा का निवेश प्रस्ताव मिल चुके है और अब जर्मनी में मध्यप्रदेश के 5 वी पास युवाओं को भी जर्मन भाषा सीखाकर विदेश में नौकरी के अवसर मिल सकेंगे इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल जर्मनी इन एमपी खोला जा रहा है। 6 दिन लगातार विदेश यात्रा की थकान के बाद भी सीएम मोहन यादव ने पत्रकारों को अपनी सकारात्मक मुस्कान देते हुए सभी सवालों के जवाब दिए और साथ में स्वल्पाहार भी किया।

### सत्ता और संगठन का दिखा तालमेल

डॉ मोहन यादव के विदेश यात्रा के बाद पहली बार प्रेस कांफ्रेंस में सीएम ने खुलकर सभी पत्रकारों की विदेश यात्रा को लेकर संभावनाओं पर जवाब दिए जिसमे भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल के समन्वय से प्रेस वार्ता में सभी को खुलकर सवाल करने का मौका मिला। ये पहली बार है जब किसी सीएम ने विदेश यात्रा से आते ही तुरंत बिना विश्राम अंतराल के प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया है, जिसमें मंत्रीगण और स्थानीय विधायक और प्रमुख मीडियाकर्मी मौजूद रहे।

### यूके-जर्मनी की यात्रा से लौटे सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा-

# जबरदस्त रही यात्रा...मप्र में निवेश के लिए मिला भरपूर रिस्पांस

## 78 हजार करोड़ के मिले प्रस्ताव, हर क्षेत्र में होगा विकास

- दुग्ध उत्पादन से लेकर आईटी सेक्टर को आगे बढ़ाना है
- हर पल का उपयोग प्रदेश की बेहतरी के लिए किया



**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने यूके और जर्मनी में निवेशकों और भागीदारों से जबरदस्त उत्साह मिलने पर संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वह राज्य में सतत विकास और युवाओं को रोजगार देने के लिए तत्पर हैं। आर्थिक ताकत, तकनीकी क्षमताओं और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ाने वाले मप्र की कल्पना करते हैं। सीएम ने कहा कि, लंदन और जर्मनी की यात्रा के दौरान संतोष जनक निवेश आया है। सीएम डॉ. यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि, जर्मनी से 18 हजार करोड़ के निवास के प्रस्ताव मिले हैं और यूके से 60 हजार करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। सीएम ने कहा कि, संभाग के अंदर रीजनल इन्वेस्टर समिट हो रही है। 7 तारीख को नर्मदापुरम में इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि, हमें दुग्ध उत्पादन से लेकर आईटी सेक्टर को आगे बढ़ाना है। विदेश में हमने हर क्षेत्र के निवेश के लिए काम किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को अपनी 6 दिवसीय लंदन और जर्मनी की यात्रा से भोपाल लौटे। विदेश यात्रा से लौटने पर सीएम हाउस में पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि अभी की मेरी यूके और जर्मनी की यात्रा को मैं 2014 से जोड़ रहा। 2014 से पहले आर्थिक व्यवस्था में भारत का नंबर 11वां था, लेकिन 2014 में मोदी जी ने इंग्लैंड को पीछे कर दिया। इसके बाद हम 5वें नंबर पर आ गए और इंग्लैंड 6वें नंबर पर आ गया। लेकिन हमे यही नहीं रुकना है हमे कोशिश करते रहनी है और अब तीसरे स्थान पर पहुंचा है।

डॉ. मोहन यादव ने कहा, केवल संभाग ही नहीं एक एक जिले की प्रगति का हमने संकल्प लिया है और हमारी सरकार इसी हिसाब से काम कर रही है, जब सब तरक्की करेंगे तभी प्रदेश तरक्की करेगा, उन्होंने बताया कि इस दौरे में हमने एक एक मिनट का उपयोग प्रदेश की बेहतरी के लिए किया है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की प्रगति के लिए जो प्लान हमने बनाया था हमको उसका रिस्पोंस भी वहां से वैसा ही मिला, मुझे बहुत प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा कि मप्र में योग्यता, क्षमता, प्राकृतिक संसाधन किसी की कोई कमी नहीं है, और इस भरोसे पर दुनिया में रोजगार के जहाँ भी अवसर मिलेंगे वहां मध्य प्रदेश सबसे पहले खड़ा दिखाई देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक रूप से संपन्न बनकर ही हम मध्य प्रदेश का भला कर सकते हैं, हम अपने युवाओं की इच्छाओं को पंख देकर उन्हें उड़ान भरने का अवसर दे सकते हैं, उन्होंने कहा हमने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में माध्यम से संभाग स्तर पर रोजगार के अवसर जुटाए हैं।

### प्रदेश के शिक्षित युवाओं को जॉब देने की पेशकश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि दोनों देशों की यात्रा के नतीजे बेहद सकारात्मक रहे। यात्रा उपलब्धियों से भरी रही। अगले साल भोपाल में होने वाले ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए ये दौरा काफी अहम रहा। सीएम मोहन यादव ने बताया कि यूके में उद्योग जगत के प्रमुख हस्तियों ने मध्य प्रदेश प्रवासियों के साथ जुड़ने पर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने राज्य के शिक्षित और कुशल युवाओं को क्वालिटी एजुकेशन और जॉब देने की पेशकश की। साथ ही आर्थिक समृद्धि में योगदान करने के लिए राज्य के विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया।

### हम किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से विकसित मप्र के लिए यूके और जर्मनी का निवेश संबंधी मेरा प्रवास सफल रहा। दोनों देश के उद्यमी पूंजी निवेश के साथ तकनीक के क्षेत्र में भी मध्य प्रदेश में आने को लेकर उत्साहित हैं। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि मप्र में क्षमता, योग्यता, प्राकृतिक संसाधन और सभी प्रकार की व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। हम किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

**दिल्ली मप्र भवन में सीएम का स्वागत, बोले- पीएम के नेतृत्व में ताकत हुई दोगुनी**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जर्मनी यात्रा से वापस लौट आए हैं। दिल्ली में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने सभी का आभार जताया, साथ ही कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हम कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहे हैं। इससे पहले सीएम यादव ने जर्मनी ने कहा कि मध्यप्रदेश स्किल्ड मैनेजमेंट और प्राकृतिक संसाधनों से सम्पन्न है। लैप समूह की मध्यप्रदेश में एक दशक से ज्यादा की उपस्थिति यह दर्शाती है कि प्रदेश की पहुंच देश ही नहीं दक्षिण एशिया के बाजारों तक है। समूह ने बैंगलुरु के बाद मध्यप्रदेश को अपना बेस बनाकर 100 करोड़ से अधिक का निवेश किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जर्मन निवेशकों को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के साथ ही मध्यप्रदेश में भी निवेश की संभावनाओं का विस्तार हुआ है। उनके विजनरी नेतृत्व में हमारी ताकत दोगुना हो जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जर्मनी यात्रा के दौरान शुक्रवार को स्टटगार्ट में लैप (LAPP) ग्रुप के सीईओ मैथियास लैप और उनकी टीम के साथ फैक्ट्री का दौरा किया। उन्होंने विभिन्न उद्योग समूहों के प्रबंधन को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया, जिनमें निवेशकों के लिए भरपूर संभावनाएं मौजूद हैं। सीएम यादव ने निवेशकों को भोपाल में प्रस्तावित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश से उद्योग के लिए नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। लैप (LAPP) ग्रुप औद्योगिक केबलिंग और कनेक्टिविटी समाधान में अग्रणी कंपनी है। इसकी स्थापना वर्ष 1959 में हुई थी। यहां अत्याधुनिक अनुसंधान केंद्र हैं जो औद्योगिक केबलिंग और कनेक्टिविटी संबंधी उत्पादों का निर्माण करती है।

### ब्रीफ न्यूज

#### मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के निशाने पर चंद्रचूड़

**नई दिल्ली।** संबल और अजमेर शरीफ पर निचली अदालतों के फैसलों ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को निशाने पर ला दिया है। उन पर आरोप लगाया जा रहा है कि उनके फैसले ने देश में धार्मिक स्थलों के सर्वेक्षणों और याचिकाओं के लिए दरवाजे खोल दिए। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और समाजवादी पार्टी के सांसदों ने 2023 में चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर के सर्वे की अनुमति देने वाले फैसले को गलत बताया है।

#### बांग्लादेश में नरसंहार रोकने कदम उठाए यूनुस सरकार : कर्ण सिंह

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता कर्ण सिंह ने बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों और नेताओं पर हाल में हुए हमलों की शनिवार को निंदा की और मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार से नरसंहार को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने तथा हिंदू समुदाय को उनकी सुरक्षा का भरोसा दिलाने का आग्रह किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अहमदिया समुदाय और गिरजाघरों के साथ भी यही हुआ है और ये घटनाएं बेहद निंदनीय हैं।

#### सिक्किम में बस दुर्घटनाग्रस्त, 5 की मौत 15 यात्री घायल हुए

**गैंगटॉक।** सिक्किम के पाक्योंग जिले में अटल सेतु पुल के पास एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 15 घायल हो गए। यह घटना दोपहर के तीन बजे की है, जब सिलीगुड़ी से गंगटोक जा रही बस एनएच-10 से उतर गई और तीस्ता नदी के तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मृतकों और घायलों की पहचान की जा रही है। मृतकों में महिला भी शामिल है। घायलों को इलाज के लिए रंगपो के एक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना है, क्योंकि घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर है।

### बीजेपी नेता ने दिए संकेत, देवेंद्र फडणवीस के नाम पर लग सकती है मुहर

# महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 5 नवंबर को, पीएम मोदी होंगे शामिल

**एजेंसी ■ मुंबई**

एक सप्ताह के लंबे इंतजार के बाद महाराष्ट्र में महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तारीख का एलान हो गया। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह पांच दिसंबर को शाम पांच बजे आजाद मैदान मुंबई में होगा। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। हालांकि अभी महायुति ने मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा नहीं की है।

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री के चेहरे को लगातार संशय बना हुआ है। एमवीए और महायुति में वार-पलटवार भी जारी है। मगर यह साफ नहीं हो पा रहा आखिरकार यह गद्दी मिलेगी किसे। मगर, भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने शनिवार को संकेत दिया है कि देवेंद्र फडणवीस के नाम पर मुहर लग सकती है। उनका कहना है कि महाराष्ट्र में पांच दिसंबर को महायुति गठबंधन की नई सरकार बनेगी और देवेंद्र फडणवीस अगले मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के गठबंधन महायुति ने 288 में से 230 सीट जीतकर सत्ता बरकरार रखी। भाजपा 132 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी



बनकर उभरी जबकि शिवसेना ने 57 और एनसीपी ने 41 सीट जीतीं। हालांकि, 23 नवंबर को चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद भी इस बात पर कोई फैसला नहीं हुआ है कि मुख्यमंत्री कौन होगा।

शिंदे, फडणवीस और पवार ने महाराष्ट्र में अगली सरकार बनाने को लेकर समझौते पर बातचीत करने के लिए गुरुवार देर रात भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सतारा जिले में अपने पैतृक गांव के लिए रवाना होने के बाद शुक्रवार को होने वाली महायुति की महत्वपूर्ण बैठक स्थगित कर दी गई, जो अब यह संभवतः रविवार को होगी। भाजपा नेता ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा कि नई सरकार का शपथ ग्रहण 5 दिसंबर को होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता फडणवीस मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। हालांकि, अब तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है कि भाजपा विधायक दल अपना नया नेता चुनने के लिए बैठक कब करेगा। शिंदे ने साफ कर दिया है कि वह अगले मुख्यमंत्री के संबंध में भाजपा नेतृत्व के निर्णय का पूरा समर्थन करेंगे और इस प्रक्रिया में बाधा नहीं बनेंगे। वहीं अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने मुख्यमंत्री पद के लिए फडणवीस का समर्थन किया है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे आए हुए 8 दिन हो चुके हैं, लेकिन अब तक मुख्यमंत्री कौन बनेगा इस लेकर महायुति में फैसला नहीं हुआ है। इस अनिर्णय की स्थिति ने विपक्षी गठबंधन, महा विकास अघाड़ी के नेताओं को महायुति पर निशाना साधा है। शरद पवार ने आरोप लगाया कि इस बार महाराष्ट्र चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग और पैसे का इस्तेमाल बखूबी हुआ है। इसके चलते लोगों में बेचैनी बढ़ गई है।

#### शिंदे की तबीयत बिगड़ी आराम की सलाह

महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे की अपने गांव में अचानक तबीयत बिगड़ गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुंबई से डॉक्टरों की टीम उनके गृह जिले सतारा स्थित गांव पहुंच। बताया जा रहा है कि उनको थकान के चलते बुखार की समस्या हुई है। मुंबई से गांव पहुंची डॉक्टरों की टीम ने उनकी जांच की है और आराम करने की सलाह दी है।

### ईवीएम विवाद पर भाजपा की कांग्रेस को चुनौती

## अगर भरोसा नहीं तो इस्तीफा दें राहुल और प्रियंका



**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

विधानसभा चुनावों के बाद ईवीएम पर फिर से विवाद शुरू हो गया है। भाजपा ने ईवीएम की सत्यता पर सवाल उठाने के लिए कांग्रेस पर हमला बोला है। कांग्रेस पर तंज कसते हुए भाजपा की तरफ से कहा गया है कि अगर उन्हें ईवीएम पर भरोसा नहीं है तो राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा समेत कांग्रेस के सभी लोगों को इस्तीफा दे देना चाहिए और घोषणा करनी चाहिए की जब तक बैलेट पेपर से चुनाव होना शुरू नहीं हो जाते वह चुनाव नहीं लड़ेंगे।

भाजपा की तरफ से की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि अगर कांग्रेस नेताओं को पूर्ण विश्वास है तो वह ऐसा करने में जरा भी नहीं हिचकिचाएंगे। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए भाटिया ने कहा कि कांग्रेस द्वारा ईवीएम पर लगाए जा रहे आरोप केवल और केवल झूटी कहानी है, कोरे शब्द हैं। इसमें कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कांग्रेस से इस मुद्दे पर अदालत में जाने के लिए कहा। भाटिया ने कहा कि बिना किसी सबूत के ईवीएम पर दोष देना आसान है। अगर आपको इतना भरोसा है तो जाइए, इस मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट चले जाइए।


ईवीएम को लेकर सुप्रीम कोर्ट की बात करते हुए भाटिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट भी कई बार चुनावों को लेकर ईवीएम और चुनाव आयोग की क्लीनचिट दे चुका है लेकिन इसके बाद भी कांग्रेस अपने झूठ से बाहर नहीं निकल पा रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि अगर कांग्रेस को ईवीएम और चुनावी प्रक्रिया पर भरोसा नहीं है तो राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस के सभी मुख्यमंत्रियों को इस्तीफा दे देना

### प्रशिक्षण | दो भारतीय गगनयात्रियों ने प्रशिक्षण का शुरुआती चरण किया पूरा

# इसरो ने कहा-भारत का मिशन गगनयान अपनी रफ्तार से चल रहा

**एजेंसी ■ बेंगलुरु**

भारत का मिशन गगनयान अपनी रफ्तार से चल रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के 'एक्सिओम-4 मिशन' के लिए चुने गए दो भारतीय गगनयात्रियों ने प्रशिक्षण का प्रारंभिक चरण पूरा कर लिया है। इसरो ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर इसरो एवं अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के संयुक्त प्रयास को पूरा करने के लक्ष्य की दिशा में 'एक्सिओम मिशन 4' के लिए चुने गए दो गगनयात्रियों जिसमें प्राइम-ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और बैकअप-ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर ने अगस्त




2024 के पहले सप्ताह से अमेरिका में अपना प्रशिक्षण शुरू किया था। इसने कहा कि गगनयात्रियों ने प्रशिक्षण का प्रारंभिक चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि प्रशिक्षण के इस चरण में गगनयात्रियों ने मिशन से संबंधित जमीन पर मौजूद सुविधा केंद्रों का भ्रमण, मिशन के प्रक्षेपण चरणों का प्रारंभिक अवलोकन, स्पेसएक्स सूट की फिटिंग जांच और अंतरिक्ष भोजन विकल्पों का चयन करने समेत प्रारंभिक प्रशिक्षण से जुड़ी गतिविधियों को पूरा कर लिया है। इसके अलावा, प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न सत्रों में गगनयात्रियों को 'स्पेसएक्स ड्रैगन' अंतरिक्ष यान और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की विभिन्न प्रणालियों से अवगत कराया गया। उन्हें अंतरिक्ष से फोटोग्राफी, दैनिक परिचालन दिनचर्या और संचार प्रोटोकॉल के बारे में बताया गया।

अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि इस चरण में अंतरिक्ष में चिकित्सकीय आपात स्थितियों समेत विभिन्न प्रकार की आपात स्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। इससे आगे का प्रशिक्षण मुख्य रूप से अंतरिक्ष स्टेशन के अमेरिकी कक्षीय खंड के शेष मॉड्यूल पर केंद्रित होगा। इसके अलावा मिशन के दौरान सूक्ष्मगुरुत्व वातावरण में वैज्ञानिक अनुसंधान प्रयोगों के संचालन के लिए प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

#### पूर्व सीएम केजरीवाल पर फिर हमले की कोशिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर एकबार फिर हमले की कोशिश की गई है। घटना दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में पदयात्रा के दौरान हुई। बताया जाता है कि एक शख्स ने अरविंद केजरीवाल पर तरल पदार्थ फेंकने की कोशिश की। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। केजरीवाल पर हुए इस हमले के बारे में दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा नेता सभी राज्यों में रैलियां करते हैं, उन पर कभी हमला नहीं होता है।

## ब्रीफ न्यूज

### मप्र पुलिस अब राष्ट्रपति व राज्यपाल को ही देगी सलामी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने सभी पुलिस इकाइयों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि पुलिस कर्मियों द्वारा उच्च अधिकारियों को दी जाने वाली सलामी प्रथा को समाप्त किया जाए। यह निर्देश राज्य शासन के 2007 के आदेश का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जारी किया गया है। 17 अगस्त 2007 को जारी आदेश के अनुसार, केवल राज्यपाल और राष्ट्रपति को ही सलामी देने की अनुमति दी गई थी। अन्य सभी प्रकार की सलामी समाप्त कर दी गई थी। लेकिन हाल के निरीक्षण में पाया गया कि यह प्रथा अभी भी चल रही है, जिससे विभागीय अनुशासन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। 2007 के आदेश में मुख्यमंत्री, मंत्री व पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों को सलामी देने की प्रथा खत्म की जा चुकी है।

### अब मप्र में बनेंगी गगन चुंबी इमारतें

**भोपाल।** देश के दिल मध्य प्रदेश में अब गगनचुंबी इमारतें खड़ी हो सकेंगी। सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर इसका रास्ता साफ कर दिया है। कॉर्शियल कॉम्प्लेक्स का फलोर रेशो एरिया 2.5 से बढ़ाकर 7 करने का गजट नोटिफिकेशन जारी हुआ है। यह अमल में आते ही प्रदेश में दिल्ली-मुंबई की तर्ज पर ऊंचे-ऊंचे कॉमर्शिलय कॉम्प्लेक्स खड़े हो सकेंगे। दावे आपत्तियों के लिए 15 दिन की समय-सीमा तय की गई है। बताया जा रहा है कि यह प्रीमियम एफएआर होगा। जिसे खरीदने की दरें राज्य सरकार तय करेगी।

### आम लोगों की राय से तैयार होगा 2025 का बजट

**भोपाल।** राज्य की मोहन सरकार 2025-26 की बजट तैयारी में जुट गई है। सरकार ने बजट के लिए आम जनता से 15 जनवरी तक ऑनलाइन सुझाव मांगे है। सरकार की ओर से सुझाव एवं मार्गदर्शन मांगे गए हैं। यह सुझाव 15 जनवरी 2025 तक लिए जाएंगे। सुझावों के साथ आम नागरिक अपना नाम, शहर, जिला, पिनकोड एवं मोबाइल नंर भी अंकित करना होगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की तैयारियां शुरू हैं। बजट में आमजन के सुझाव लेने का कार्य पिछले कई सालों से बीजेपी की सरकार कर रही है। इसी तारतम्य में प्रदेश के आम नागरिक से राज्य के बजट को प्रभावी बनाने के लिए सुझाव देने को कहा है। जनता क्या चाहती हैं, योजनाओं में सुधार, बदलाव की जरूरत है तो अपना फीडबैक सीधे राज्य तक पहुंचा सकते हैं।

### वन भवन के बेचे गए तीन फ्लोर फिर किए जाएंगे वापस

**भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वन विभाग से जुड़े एक मामले में पुराने सीएस इक़बाल सिंह बैंस के द्वारा लिए गए फैसले को बदल दिया है। मप्र वन मुख्यालय भवन के एक ब्लॉक के बेचे गए तीन फ्लोर फिर से वन विभाग को वापस किए जाएंगे। इन फ्लोर खरीदने वाले विभागों को शासन की ओर से राशि वापस लौटाने के लिए वित्त विभाग ने अपनी सहमति दे दी है। पिछले साल शासन ने करीब 59 करोड़ रुपए में यह तीनों फ्लोर तीन अलग-अलग सरकारी निकायों को नीलामी के जरिए बेच दिए थे।

### उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने के दिए निर्देश

# संजय गांधी हॉस्पिटल में इमरजेंसी मेडिसीन कैम्पस बनाएंः डिप्टी सीएम शुक्ल

सत्ता सुधार ■ भोपाल

डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। डिप्टी सीएम ने शुक्ल कहा कि संजय गांधी हास्टिपटल रीवा में भोपाल के हमीदिया हास्पिटल की तरह इमरजेंसी मेडिसीन कैम्पस बनायें जिसमें रोगियों को सभी आवश्यक सुविधाएं और उपचार सुविधा उपलब्ध हो सके। जिले में इस वर्ष कई निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए गए हैं। इनमें चिन्हित गंभीर रोगियों के उपचार का मेडिकल कालेज और संजय गांधी हास्पिटल की टीम लगातार फालोअप करे प्रत्येक रोगी को समुचित उपचार की सुविधा दें।

इन शिविरों के माध्यम से हजारों रोगियों को लाभांवित किया गया था। डिप्टी सीएम ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल ने बहुत कम समय में गंभीर रोगियों के उपचार में अपना नाम स्थापित कर लिया है। हृदय रोगियों के उपचार के लिए यहां शीघ्र ही नई लीनेक मशीन उपलब्ध करायी जा रही है। इस अस्पताल के 400 विस्तर में विस्तार किये जा रहे निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करायें। कैंसर के उपचार के लिए भी आधुनिक मशीन मगायी जा रही है। कैंसर यूनिट का निर्माण कार्य पूरा होते ही नवीन मशीन स्थापित कर दी जाएगी।

डॉक्टरों तथा चिकित्सा कर्मियों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए प्रक्रिया जारी है। भर्ती प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तक विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता हो जाएगी। डिप्टी सीएम शुक्ल ने जिला चिकित्सालय के नवीन ओपीडी भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में संचालक चिकित्सा सेवा डॉ. अरूण श्रीवास्तव, मेडिकल कालेज के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल, संजय गांधी हास्पिटल के अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा एवं अन्य चिकित्सा अधिकारी मौजूद थे।




### स्पेशल डीजी पंकज श्रीवास्तव को किया जाएगा प्रमोट

# कैलाश मकवाना ने लिया डीजीपी का चार्ज, सुधीर सक्सेना की हुई विदाई

### मकवाना ने मैनिट से बीई और आईआईटी से किया एमटेक





सत्ता सुधार ■ भोपाल

प्रदेश के नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना लगातार तीसरे ऐसे डीजीपी होंगे जो इंजीनियर हैं। इसके पहले सुधीर कुमार सक्सेना और विवेक जौहरी भी इंजीनियर थे। सुधीर सक्सेना शनिवार 30 नवंबर को सेवानिवृत हो गए। उनकी जगह कैलाश मकवाना इस पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। मकवाना के डीजीपी बनने पर स्पेशल डीजी का एक पद रिक्त होगा। उसकी जगह एडीजी स्पेशल टास्क फोर्स पंकज श्रीवास्तव स्पेशल डीजी बनेंगे। आईपीएस अधिकारियों की वर्तमान ग्रेडिंग लिस्ट देखें तो सुधीर सक्सेना के बाद शीर्ष 10 अधिकारियों में छह इंजीनियर हैं। मकवाना ने मैनिट (पूर्व में एमएसीटी) से बीई किया है। इसके साथ ही आईआईटी से एमटेक हैं। अगले माह स्पेशल डीजी और एडीजी के स्तर पर कई अधिकारी इधर से उधर भी हो सकते हैं। मकवाना के पुलिस महानिदेशक बनने के बाद पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन का अध्यक्ष पद रिक्त हो जाएगा। यहां पर किसी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी की पदस्थापना की जा सकती है। इसके लिए ईओडब्ल्यू के डीजी अजय शर्मा के नाम की भी चर्चा है। यहां पहले से ही एक स्पेशल डीजी उपेंद्र जैन एमडी के पद पर हैं। एडीजी अजाक रहे राजेश गुप्ता के सेवानिवृत होने के बाद इस शाखा का प्रभार स्पेशल डीजी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव को दिया गया है। इसी तरह से पुलिस प्रशिक्षण अनुसंधान संस्थान (पीटीआरआइ) का अतिरिक्त प्रभार एडीजी चयन संजीव शमी के पास है। दोनों जगह किसी एडीजी को पदस्थ किया जाएगा। ईओडब्ल्यू का डीजी बनने के लिए एक स्पेशल डीजी लंबे समय से प्रयास में हैं। इसी तरह से योगेश देशमुख के एडीजी गुप्तवार्ता बनने के बाद साइबर का उनके पास अतिरिक्त प्रभार है। जिस तरह से साइबर अपराध बढ़ रहे हैं, इस दृष्टि से यहां भी किसी को पदस्थ किया जाएगा।

### प्रमुख सचिव राजन बने एसीएस

शासन के प्रमुख सचिव अनुपम राजन अब अपर मुख्य सचिव (एससएसी) के पद पर पदोन्नत किए गए हैं। अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव के 30 नवंबर को सेवानिवृत्त होने से रिक्त हुए पद पर अनुपम राजन को पदोन्नति मिली है। सामान्य प्रशासन विभाग ने शनिवार को पदोन्नति आदेश जारी कर दिया। उच्च शिक्षा के प्रमुख सचिव अनुपम राजन के पास उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग का अतिरिक्त प्रभार है।


### पुलिस महानिदेशक सक्सेना ने शहीद स्मारक पर की पुष्पांजलि अर्पित

पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई परेड का आयोजन मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम भोपाल में किया गया। परेड से पहले पुलिस महानिदेशक सक्सेना ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में सुधीर सक्सेना ने कहा कि एक अत्यंत भव्य परेड का आज आपने प्रदर्शन किया है। इसके लिये मैं आप सभी को बहुत बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम मैं मध्यप्रदेश पुलिस शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए हृदय की गहराईयों से उनका स्मरण करता हूं। इन शहीदों के आत्मदान की नींव पर ही मध्यप्रदेश पुलिस की गौरवशाली इमारत खड़ी हुई है। समस्त शहीदों और उनके महान परिजनों के बलिदान के प्रति मैं अपना विनम्र अभिवादन प्रस्तुत करता हूं।

### एनीमिया और हिडन हंगर पर नीति संवाद, मप्र की अलग रणनीति

# एनीमिया को दूर करने के लिए विभागों के बीच होगा समन्वय

सत्ता सुधार ■ भोपाल



नीति आयोग की कार्यशाला में विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि मध्यप्रदेश के लिये एनीमिया को समग्र रूप से दूर करने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। मध्यप्रदेश में एनीमिया और हिडन हंगर की स्थिति पर राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) से जानकारी साझा की गई। नीति आयोग द्वारा एनीमिया और हिडन हंगर पर विशेषज्ञों ने गत दिवस को होटल पलाश में गहन संवाद किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के संदर्भ में व्यापक चर्चा की गई।

आयुक्त खाद्य, सिवि चक्रवर्ती ने राज्य के फोर्टिफाइड चावल कार्यक्रम और एनीमिया से जुड़े महिला कार्यबल की कम भागीदारी को एक बड़ी चुनौती के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने कार्यबल पर एनीमिया के प्रभाव का आंकलन करने और डेटा का उपयोग करके प्रभावी रणनीतियां तैयार करने का सुझाव दिया। संयुक्त नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन माया अवस्थी ने हिडन हंगर और राज्य में फोर्टिफिकेशन प्रयासों, विशेष रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से डबल-फोर्टिफाइड नमक के वितरण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने एनीमिया को समाप्त करने के लिए विभागों के बीच समन्वय के महत्व को रेखांकित किया। एफएसएसएआई के डॉ. अमित शर्मा ने सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को दूर करने वाले नियामक ढांचे पर चर्चा की, जिसमें खाद्य सुरक्षा और फोर्टिफिकेशन मानकों के लिए अधिदेश पर ध्यान केंद्रित किया गया। मुदित कपूर ने मध्यप्रदेश में घरेलू आहार प्रवृत्तियों पर डेटा प्रस्तुत किया, जिसमें क्षेत्रीय विविधताओं, आहार विविधता में सुधार और अनाज की खपत में गिरावट को रेखांकित किया गया। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में बेहतर गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों की ओर बदलाव की जानकारी दी। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन की सुश्री रुचिका चुघ सचदेवा ने कुपोषण को दूर करने के लिए वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया और फोलिक एसिड फोर्टिफिकेशन और आहार विविधता रणनीतियों पर जोर दिया। साथ ही न्यूट्रिशन इंटरनेशनल की सुश्री साक्षी जैन और फोर्टिफाई हेल्थ की डॉ. जोशिता लांबा ने राज्य में क्षमता निर्माण, तकनीकी सहायता और जन-जागरूकता अभियानों पर प्रकाश डाला। डॉ. अभिजीत पी. पाखरे और अमिता सिंह ने खाद्य फोर्टिफिकेशन कार्यक्रमों के त्वरित और साक्ष्य-आधारित कार्यान्वयन की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने एनीमिया उन्मूलन के लिए डेटा उत्पन्न करने और नीतियों को मजबूत करने पर जोर दिया।

# एफआईआर से निर्दोषों के नाम नहीं हटाया तो सड़कों पर उतरेगी कांग्रेस

### विधायक मारपीट मामलाः प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दी चेतावनी

**भोपाल।** उज्जैन के महिदपुर में बीजेपी के पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान के साथ हुई मारपीट मामले में नया मोड़ आ गया है। इस मामले में कांग्रेस के पदाधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी उज्जैन पहुंचे। जहां उन्होंने एसपी से मिलकर इस कार्रवाई को द्वेषता पूर्ण बताया और पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच करते हुए 24 घंटे



में निर्दोषों के नाम एफआईआर से हटाने की मांग की है। लेकिन साथ ही उन्होंने यह चेतावनी भी दी है कि अगर 24 घंटे में यह नाम नहीं हटाए जाते हैं तो फिर प्रदेश भर की कांग्रेस उज्जैन की सड़कों पर दिखाई देगी।

# प्रदेश में खोले जाएंगे सात नए वन स्टॉप सेंटरः भूरिया

### केंद्र से मिली मंजूरी, अब इन सेंटरों की संख्या 64 हो जाएगी

सत्ता सुधार ■ भोपाल

महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने बताया कि प्रदेश में सात नए वन स्टॉप सेंटर जल्द खोले जाएंगे । केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा इसके लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर झाबुआ जिले के पेटलावाद, इंदौर के रसूलिया, धार के पीथमपुर और मनावर सहित नए जिले पांढुर्ना, मऊगंज और मैहर में खोले जाएंगे। मंत्री भूरिया ने कहा कि इन जिलों में वन स्टॉप सेंटर खुलने से पीड़ित महिलाएं उनके साथ हुए अत्याचार अथवा घरेलू हिंसा के बारे में बता पाएंगी और व्यवस्था



अनुसार अपने जीवन को एक नई दिशा दे सकेंगी। उन्होंने कहा कि यहां पर हिंसा से प्रभावित महिलाओं को तत्काल आपातकालीन प्रतिक्रिया और बचाव सेवाएं, चिकित्सा सहायता, प्राथमिकी दर्ज करने में महिलाओं की सहायता, मनोवैज्ञानिक या परामर्श सहायता, कानूनी सहायता, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा के साथ-साथ मुफ्त पुलिस और अदालती कार्यवाही के दौरान सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही इन केंद्रों पर सभी तरह की हिंसा से पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं को अस्थाई रूप से रहने की सुविधा दी जाती है। मंत्री भूरिया के अथक प्रयासों से झाबुआ के पेटलावद में नवीन वन स्टॉप सेंटर खुलने से इस क्षेत्र की महिलाओं को किसी भी प्रकार की हिंसा के पश्चात न्याय पाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। प्रदेश में अब तक 57 ओएससी सेंटर्स संचालित किये जा रहे थे। इन सात नये वन स्टॉप सेंटर की स्वीकृति मिलने से अब इनकी संख्या 64 हो जाएगी।

**योजना** आईआईएम मुंबई की रिपोर्ट का आंकलन, रिसर्च का खर्च 18 फीसदी तक कम

# किसी भी अनुसंधान की सफलता तथ्यों और आकड़ों के आधार पर होती हैः तिवारी

सत्ता सुधार ■ मुंबई

आईआईएम मुंबई के आंकलन के अनुसार भारत में वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन ओएनओएस योजना के लागू होने से अनुसंधान का खर्च अठारह फीसदी तक कम हो जाएगा क्योंकि इस योजना के तहत छात्रों को 13 हजार से ज्यादा रिसर्च पेपर्स की पहुंच एक क्लिक पर ही उपलब्ध हो जाएगी। आईआईएम मुंबई के डायरेक्टर प्रो मनोज कुमार तिवारी के अनुसार किसी भी अनुसंधान की सफलता उसके तथ्यों और एकत्र आकड़ों के आधार पर होती हैं। इस आधार को मजबूती देने में शोधकर्ता की तकनीकी विशेषज्ञता के अलावा ऐसे कई कारक हैं जो अनुसंधान के बुनियादी ढांचों को मजबूती देते हैं।

इन सभी कारकों में शोधकर्ताओं के समय, उपकरण और उपभोग्य सामग्रियों की लागत और अनुसंधान सहायता सेवाओं की लागत भी शामिल होती है। अनुसंधान परियोजनाओं में निधि की कमी शोधकर्ताओं के लिए कई चुनौतियां पैदा करती हैं। अपने शोध एवं अनुसन्धान की वैधता एवं विश्वसनीयता को मजबूती देने के लिए सभी संस्थाएं अब तक पृथक-पृथक तौर पर कई अंतर्राष्ट्रीयशोध पत्रिकाओं आदि की सदस्यता लेते रहे हैं। ऐसी सदस्यता उच्च शिक्षा संस्थानों के आवंटित बजट पर पुरजोर दबाव डालती हैं जिनके अभाव में न केवल शोध अपितु शिक्षा की गुणवत्ता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता हैं। ऐसे ही कुछ समस्याओं को विचार में रखते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शोधकर्ताओं को अनुसंधान सहायता सेवा देने के लिए ठोस कदम उठाया हैं जिसके तहत एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना, एक राष्ट्र, एक सदस्यता को मंजूरी दे दी गई है। अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन को बल प्रदान करने की दिशा में निश्चित ही ये एक सराहनीय कदम है। इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए अगले तीन कैलेंडर वर्षों (2025-2027) के लिए करीब छह हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं जिससे यह अनुसंधान सहायता सेवा सरकारी संस्थानों में सभी छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए शोध कार्य एवं उनके प्रकाशन को आसान बनायेगी। ऐसे में 'एक राष्ट्र, एक सदस्यता' योजना छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए वरदान साबित होगी। इस योजना के



चलते सरकारी विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा जिससे कई शिक्षण संस्थानों को अब महंगी अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं को खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी। इस योजना के चलते 6,300 से अधिक संस्थान एवं उनमें कार्यरत 1.8 करोड़ छात्र, शिक्षक और शोधकर्ता संभावित रूप से ओ एन ओ एस से 13,000 से अधिक ई-जर्नल का लाभ केंद्रीकृत डिजिटल पहुंच (इनफ्लिबनेट) के माध्यम से उठा पाएंगे। जनवरी 2005 से यह योजना प्रारम्भ की जाएगी। एक राष्ट्र, एक सदस्यता योजना के पहले चरण में 30 सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों और उनके द्वारा प्रकाशित लगभग 13,000 पत्रिकाओं को शामिल किया गया है। भविष्य में अभी के तथा अन्य और प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाएं भी इस योजना के अंतर्गत शामिल करने की योजना है। तिवारी के मुताबिक भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई के पास इस समय इन 30 विश्व प्रसिद्ध प्रकाशकों में से 6 प्रकाशकों की सदस्यता हैं जिसके माध्यम से भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई में छात्र, शिक्षक एवं शोधकर्ता लगभग 2879 अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्ध जर्नल्स और 30000 से अधिक कांफ्रेंस प्रोसीडिंग्स का प्रयोग करते हैं। इसके अतिरिक्त ई- शोध सिंधु के माध्यम से 4 अधिक प्रकाशकों के प्रकाशन भी उपलब्ध हैं जिससे कुल मिलकर लगभग 4935 जर्नल्स यहां के छात्र, शिक्षक एवं शोधकर्ता प्रयोग करते हैं। एक राष्ट्र, एक सदस्यता के पश्चात भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई के छात्र, शिक्षक एवं शोधकर्ता 30 प्रकाशकों के लगभग 13,000 जर्नल्स प्रयोग में ला सकेंगे। इस सुविधा से न केवल लगभग 38 फीसदी प्रकाशनों में वृद्धि होगी अपितु संस्थान में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। अभी के परिपेक्ष में संस्थान के आवंटित पुस्तकालय बजट में लगभग 18 फीसदी खर्चों में कमी आएगी जिन्हें छात्र, शिक्षकों एवं संस्थान के अन्य विकास कार्यक्रमों या बेहतर अनुसंधान परियोजनाओं में लगाया जा सकेगा। इस उदहारण से यदि हम समझे तो भारतवर्ष के एनआईआर में भाग लेने वाले 10845 संस्थानों में हम कई गुना अधिक बचत कर पाएंगे और वह धन अन्य विकास कार्यक्रमों में या बेहतर अनुसन्धान पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने में मददगार साबित होगा। भारत शिक्षा मंत्रालय द्वारा दर्शाये गए प्रारंभिक कार्यान्वयन के परिणाम में भी इस बात की पुष्टि होती हैं। इस योजना से 213.6 फीसदी लाभार्थी उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि होगी जबकि 167.4 फीसदी लाभार्थी संस्थानों में वृद्धि होगी। आम तौर पर कोई भी लाभार्थी 60 फीसदी अधिक प्रकाशनों का प्रयोग कर सकेगा। यह निश्चित ही एक सराहनीय कदम हैं। आने वाले समय में भारत सरकार द्वारा चालू किये गए कार्यक्रम जैसे आत्मनिर्भर और विकसितभारत@2047 की सफलता में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह पहल देश में अनुसंधान और विकास एवं प्रधानमंत्री के 'जय अनुसंधान' के नारे का संरेखण ही दिखाता हैं।

# नाबालिग बच्चियों की शादी के नाम पर हो रही खरीद फरोख्त : डॉ. सिंह

## नाबालिग बच्चियों की शादी करने का पिता ने लगाया आरोप, शिकायत के बाद भी नहीं हुई सुनवाई

सत्ता सुधार ■ भिण्ड



मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह के टिकसरा भवन पर प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा, जिला शहर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा भी मौजूद रहे। डॉ. सिंह ने कहा कि आज मध्यप्रदेश में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि कानून का जरा सा भी डर नहीं है, क्योंकि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। लहार क्षेत्र में नाबालिग बच्चियों की शादी के नाम पर खरीदी हो रही है।

उन्होंने कहा कि नाबालिग लड़कियों का पीड़ित पिता रामप्रकाश शर्मा उर्फ वैध निवासी सिकरी करियावली थाना असवार जिला भिण्ड अपनी दो नाबालिग लड़कियों की शादी रुकवाने के लिए दर-दर भटक रहा है, पर उसकी सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि पीड़ित पिता पुलिस से लेकर एसडीएम एवं कलेक्टर तक फरियाद कर चुका है पर अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि भिंड जिला प्रशासन कुम्भकर्ण की नींद सोया हुआ है। डॉ. सिंह ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि नाबालिग लड़कियों की खरीद-फरोख्त एवं नाबालिग बच्चियों की शादी को रुकवाए जाने के लिए ठोस कदम उठाए, अन्यथा कांग्रेस ऐसे गम्भीर मसलों के विरोध में किसी भी प्रकार के संघर्ष करने को तैयार है। डॉ. सिंह द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में पीड़ित पिता रामप्रकाश शर्मा ने बताया कि उसकी दोनों ही पुत्रियां नाबालिग है, जिन्हें लखन पुत्र बिनू अजय पुत्र लखन ग्राम सिकरी करियावली थाना असवार में अपने पास रखे है एवं पत्नी मोना को भी अपने पास रखे है, उनसे मिलने भी नहीं देते हैं। प्रार्थी विवश होकर ग्राम टोला में अपनी बहन के घर रह रहा है। पीड़ित पिता ने बताया कि उक्त दोनों नाबालिग पुत्रियों की शादी लखन एवं अजय पैसा लेकर कर रहे हैं। लखन ने बेईमानी पूर्वक पैसे हड़पने के लिए उक्त दोनों पुत्रियों की उम्र आधार कार्ड में गलत रूप से बढ़वा ली है, जो एक आपराधिक कृत्य है। पीड़ित ने कहा कि उसकी पत्नी सीधी-साधी है, जो कि लखन के असर में है, पीड़ित पिता ने अपनी दोनों नाबालिक बेटियों की शादी रुकवाए जाने की प्रशासन से फरियाद की है। पीड़ित पिता ने प्रशासन से निवेदन किया है कि उसकी दोनों पुत्रियों को शादी तत्काल रुकवाई जाए।

# मृतक के परिजनों पर हुआ मामला दर्ज, तीन लोगों को आरोपी बनाया




सत्ता सुधार ■ गोहद

थाना गोहद क्षेत्र के डिरमन पाली में शुक्रवार को सरकारी तालाब से खेत में पानी देने पर हुई हत्या के बाद गोहद पुलिस ने फरियादी बच्चू सिंह पुत्र टुंडे जाट के आवेदन पर मृतक राकेश जाट के परिजन प्रदीप जाट, सुखवीर जाट, सोबरन जाट को आरोपी बनाया है।

फरियादी बच्चू जाट ने अपने आवेदन में पुलिस को बताया कि आरोपियों ने झगडे के दौरान फरियादी को जान से मारने की नीयत से कट्टे से फायर किया। गोली बाएं पैर में लगी। पुलिस ने प्रदीप, सुखवीर, सोबरन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

### शुक्रवार को 8 लोगों पर हुआ था हत्या का मामला दर्ज

राकेश जाट की हत्या में शुक्रवार को गोहद पुलिस ने फरियादी सुखवीर सिंह जाट की शिकायत पर दशरथ उर्फ रिंकू जाट, नवल सिंह जाट, भूरा जाट, नरेंद्र जाट, नन्हे जाट, सत्यम जाट, रिषु जाट, और राहुल जाट के खिलाफ हत्या का मामला पहले ही दर्ज किया जा चुका है।

### तालाब से पानी निकालने को लेकर हुआ था विवाद

ज्ञात हो मृतक राकेश ने गांव में की जमीन बटाई कर ली थी। इस जमीन पर लगी फसल में राकेश ने गुरुवार की रात इंजन लगाकर तालाब के पानी से सिंचाई की थी। बताया गया कि सुबह शुक्रवार को जब दूसरे पक्ष के व्यक्ति नवल सिंह सोच के लिए गए थे। तो राकेश ने उनसे कहा कि मैंने रात भर खेत में पानी दिया, आप रोकने नहीं आए। इसी दौरान दोनों के बीच गाली गलौज हो गया और विवाद बढ़ता चला गया और गोली लगने से राकेश की मौत हो गई।

# सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में चालक को एक साल की सजा

7 साल पहले बाराहेट के पास नेशनल हाईवे पर हुआ था सड़क हादसा

**गोहद।** नेशनल हाइवे 719 पर डंफर की टक्कर से युवक की मौत के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गोहद ने आरोपी चालक को एक साल की सजा सुनाई है। प्रकरण का संचालन जिला अभियोजन अधिकारी अरविंद कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी प्रीति यादव ने किया।सहायक मीडिया सेल प्रभारी शैलेंद्र कुमार शर्मा ने बताया 10 फरवरी 2017 को ऋषभ चंद्र गुप्ता अपनी स्कॉर्पियो कार क्रमांक यूपी 92 एस 8553 से ग्वालियर से अपने घर जालौन जा रहे थे। उनके साथ गाड़ी में राहुल गुप्ता, कोमलचंद्र गुप्ता, प्रदुमन दीक्षित, संतोष साह, आनंद महान अजय महान सवार थे। गाड़ी राहुल गुप्ता चला रहा था। जैसे ही वे सुबह 7.30 चौहान पेट्रोल पंप के पास बाराहेड पेड़ा से पहले रोड पर पहुंचे तो भिण्ड की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे सभी घायल हो गए। घायलों को पुलिस की मदद से उपचार के लिए गोहद व ग्वालियर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां राहुल गुप्ता की इलाज के दौरान मौत हो गई। मालनपुर पुलिस ने चालक बंटी पुत्र शिवचरन सिंह चौहान निवासी सर्वा गोहद के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना की। साक्षियों के कथन लेखबद्ध किए गए। न्यायालय ने आरोपी चालक को दोषी मानते हुए एक वर्ष का कारावास व 3500 रुपए का अर्थ दंड लगाया है।

# गांधीनगर में अज्ञात बदमाशों ने चलाई गोली, देर रात की घटना

**भिण्ड।** शहर में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। एक सप्ताह में यह तीसरा मामला है, जब अज्ञात बदमाशों ने घर के बाहर फायरिंग कर दहशत फैलाई है। शुक्रवार देर रात गांधीनगर में हुई घटना से इलाके में डर का माहौल है। शुक्रवार रात को अज्ञात बदमाशों ने गांधीनगर निवासी आनंद कुशवाहा के घर के बाहर फायरिंग कर फरार हो गए। सूचना मिलते ही देहात और सिटी कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन बदमाशों का सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बदमाश चेहरे ढके हुए थे और वारदात को अंजाम देकर तुरंत भाग निकले। स्थानीय लोगों ने पुलिस को तुरंत सूचना दी, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही बदमाश गायब हो चुके थे। यहां बता दें कि इससे पहले मंगलवार रात अटेर क्षेत्र के डाक बंगला इलाके में पूर्व पार्षद के घर पर भी इसी तरह की फायरिंग हुई थी, जिसमें छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं, सोमवार की रात दबोहा इलाके में भी ऐसी ही घटना हुई थी।

# फैक्टरी में चक्कर खाकर गिरा मजदूर, इलाज के दौरान मौत

## परिजनों ने गेट पर शव रख किया प्रदर्शन, मौके पर भारी पुलिस वल रहा तैनात

सत्ता सुधार ■ मालनपुर



औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित जमना ऑटो कंपनी में ठेका श्रमिक मोहन सिंह परिहार पुत्र राम सिंह परिहार निवासी कुशवाह कॉलोनी हरीराम का पुरा मालनपुर 25 नवंबर को कंपनी में ड्यूटी करने गया था। तभी अचानक वह चक्कर खाकर गिर पड़ा। कंपनी प्रबंधन द्वारा उसे अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान शुक्रवार की रात श्रमिक का निधन हो गया।

गुस्साए परिजनों ने स्थानीय लोगों के साथ मृतक श्रमिक के शव को फैक्ट्री गेट पर रख कर हंगामा खड़ा कर दिया। मौके पर मालनपुर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी पुलिस बल के साथ फैक्ट्री पर पहुंचे। कुछ ही देर बाद गोहद एसडीओपी सौरभ कुमार भी गोहद व गोहद चौराहा थाने का बल लेकर घटना स्थल पर पहुंचे। दोनों ही अधिकारियों ने मृतक श्रमिक के परिजनों और फैक्ट्री प्रबंधन के साथ बैठकर मामले को शांत कराया। कम्पनी प्रबंधन द्वारा मृतक श्रमिक के बेटे को कंपनी में स्थाई नौकरी और तीन लाख की राहत राशि और शासन से मिलने वाली सहायता देने का भरोसा दिलाया, तो वही ठेकेदार द्वारा अंत्येष्टि के लिए बीस हजार की नगद राशि प्रदान की। कंपनी प्रबंधन द्वारा मृतक श्रमिक के परिजनों की मांगे मान लेने के बाद और अधिकारियों के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया। इस समझाइश के बाद शव को ले जाने के लिए भी तैयार हुए, अधिकारियों ने उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

# प्रत्येक मनुष्य को गाय माता की सेवा करनी चाहिए : रामदास महाराज

## दंदरौआ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, एक श्रद्धालु ने महाराज जी को किया गौ दान

सत्ता सुधार ■ भिण्ड



जिले के सबसे बड़े धार्मिक स्थल दंदरौआ धाम में शनिवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने डॉक्टर हनुमान के दर्शन कर महंत महामंडलेश्वर रामदास महाराज से आशीर्वाद लिया। इस दौरान प्रेम नारायण गुप्ता ने श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर महंत रामदास जी महाराज को एक गाय दान कर आशीर्वाद लिया। महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए गाय का महत्व बताते हुए कहा कि गाय में 84 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। इनकी सेवा करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। प्रत्येक मनुष्य को गाय माता की सेवा करनी चाहिए। उनको सेवा की विशेष आवश्यकता है। महाराज जी ने कहा कि सनातनी मनुष्यों का धर्म है कि गायों की सेवा करें। गाय का दूध अमृत के समान है। गाय के लिए चार और भूसा दान देने वाले को पुण्य प्राप्त होता है। इस मौके पर रामबरन पुजारी, प्रवक्ता जलज त्रिपाठी, कान्तिदेवी, ओम पचौरी, दीपक गुप्ता, निहारिका, आराध्य, कृष्णा, अंशू पचौरी, नरसी दद्दा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नोनेरा में हुए हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार, बंदूक एवं ट्रैक्टर जब्त

सत्ता सुधार ■ मालनपुर



मालनपुर थाना क्षेत्र के नोनेरा में 23 नवंबर को शिवनंदन सिंह तोमर को आरोपी गण मनमोहन सिंह विष्णु सिंह, अमर सिंह एवं गौतम सिंह के द्वारा गोली मारकर घायल किया गया था। पुलिस के द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसके बाद इलाज के दौरान ग्वालियर में शिवमंगल सिंह तोमर की मृत्यु हो गई थी। मामले में धारा बढ़ाई गई और आरोपियों को पकड़ने पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में एवं गोहद अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सौरभ कुमार मार्गदर्शन में मालनपुर पुलिस के द्वारा फरार आरोपियों की टीम बनाकर लगातार तलाश की गई। शनिवार को पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी मनमोहन सिंह तोमर एवं विष्णु सिंह तोमर को गिरफ्तार किया तथा घटना में प्रयुक्त 12 बोर की बंदूक जप्त की गई एवं भागने में प्रयोग किया गया। ट्रैक्टर भी जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपीगण को न्यायलय में पेश किया।

# बाल विवाह रोकथाम हेतु आंगनबाड़ी केंद्र भौनपुरा पर किया कार्यक्रम

## 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के की शादी करना कानूनन अपराध है

सत्ता सुधार ■ भिण्ड



लाडो अभियान हम होगे कामयाब कार्यक्रम के तहत जेंडर आधारित हिंसा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया जिसमें सेक्टर पर्यवेक्षक बरही ज्योति मिश्रा एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर गिरीश शर्मा द्वारा लाडो अभियान के तहत घरेलू हिंसा एवं बाल विवाह पर लोगों को जागरूक किया गया। ब्लॉक कॉर्डिनेटर गिडिश शर्मा द्वारा बताया गया बाल विवाह अपराध है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार 18 वर्ष से कम उम्र में लड़की एवं 21 वर्ष से कम उम्र में लड़के का विवाह कानूनन अपराध है। बाल विवाह में शामिल सभी व्यक्ति एवं सेवाप्रदाता अपराधी हैं। ऐसे विवाह में शामिल होने वाले सभी नाते-रिश्तेदार, मित्र, सेवाप्रदाता जैसे धर्मगुरू, मैरिज गार्डन, टेन्ट हाउस, बैंड बाजा सैलून, प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई इत्यादि से संबंधित सभी व्यक्तिध्संस्था भी अपराधी की श्रेणी में आते हैं। इसी क्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक ज्योति मिश्रा द्वारा बताया गया बाल विवाह करने वाले और करवाने वाले दोषियों का दो वर्ष तक कठोर कारावास या एक लाख का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बाल विवाह कानूनन अपराध है। अपने आस-पास बाल विवाह की जानकारी मिलने पर जिला कलेक्टर स्थानीय पुलिस या महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी को तत्काल सूचना दें। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

# 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भूमिपूजन आज

**गोहद।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में अखिल विश्व गायत्री परिवार गायत्री शक्तिपीठ गोहद द्वारा 251 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन 9 जनवरी 2025 से 13 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल केशव पार्क बंधा रोड गोहद नियत किया गया है। कार्यक्रम संयोजक ने बताया कि केशव पार्क बंधा रोड गोहद पर भूमिपूजन कार्यक्रम एक दिसम्बर को दोपहर 12 बजे दंदरौआ धाम के महंत श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास महाराज, महामंडलेश्वर खनेताधाम रामभूषण दास, प्रभाकांत तिवारी गायत्री परिवार एवं कार्यक्रम संयोजक लालसिह आर्य की उपस्थित में किया जाएगा। जनवरी 2025 में आयोजित 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां अंतिम चरण में है। गायत्री परिवार द्वारा आयोजित महायज्ञ में प्रत्येक धर्म जाति के लोगों की उपस्थिति के लिए आयोजन समिति में स्थान दिया गया है। प्रत्येक धर्म व जातियों के लोगों की बैठकों का आयोजन किया गया है। ग्वालियर चम्बल संभाग के प्रत्येक गांव व घर घर दस्तक देकर प्रचार रथ के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

# रामहारी को मां के निधन पर कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



सत्ता सुधार ■ मेहगांव

मेहगांव विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामहरि शर्मा की मां कमला देवी के निधन पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह एवं उपनेता हेमंत कटारे ने उनके गृह गांव सरसेड पहुंच कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉ सिंह ने कहा कि माता पिता की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है?। जो माता पिता की सेवा नहीं करता उसके जीवन का कल्याण नहीं हो सकता। शोक सभा में पूर्व मंत्री ओ.पी.एस.भदौरिया, गोहद विधायक केशव देशाई, संजीव कांकर, राहुल भदौरिया, रंजीत सिंह गुर्जर, हरिओम दास, रामवरन पुजारी, नवल सिंह सरपंच, सरदार सिंह गुर्जर, रमेश शर्मा, सुभाष राठौर, पिंटू राठौर, गोकरन सिंह परमार, रामनिवास शर्मा, लक्ष्मी नारायण कांकर, अरविंद शर्मा, देवेंद्र शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ जन पहुंचे।

# खाद वितरण केंद्र के बाहर रात को नहीं मिले किसान

## कलेक्टर देर रात पहुंचे पुरानी गल्ला मंडी स्थित खाद वितरण केन्द्र पर

**भिण्ड।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने शुक्रवार देर रात पुरानी गल्ला मंडी पहुंच कर खाद वितरण के बाहर सोने वाले किसानों के हालात जानना चाहा, लेकिन निरीक्षण के दौरान किसान वहीं नहीं मिले। इसके बाद कलेक्टर ने वीडियो जारी कर स्पष्ट किया कि जिले में खाद की कोई कमी नहीं है। कलेक्टर श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में फिलहाल डीएपी की 340 मीट्रिक टन और एनपीके की 240 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। इसके अलावा, 3000 मीट्रिक टन डीएपी रैक के माध्यम से जल्द जिले में पहुंच जाएगी। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि सभी को समय पर पर्याप्त खाद दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि अब खाद वितरण केंद्र पर स्थिति सामान्य है। एक भी किसान कतार में नजर नहीं आया। प्रशासन का दावा है कि पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। कलेक्टर के आश्वासन के बाद किसानों में राहत की उम्मीद है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान होगा और खाद वितरण में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।

# घरेलू हिंसा से रोकथाम विषय पर प्रमुख गतिविधियों की दी जानकारी

सत्ता सुधार ■ भिण्ड



कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार जैन के निर्देशन में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत घरेलू हिंसा से रोकथाम विषय पर प्रमुख गतिविधियों का आयोजन कराया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार जैन के द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार के निर्धारित कैलेंडर के अनुसार 29 नवंबर की गतिविधि मूलत घरेलू हिंसा से रोकथाम और महिलाओं का संरक्षण विषय पर केंद्रित है जिसके क्रम में जिला भिंड अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर सखी और पुलिस विभाग के समन्वय से संचालित ऊर्जा डेस्क पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित कराया जा रहे हैं। वन स्टॉप सेंटर के सभी कर्मचारियों का उन्मुखीकरण किया जा रहा है उन्हें किस तरीके से घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला की काउंसलिंग करनी है और किस तरीके से डीआईआर का फॉर्मेट भरना है।

बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना ने बताया कि घरेलू हिंसाओं से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम के केंद्र में ही महिलाओं को विभिन्न प्रकार की हिंसा से सुरक्षा प्रदान करने की गारंटी देता है उक्त अधिनियम के तहत कोई भी महिला अथवा बालिका जिसके साथ हिंसा की जा रही है अथवा हिंसा किए जाने का प्रयास प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्षक रूप से किया जा रहा है उसे इस अधिनियम के तहत राहत प्रदान की जाने का प्रावधान है। अधिनियम के तहत पीड़ित महिला सीधे पुलिस थाने अथवा महिला बाल विकास के परियोजना कार्यालय अथवा वन स्टॉप सेंटर में सीधे जाकर अपनी रिपोर्ट दर्ज कर सकती है। उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा से तात्पर्य केवल शारीरिक हिंसा ही नहीं है, अभी तो विभिन्न प्रकार की मानसिक हिंसा बातचीत में हिंसा व्यवहार में हिंसा अथवा किसी विशेष महिला के प्रति घर का माहौल प्रतिकूल तैयार करना, जिससे उसे परेशानी हो उसके व्यक्तित्व विकास में बाधा हो इस तरह के विभिन्न आयामों को जोड़ा गया है। ऐसी स्थिति में कोई भी महिला पुलिस के माध्यम से, महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से अथवा महिला हेल्पलाइन 1090 के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर सकती है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा संबंधित शिकायत को संज्ञान लेते हुए तुरंत कार्रवाई की जाती है। यदि कोई महिला आर्थिक रूप से कमजोर है तो घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम की प्रावधानों के तहत न्यायालय में प्रकरण प्रचलन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से निशुल्क वकील प्रदाय किया जाने का प्रावधान भी है।

## अटल बिहारी वाजपेई सभागार नोटिस विवाद

# निगम का दांव पड़ा भारी, कर रहा है जेयू बच निकलने की तैयारी

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

वर्षों पहले जीवाजी यूनिवर्सिटी केंपस में अटल बिहारी वाजपेयी सभागार का निर्माण अवैध तरीके से हुआ है इसका खुलासा तब हुआ जब नगर निगम ने इस सभागार को लेकर यूनिवर्सिटी को नोटिस जारी किया। नेक ए प्लस का दर्जा प्राप्त जीवाजी यूनिवर्सिटी किसी न किसी वजह से चर्चाओं में बनी रहती है लेकिन इस बार की चर्चा का विषय कहीं न कहीं उसकी प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। क्योंकि नगर निगम ने संपत्ति कर वसूलने के लिए जो पैंतरा चला है, जेयू के पास उसका तोड़ फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा है। सूत्रों की मानें तो निगम के नोटिस से जेयू प्रबंधन में खलबली मची हुई है और सभागार की फायर एनओसी लेने के लिए घोड़े दौड़ाने शुरू कर दिए गए हैं, मगर निर्माण से पहले भवन की अनुमति का पेंच फिर भी फंस रहा है। फिलहाल जेयू प्रबंधन द्वारा यांत्रिकी शाखा से समस्या का समाधान निकालने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जिस सभागार को अवैध बताकर निगम प्रशासन ने नोटिस जारी किया है। उसे बहुत पहले लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया था।यह सभागार न केवल ग्वालियर, बल्कि मध्य प्रदेश का सबसे अत्याधुनिक और विशाल सभागार है। पिछले कुछ सालों से अक्सर बड़े आयोजन इसी सभागार में होते आए है। शनिवार को भी राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी का कार्यक्रम भी इसी सभागार में आयोजित किया गया है। इससे पहले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघ चालक डॉ. मोहन भागवत से लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के विशाल कार्यक्रम का आयोजन भी यहीं हुआ था। इसके साथ ही अनेक राजनीतिक हस्तियां इस सभागार में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत कर चुकी हैं। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि निर्माण के इतने वर्षों तक निगम प्रशासन चुप्पी साध कर क्यों बैठा रहा है, जिसको लेकर अब नोटिस जारी किया है।

दरअसल जीवाजी विश्वविद्यालय पर नगर निगम के सेवा प्रभार की राशि बकाया है और नगर निगम द्वारा मांगने के बाद भी विश्वविद्यालय देने में आनाकानी कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ निगम की माली हालत भी ठीक नहीं है, उसे अपने कर्मचारियों को वेतन भुगतान भी करना है। बता दें कि जीवाजी विवि पर नगर निगम का सेवा प्रभार का 13.12 करोड़ रुपये 2022 से बकाया है, जिसे बार-बार कहने के बावजूद जेयू प्रशासन चुकता नहीं कर रहा है। इसी वजह से नगर निगम ने अपनी बकाया वसूली के लिए जेयू पर दबाव बनाने की रणनीति अपनाई है। अब देखना होगा कि जेयू प्रबंधन निगम का संपत्ति कर अदा करता है या फिर बच निकलने का रास्ता निकाल लेगा।

### नहीं उठाया फोन

निगम द्वारा दिए गए नोटिस के संबंध में जेयू प्रबंधन का पक्ष जानने के लिए रजिस्ट्रार अरुण चौहान के मोबाइल पर संपर्क किया गया मगर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।




### फायर सेफ्टी पर भी निगम हुआ सख्त

जीवाजी विवि में अग्नि सुरक्षा मानकों को लेकर भी निरीक्षण किया गया जिसमें अग्नि सुरक्षा एवं फायर सेफ्टी नहीं मिली है। यह अपने आप में हैरान करने वाली बात है कि विश्वविद्यालय में जेयू प्रशासन के द्वारा अग्निशमन के लिए कोई भी पुख्ता प्रबंध नहीं किये गये , जबकि पूर्व में जेयू के अंदर आगजनी की घटनाएं घट चुकी हैं । तब भी निगम द्वारा जेयू प्रबंधन को चेताया गया था मगर अपनी चाल में मस्त जेयू प्रशासन ने उसे गंभीरता से नहीं लिया,अब देखना होगा कि निगम प्रशासन द्वारा इस बार दिखाई गई सख्ती का जेयू प्रशासन पर कितना असर दिखाई देता है।

### सात दिन के अल्टीमेटम पर रजिस्ट्रार को जारी हुआ नोटिस

राष्ट्रीय स्तर का अत्याधुनिक सुविधा सम्पन्न अटल बिहारी वाजपेयी मल्टी आर्ट सभागर कुछ साल पहले बनाया गया है । इसकी वैधता को लेकर नगर निगम द्वारा रजिस्ट्रार के नाम नोटिस जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि सभागार का निर्माण बगैर परमिशन के किया गया है, जो कि पूरी तरह से अवैध है. इसमें यह भी कहा गया है कि सात दिन बाद इस सभागार को तोड़ दिया जाएगा। अब जो जानकारी आ रही है उसमें जेयू ने निर्माण से पहले निगम से अनुमति नहीं ली । इसके साथ ही पीआईयू द्वारा बिल्डिंग का निर्माण के बाद जेयू को सुपुर्द कर दी गई , जबकि बिल्डिंग में फायर सेफ्टी के लिए प्रोपर तरीके पाइप नहीं डाले गए हैं ।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने मृतक के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दौरार पहुंच कर मीरा आदिवासी के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की एवं परिजनों से उनकी घायल बेटी के इलाज की जानकारी ली। इस दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया के साथ भाजपा विधायक एवं जनसेवक मोहन उल्फत सिंह राठौर भी मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री ने परिजनों से चर्चा के बाद तत्काल संबंधित अधिकारियों से बात करके हर संभव मदद के लिए निर्देशित किया है। इसके साथ ही नारद जाटव के यहां भी पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। बता दें कि भितरवार विधानसभा के दौरार गांव निवासी नारद जाटव गत दिनों अपने मामा के पास जिला शिवपुरी के सुभाषपुरा गया था।

जिस को दबंगो ने लाठी - डंडों से मारपीट कर मौत के घाट उतार दिया था। गौरतलब है कि पिछले दिनों मोहना थाना क्षेत्र स्थित दौरार गांव में 65 वर्षीय मीरा आदिवासी अपनी बेटी और उसके बच्चों के साथ रहती थीं। कुछ ही दूरी पर उसकी बड़ी बेटी रहती है। खेती कर अपना जीवन यापन कर रहे थे। मीरा की बेटी रज्जो के पास खेरिया जौरा निवासी विष्णु पंडित उर्फ विष्णु शर्मा का आना जाना था। अक्सर वह उनके ही घर पर बैठा मिलता था। घटना के दो दिन पहले उनके बीच कुछ कहासुनी हो गई थी। रात में घर के बाहर सो रही 65 साल की बुजुर्ग महिला और उसकी बेटी को बदमाश युवक ने गोली मार दी थी। गोली लगने से मां की मौत हो गई। जबकि बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बेटी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसका इलाज चल रहा है।

# फायर कर दहशत फैलाने वाला बदमाश घेराबंदी कर दबोचा

### आरोपी के कब्जे से 315 बोर का लोडेड कट्टा बरामद

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

पुरानी रंजिश पर फायर कर दहशत फैलाने वाले बदमाश को डबरा सिटी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करते हुए दबोच लिया है, जिसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त 315 बोर का लोडेड कट्टा भी बरामद हो गया है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी से घटना में शामिल उसके फरार साथी के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

डबरा सिटी थाना पुलिस को सूचना मिली थी, कि बीती रात लखिया कॉलोनी में पुरानी रंजिश पर फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला बदमाश हाईवे स्थित टेकनपुर चौराहे पर देखा गया है। इस पर पुलिस टीम तत्काल बताए गए स्थान पर पहुंची, तो वहां मौजूद संदिग्ध युवक ने पुलिस को देखते ही दौड़ लगा दी। शंका होने पर पुलिस टीम भी उसके पीछे लग गई, जिसने घेराबंदी करते हुए उसे धरदबोचा। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का लोडेड कट्टा बरामद हुआ। आरोपी से की गई पूछताछ में उसने स्वयं को लखिया कॉलोनी का रहने वाला बताते हुए बीती रात उक्त फायरिंग करना स्वीकार लिया। पुलिस द्वारा वारदात में शामिल उसके फरार साथी की तलाश की जा रही है। उक्त कार्रवाई में डबरा सिटी टीआई यशवंत गोयल, टेकनपुर चौकी प्रभारी बलवीर सिंह मावई, आरक्षक विनीत भदौरिया, जयकिशन, सैनिक राजेंद्र कुशवाह व राहुल शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।



### लगातार किए थे तीन फायर

ग्राम लखिया कॉलोनी निवासी सुधीर पुत्र रमेशचंद्र मौर्य ने टेकनपुर चौकी में शिकायत की थी, कि बीती रात कॉलोनी में ही रहने वाले सूरज जाटव एवं आकाश जाटव ने पुरानी रंजिश को लेकर मुझसे गाली- गलौज कर रहे थे। जब मैंने उनका विरोध किया, तो उन्होंने मेरे घर के बाहर आकर कट्टे से एक- एक कर लगातार तीन हवाई फायर ठोंक दिए, जिससे हम लोग काफी डर गए। शोरगुल सुनकर जब आसपास के लोग बाहर निकले, तो आरोपी कट्टा लहराते हुए भाग निकले। पुलिस द्वारा मामले में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 125, 351(2) व 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई थी। वहीं एसपी धर्मवीर सिंह ने घटना को गंभीरता से लेते हुए रूरल एएसपी निरंजन शर्मा को उक्त आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में उन्होंने डबरा एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में डबरा सिटी थाना व टेकनपुर चौकी की टीम को आरोपियों की पड़ताल में लगाया था।

### श्रमिक संपर्क अभियान का शुभारंभ आज

**ग्वालियर।** म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह भदौरिया शनिवार को श्रमिक संपर्क अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भोपाल रवाना हो गए हैं। दरअसल संघ द्वारा निर्धारित 15 दिवसीय श्रमिक संपर्क कार्यक्रम प्रदेश महामंत्री कुलदीप गुर्जर के नेतृत्व में 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चलना है, इसमें संगठित एवं असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों से संपर्क कर उन्हें सदस्य बनाया जाना है ताकि उनकी समस्याओं को शासन, प्रशासन से हल करवाया जा सके। इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ भारतीय मजदूर संघ के भोपाल स्थित प्रदेश कार्यालय ठेंगड़ी भवन में 1 दिसंबर को किया जायेगा।

## हम होंगे कामयाबः आमजन व स्टूडेंट्स को महिला पुलिस अफसरों ने किया जागरूक

### किसी भी घटना को छुपाएं नहीं बल्कि तुरंत पुलिस व परिजनों को बताएं




**ग्वालियर।** कोई पीछा करे अथवा छेड़खानी व अभद्र कमेंट्स किए जाने जैसी किसी भी घटना को छुपाएं नहीं, बल्कि तत्काल पुलिस व अपने परिजनों को बताएं, जिससे ऐसा करने वाले को कड़ा सबक सिखाया जा सके और वह फिर इस तरह की हरकत करने की हिम्मत नहीं करे। कुछ इसी तरह की समझाइश हम होंगे कामयाब अभियान के तहत महिला पुलिस अफसरों द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों व पब्लिक प्लेस पर आमजन व स्टूडेंट्स को जागरूक करते हुए दी गई।

महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल के निर्देश पर जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु 25 नवंबर से 15 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान 'हम होंगे कामयाब' चलाया जा रहा है। जिसे लेकर एसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश तथा महिला अपराध डीएसपी किरण अहिरवार के मार्गदर्शन में महिला पुलिस अफसरों द्वारा शैक्षणिक संस्थानों व पब्लिक प्लेस पर छात्र-छात्राओं, महिलाओं तथा आमजन को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को महिला थाना टीआई दीप्ती तोमर के निर्देश पर एसआई स्वीटी राजावत द्वारा मिसहिल हायर सेकेण्ड्री स्कूल में पहुंचकर वहां पढ़ने वाले बच्चों को घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, छेड़छाड़, बलात्कार, ईव टीजिंग, नशा मुक्ति, सोशल मीडिया के जरिए होने वाले अपराधों आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उनसे बचाव के टिप्स दिए गए। इस दौरान विद्यार्थियों को बेटी की पेटी तथा हेल्पलाइन नंबर 100 डायल, 1090, 1098 व 181 की उपयोगिता के बारे में भी बताया गया। इसी तरह पड़ाव थाने में पदस्थ महिला आरक्षक पिंकी राजपूत व तारा देवी द्वारा शासकीय इंजीनियरिंग हाईस्कूल में पहुंचकर महिलाओं और बच्चियों की समस्याएं जानकर उनका उचित समाधान किया गया। उधर जनकगंज थाने की एसआई अंकिता भार्गव एवं महिला आरक्षक शिखा शर्मा द्वारा गोल पहाड़िया स्थित अनुसूचित जाति एवं जनजाति बालिका छात्रावास जाकर उपस्थित बालिकाओं को जेंडर आधारित हिंसा, गुड टच-बेड टच आदि के बार में बताया गया। इसी क्रम में पुरानी छावनी थाने में पोस्टेड एसआई क्षमा राजोरिया ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय जलालपुर में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को नवीन कानूनी प्रावधानों तथा साइबर अपराधों के संबंध में जागरूक किया गया। उधर देहात के बिलौआ थाने की जौरासी चौकी प्रभारी पूनम कटारे ने भी उक्त अभियान के तहत मकोड़ा स्थित डॉ. एसएस राठौर मेमोरियल स्कूल एवं शासकीय जवाहर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलौआ में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल स्कूली छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकों को गुड टच- बेड टच के साथ ही बच्चों पर होने वाले अत्याचार के संबंध में जानकारी दी गई।

### ओपन एफआईडीई रेटेड चेस टूर्नामेंट शुरू

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

पहला सम्राट तानसेन ओपन एफआईडीई रेटेड चेस टूर्नामेंट का शुभारंभ शनिवार को किया जाएगा। यह उत्सव रविवार को भी होगा। टूर्नामेंट डायरेक्टर डॉ. गरिमा गर्ग ने बताया कि यह टूर्नामेंट 2,50,000 की पुरस्कार राशि के साथ विभिन्न आयु वर्गों और श्रेणियों के खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर है। राजेश छारी टूर्नामेंट सेक्रेटरी ने टूर्नामेंट की विशेषताओं पर रोशनी डाला। इस प्रतियोगिता में बाहर से ऑफिसर इंटरनेशनल आर्बिटर हरि नारापुरम, इंटरनेशनल आर्बिटर नवीन कार्तियन, राजेश प्रजापति, ग्वालियर से श्रीमती वंदना राठौर, राजेश द्विवेदी, अनिल गर्ग, डॉ. योगेश मौर्य, डॉ. देवेंद्र, डॉ. रितेश, दीपमाला अपनी-अपनी भूमिका निभाएंगे। शिववीर सिंह भदौरिया एवं श्रीमती वंदना राठौर ने बताया कि यह टूर्नामेंट न केवल पुरस्कारों का मंच है, बल्कि खिलाड़ियों को अपने खेल में सुधार और नई रणनीतियों को सीखने का मौका भी देगा।



### आरटीओ टैक्स में छूट के लिए ज्ञापन दिया

**ग्वालियर।** भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ ने स्वागत किया एवं आरटीओ टैक्स में 50 प्रतिशत छूट जल्द से जल्द दिए जाने के लिए ज्ञापन दिया। इस दौरान श्री सिंधिया से मांग की कि प्रशासन द्वारा मेले के समस्त व्यापारियों के हित में प्रशासन सोचे एवं न्यायसंगत कार्य करें।



### कैंसर अवेयरनेस प्रोग्राम संपन्न

**ग्वालियर।** कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा शनिवार को कैंसर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1, आकाशवाणी चौराहा पर किया गया। कार्यक्रम में डॉ अनीता अग्रवाल ने सभी प्रकार के कैंसर के कारण, लक्षणों, परीक्षण के तरीके एवं उपचारों के तरीके बताए। वहीं सुश्री मीरा श्रीवास्तव ने अपनी कैंसर की लड़ाई, संघर्ष और विजय की कहानी सुनाकर हमेशा सकारात्मक बने रहने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के प्रिंसिपल श्री पाण्डेय सहित 100 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस मौके पर कैंसर हॉस्पिटल की टीम में डॉ. सन्तोष, यश, कु. हर्षिता, निर्भय एवं कमल सिंह उपस्थित रहे।



## ग्वालियर संभाग की बेटी मुस्कान रघुवंशी को विश्व की ऊंची चोटी पर तिरंगा फहराने पर ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई

**ग्वालियर।** ग्वालियर संभाग के अशोकनगर जिले की बिटिया मुस्कान रघुवंशी को अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलि मंजारो पर विजय प्राप्त करने के लिए ऊर्जा मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर ने बधाई दी है। ऊर्जा मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर ने कहा कि बिटिया मुस्कान रघुवंशी ने माउंट किलि मंजारो पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर मध्यप्रदेश सहित सम्पूर्ण देश को गौरवान्वित किया है। इससे निश्चित ही अंचल की बेटियों को आगे बढ़ने की सीख मिलेगी। उन्होंने कहा कि समाज में बेटियां अब बेटों से कहीं कम नहीं है। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार लगातार बेटियों और महिलाओं के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है, वहीं बेटियों की शिक्षा को लेकर भी हमारी सरकार काफी संवेदनशील है ताकि वह भी बेटी मुस्कान की तरह शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खेल कूद के क्षेत्र में अंचल का नाम रोशन करने के साथ परिजनों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर सकें। इस अवसर पर बेटी मुस्कान को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद, सफल और उज्वल भविष्य की कामना की है।




### एलटीटी-हरिद्वार एसी एक्सप्रेस का स्टॉपेज ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध कराया जाएः एमपीसीसीआई

**ग्वालियर।** लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) एवं हरिद्वार के मध्य सप्ताह में 2 दिन संचालित होने वाली यात्री गाड़ी संख्या 12171/12172 का हाल्ट (ठहराव) ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध कराए जाने हेतु एक बार पुनः म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव एवं केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र प्रेषित कर की है क्योंकि उक्त ट्रेन का वर्तमान में 'स्टॉपेज' ग्वालियर में नहीं होने के कारण ग्वालियर अंचल से हरिद्वार जाने वाले यात्रियों-श्रद्धालुओं को इस ट्रेन का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जबकि इस ट्रेन का ठहराव ग्वालियर स्टेशन पर उपलब्ध कराए जाने की मांग विगत् काफी लंबे समय से ग्वालियर अंचल वासियों द्वारा निरन्तर की जा रही है। एमपीसीसीआई अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष संदीप नारायण अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि लोकमान्य तिलक टर्मिनस एवं हरिद्वार के मध्य चलने वाली उक्त ए.सी. एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव ऐतिहासिक नगर 'ग्वालियर' के रेलवे स्टेशन पर किए जाने हेतु हमारे द्वारा विगत कई वर्ष से निरन्तर मांग की जा रही है, परन्तु इस ट्रेन का ठहराव अभी तक ग्वालियर स्टेशन पर रेलवे द्वारा उपलब्ध नहीं कराए जाने से ग्वालियर अंचल से प्रतिदिन हजारों की संख्या में हरिद्वार के लिए यात्रा करने वाले यात्रियों में रेलवे के प्रति काफी रोष देखने को मिल रहा है, जबकि ग्वालियर रेलवे स्टेशन 'मॉडल स्टेशन' होने के साथ-साथ झांसी मण्डल का सर्वाधिक राजस्व देने वाला रेलवे स्टेशन है। इसके साथ ही, ग्वालियर सांस्कृतिक रूप से एवं सामरिक दृष्टि सहित उच्च शिक्षा व पर्यटन की दृष्टि से भी एक अति महत्वपूर्ण शहर है । बावजूद इसके रेलवे द्वारा एलटीटी-हरिद्वार (ट्रेन नं.-12171/12172) ए.सी. एक्सप्रेस का ठहराव ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध नहीं कराया जाना, समझ से परे एवं औचित्यहीन प्रतीत होता है।

सत्ता न्यूज | कार में से चोरी हुआ आभूषणों से भरा बैग

# गाड़ी मालिक शॉपिंग तो ड्राइवर चाय पीते रहे

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

शहर में सक्रिय नकबजनों ने कार में रखा आभूषणों का बैग चोरी कर दिया। इस दौरान गाड़ी मालिक अपने परिवार सहित मॉल में शॉपिंग तो ड्राइवर चाय पीते रहे गए। घटना पड़ाव इलाके की है, जिसमें पीड़ित की शिकायत पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी की एफआईआर दर्ज कर उसकी तस्दीक करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

श्योपुर निवासी मयंक गोयल ने पड़ाव थाने में शिकायत की है, कि बीती दोपहर तीन बजे के लगभग वह परिवार सहित ग्वालियर रेलवे स्टेशन के पास स्थित मॉल में शॉपिंग करने के लिए गए हुए थे। जो अपनी कार क्रमांक एमपी31 जेडबी 2112 को मॉल के बाहर ड्राइवर के भरोसे छोड़ गए थे। कार में दो बैग रखे थे, जिनमे एक बैग में कपड़े तो दूसरे बैग में सोने- चांदी के गहने रखे हुए थे। उनके जाने के कुछ देर बाद ड्राइवर भी कार को लॉक करके सामने ही स्थित दुकान पर चाय पीने चला गया। कुछ देर बाद जब कार मालिक व ड्राइवर लौटे तो कार में रखे कपड़े व गहनों के दोनों बैग गायब थे। पुलिस द्वारा मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत एफआईआर दर्ज कर उसका पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। फरियादी के मुताबिक चोरी गए गहनों की कीमत करीब 75 हजार रुपए बताई गई है।



### आसपास नहीं हैं सीसीटीवी

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक फरियादी ने जहां कार पार्क करना बता रहा है, वहां आसपास कोई कैमरा नहीं लगा है। वहीं न तो कार का कोई कांच फूटा है और ना ही लॉक तोड़ा गया है। ऐसे में पुलिस चकित है कि बदमाश आखिर उक्त बैग कैसे निकालकर ले गया। बहरहाल पुलिस द्वारा पूरे मामले की सिलसिलेवार पड़ताल की जा रही है।

### भागवत कथा में शामिल होने जा रहे थे मथुरा

बताया गया कि श्योपुर का गोयल परिवार दो कारों में सवार होकर परिवार के साथ भागवत कथा सुनने के लिए मथुरा जा रहे थे। ग्वालियर पहुंचने पर बच्चों के लिए कपड़े व अन्य शॉपिंग करने के लिए वह मॉल में चले गए। तभी चोरों ने मौका पाकर गहनों के बैग पर हाथ साफ कर दिया।

### इंटर स्टेट ब्लाइंड पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड मध्यप्रदेश के तत्वाधान में एलएनआईपीई के क्रिकेट ग्राउंड में नेत्र हीन दिव्यांग पुरुषों का पहला मैच खेला गया। जिसका शुभारंभ राजेश मिश्रा लोकायुक्त एसपी खिलाड़ियों से परिचय कर ट्रॉस उछालकर किया। साथ में विवेक पांडे पूर्व कुलपति, ओपी दीक्षित, मनोज पांडे, सुमंत शर्मा, इस्लाम अली, मुकेश कुमार पटेल तथा अन्य अतिथियों मौजूद रहे। हरियाणा ने ट्रॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया और निर्धारित 20 ओवर में मध्यप्रदेश टीम ने 218 रन बनाए। राम पाल ने सबसे अधिक 111 रन बनाए। जवाब में हरियाणा ने 14 ओवर में लक्ष्य को पूरा कर लिया। सबसे अधिक 125 रन दीपक मलिक ने टीम को दिए। बिना कोई विकेट के हरियाणा ने मैच जीत लिया। कार्यक्रम के आयोजक सोनू गोलकर ने बताया कि 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर इस मैच का फाइनल मुकाबला इसी ग्राउंड पर होगा।



### भगवान चित्रगुप्त मंदिर पर हवन पूजन आज

**ग्वालियर।** कायस्थ महापंचायत ग्रेटर ग्वालियर के प्रभारी सरपंच टीएस सक्सेना एवं राजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आज शाम 4:30 बजे भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर, कटीघाटी पर आरती एवं हवन पूजन का कार्यक्रम होगा। आयोजन में मुख्य यजमान कायस्थ महापंचायत के संस्थापक सदस्य समाजसेवी उमाशंकर कुलश्रेष्ठ एवं धर्मपत्नी श्रीमती कुसुमलता कुलश्रेष्ठ होंगे। हवन पूजन कार्यक्रम विद्वान पंडित राजेश्वर राव द्वारा कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए महिला विंग की रामा सक्सेना, स्मिता श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, नीलिमा श्रीवास्तव, शिवानी श्रीवास्तव, पूजा श्रीवास्तव, रीना कुलश्रेष्ठ, सुरभि श्रीवास्तव, भावना श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव, रीना श्रीवास्तव, सुजाता सक्सेना, राधा भटनागर, मनीषा निगम, ममता भटनागर, सुषमा निगम, संध्या निगम, नीना भटनागर, माधवी श्रीवास्तव, नीलिमा श्रीवास्तव, सरिता श्रीवास्तव, अर्चना सक्सेना, गीता सक्सेना, काजोल सक्सेना, अर्चना सिन्हा, आरती माथुर, संध्या श्रीवास्तव, कांति सक्सेना, रंजन सक्सेना, दीप्ति सक्सेना, आराधना श्रीवास्तव, कीर्ति खरे ने अपील की है।

## ब्रीफ न्यूज

### सूडानः अर्धसैनिक हमले में 12 की मौत, दर्जनों घायल

**खार्तूम ।** सूडान के गीजिरा राज्य में अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हमलों में करीब 12 लोगों की मौत हो गई है। यह हमला अल-महेरिबा क्षेत्र के आठ गांवों को निशाना बनाकर किया गया। आरएसएफ ने भारी गोलाबारी की और लोगों पर सीधे हमले किए। इस हमले में आठ गांव विशेष रूप से प्रभावित हुए। करीब 12 लोग मारे गए। दर्जनों लोग घायल हुए, जिसमें कई की हालत गंभीर है। लोकल मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार इन हमलों में संपत्ति को भी भारी नुकसान हुआ है, और स्थानीय निवासियों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। सूडान में अप्रैल 2023 से सेना और आरएसएफ के बीच संघर्ष जारी है, जिसने देश को गहरे संकट में डाल दिया है। इस संघर्ष के चलते लाखों लोग विस्थापित हुए हैं, और हजारों लोगों की जान जा चुकी है। अंतरराष्ट्रीय संगठन सूडान में बढ़ते मानवीय संकट को लेकर गहरी चिंता व्यक्त कर रहे हैं।

### बांग्लादेश के चट्टोग्राम स्थित तीन मंदिरों पर भीड़ ने किया पथराव

**ढाका।** इस्कॉन के एक पूर्व सदस्य के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किए जाने के बाद से चट्टोग्राम में विरोध प्रदर्शन जारी है। बांग्लादेश के चट्टोग्राम में नारेबाजी कर रही भीड़ ने तीन मंदिरों में तोड़फोड़ कर दी। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि यह हमला बंदरगाह शहर के हरीश चंद्र मुनसेफ लेन में हुआ और इस दौरान तीन मंदिरों को निशाना बनाया। रिपोर्ट में मंदिर अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि नारेबाजी कर रहे लोगों के एक समूह ने मंदिरों पर ईंट-पत्थर फेंके। कोतवाली पुलिस प्रमुख ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि हमलावरों ने मंदिरों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। पुलिस ने कहा कि मंदिरों को थोड़ा नुकसान हुआ है। हमला करने वालों की तलाश की जा रही है जल्द उन पर कार्यवाही की जाएगी।

### हैरी पॉटर के हीरो को चुकाना होगा 1.8 मिलियन पाउंड का टैक्स

**लंदन ।** हैरी पॉटर किरदार से दुनियाभर में मशहूर होने वाले रुपर्ट ग्रिंट कई सालों से अदालत में लीगल लड़ाई लड़ रहे थे जो टैक्स से जुड़ी हुई थी। अब कई सालों के सबूतों और गवाहों के बाद कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाया है कि एक्टर रुपर्ट ग्रिंट को 1.8 मिलियन पाउंड यानी 18.34 करोड़ रुपए का टैक्स देना होगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह मामला एचएम रेवेन्यू एंड कस्टम्स कंपनी से जुड़ा हुआ है। दरअसल, इस लीगल बैटल साल 2011-12 के टैक्स ईयर से रिटर्न की जांच करने के बाद एक्टर को पैसे चुकाने का ऑर्डर दिया गया है। एक्टर रुपर्ट ग्रिंट के वकील ने बताया कि उन्हें एक कंपनी से मिले पैसों का उन्होंने सही इस्तेमाल करते हुए कैपिटल एसेट में लगाए थे। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि कोर्ट में जज ने ग्रिंट के तर्क को खारिज कर दिया। बता दें, ग्रिंट को एक कंपनी से 4.5 मिलियन पाउंड मिले थे। कोर्ट के मुताबिक एक्टर की तरफ से गड़बड़ हुई लेकिन एचएमआरसी का तर्क है कि पैसे को टैक्स के साथ डिवाइड करना चाहिए था और जांच के बाद ग्रिंट को बताया गया कि उन्हें टैक्स के रूप में अतिरिक्त 1,801,060 पाउंड का भुगतान करना होगा।

---

#### न्यूजीलैंड और स्विट्ज़रलैंड भी सुरक्षित देशों की सूची में

# परमाणु हमले के दौरान अंटार्कटिका, आइसलैंड सबसे सुरक्षित स्थान

### रूस ने परमाणु हमला किया, तो छिड सकता है तीसरा विश्व युद्ध

एजेंसी ■ लंदन

यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने आशंका जताई है कि रूस बड़ा हमला करने की तैयारी कर रहा है। अगर रूस ने परमाणु हमला किया, तो यह तीसरे विश्व युद्ध की ओर ले जा सकता है। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित दक्षिण एशियाई क्षेत्र होगा, जहां भारत, पाकिस्तान और चीन जैसे परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं। इस क्षेत्र में किसी भी बड़े संघर्ष की स्थिति में व्यापक तबाही होना तय है। एक हालिया अध्ययन के अनुसार, परमाणु युद्ध के प्रभाव न केवल रेडिएशन और विस्फोट तक सीमित रहेंगे, बल्कि इसके चलते दुनिया भर में खाद्य आपूर्ति बुरी तरह बाधित होगी। कृषि और व्यापार पर इसके दीर्घकालिक प्रभावों के कारण 6.7 अरब लोग भुखमरी का शिकार हो सकते हैं। अध्ययन में यह भी बताया गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, यूरोप और रूस जैसे क्षेत्रों में सबसे ज्यादा लोग भूख से मरेंगे। अमेरिका में अनुमानित 98 प्रतिशत जनसंख्या भूख का सामना कर सकती है। हालांकि, कुछ देश इस स्थिति में भी अपेक्षाकृत सुरक्षित रह सकते हैं। अर्जेंटीना, ब्राजील, उरुग्वे, पराग्वे, ऑस्ट्रेलिया, आइसलैंड और ओमान जैसे देशों में खाद्य आपूर्ति जारी रहने की संभावना है। दूसरी ओर, हालिया शोध ने सुझाव दिया है कि परमाणु विस्फोट से बचने के लिए मजबूत इमारतों में शरण लेना और दरवाजों व खिड़कियों से दूर



रहना सबसे बेहतर उपाय हो सकता है। रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने हाल ही में दावा किया कि उनकी एंटी बैलिस्टिक मिसाइलें मिनटों में यूरोपीय राजधानियों को निशाना बना सकती हैं। इस तरह के बयान और रूस-यूक्रेन युद्ध की हालिया घटनाएं वैश्विक शांति के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही हैं। अगर यह युद्ध तीसरे विश्व युद्ध में बदलता है, तो इसके परिणाम विनाशकारी होंगे। ऐसे में यह जरूरी है कि वैश्विक नेतृत्व तत्काल कूटनीतिक प्रयासों के जरिए इस संकट को हल करने की दिशा में काम करे। परमाणु युद्ध की आशंका के बीच, विशेषज्ञों ने उन स्थानों की पहचान की है जो इस भयावह स्थिति में अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जा सकते हैं। इन स्थानों में उनकी भौगोलिक स्थिति, राजनीतिक तटस्थता और संसाधनों की उपलब्धता को ध्यान में रखा गया है। अंटार्कटिका को सबसे सुरक्षित स्थानों में गिना जा रहा है। इसकी भौगोलिक अलगाव और रणनीतिक महत्वहीनता इसे संभावित हमलों से बचाती है। विशाल और अविकसित भूमि इस बर्फीले महाद्वीप को हजारों शरणार्थियों को आश्रय देने में सक्षम बनाती है। आइसलैंड अपनी शांति और तटस्थता के लिए जाना जाता है। इसकी भौगोलिक स्थिति इसे युद्ध की स्थिति में कम संभावित लक्ष्य बनाती है। इसी तरह, न्यूजीलैंड भी अपनी तटस्थ विदेश नीति और पहाड़ी भूभाग के कारण एक सुरक्षित स्थान के रूप में उभरता है। स्विट्जरलैंड, अपनी ऐतिहासिक तटस्थता और मजबूत भूभाग के कारण, संकट की स्थिति में शरणस्थल के रूप में एक प्रभावशाली विकल्प हो सकता है। इसके अलावा, ग्रीनलैंड, इंडोनेशिया, और तुवालु जैसे दूरस्थ और राजनीतिक रूप से तटस्थ स्थानों को भी अपेक्षाकृत सुरक्षित माना जा रहा है।

---

#### 175 देशों का प्लास्टिक प्रदूषण घटाने पर जोर

# भारत बोला- विकासशील को मिले वित्तीय और तकनीकी मदद

एजेंसी ■ नई दिल्ली/ बुसान

प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए दक्षिण कोरिया के बुसान में जुटे 175 देशों के प्रतिनिधि कई मुद्दों पर एकमत नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय संधि पर इस वार्ता के अध्यक्ष लुईस वायस ने शुक्रवार को एक दस्तावेज जारी किया, ताकि सभी देश एक समझौते तक पहुंच सकें। हालांकि इसके सुझावों का विरोध भी शुरू हो गया है। दस्तावेज में प्लास्टिक उत्पादन में कमी करने के लिए वैश्विक लक्ष्य तय करने का जिक्र नहीं है। वहीं, भारत ने साफ कहा कि विकासशील देशों को वित्तीय और तकनीकी मदद के साथ ही प्रौद्योगिकी हस्तांतरण मिलना चाहिए। समिति के अध्यक्ष वाल्डिविसो की ओर से जारी सुझाव में प्लास्टिक उत्पादों की वैश्विक सूची बनाने और गरीब देशों को वैश्विक प्लास्टिक संधि पर काम करने के लिए वित्तीय मदद देने जैसे विचार शामिल हैं। इसमें कहा गया कि प्लास्टिक प्रदूषण गंभीर पर्यावरणीय और स्वास्थ्य समस्या है। बुसान में संयुक्त राष्ट्र अंतर-सरकारी वार्ता समिति (आईएनसी-5) की पांचवीं और अंतिम बैठक में प्लास्टिक पर वैश्विक रूप से बाध्यकारी नियमों पर सहमति बनाने की



पुरजोर कोशिश की जा रही है। एक दिसंबर को बैठक का आखिरी दिन है। हालांकि दस्तावेज में यह स्पष्ट नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय संधि में प्लास्टिक उत्पादन में कमी के लिए वैश्विक लक्ष्य तय करना चाहिए या नहीं। दस्तावेज में यह भी साफ नहीं किया गया कि समृद्ध देश फंड में कितनी रकम देंगे।

**प्लास्टिक उत्पादन कम करना जरूरी-** ग्रीनपीस के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जी. फोर्ब्स ने कहा कि प्लास्टिक उत्पादन को कम करना संधि का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए। प्लास्टिक निर्माता संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाली अंतरराष्ट्रीय रासायनिक संघ परिषद के प्रवक्ता ने स्टीवर्ट हैरिस समझौते को अंतिम रूप देने के लिए इन कोशिशों का समर्थन किया है, लेकिन वह उत्पादन की सीमा तय करने के बजाय प्लास्टिक अपशिष्ट को कम करने और पुनर्चक्रण पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।

### प्लास्टिक के विकल्पों का समर्थन, लेकिन इन उत्पादों को बढ़ाव नहीं

सिंगल यूज वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने और टिकाऊ विकल्पों को अपनाने का आह्वान करने वाले भारत ने कहा कि वह प्लास्टिक के विकल्पों और तकनीकों के शोध व विकास का समर्थन करता है, लेकिन इन उत्पादों या तकनीकों के इस्तेमाल को बढ़ावा नहीं देना चाहता। भारत ने आईएनसी-5 के अध्यक्ष वाल्डिविसो के प्लास्टिक उत्पादों में हानिकारक रसायनों का इस्तेमाल कम करने के सुझाव का भी विरोध किया है। भारत ने तर्क दिया कि प्लास्टिक प्रदूषण संबंधी अंतिम समझौते में अन्य अंतरराष्ट्रीय समझौतों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

---

## रूस के साथ सीजफायर पर यूक्रेन ने रखी शर्त, नाटो की भूमिका अहम



एजेंसी ■ कीव

रूस-यूक्रेन युद्ध, जो फरवरी 2022 से दुनिया को झकझोर रहा है, अब खत्म होने की संभावना बन रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने युद्धविराम के लिए रूस के साथ समझौते की इच्छा जताई है, और इसके लिए उन्होंने नाटो की प्रमुख भूमिका और सुरक्षा गारंटी की शर्त भी रखी है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने अपने एक बयान में कहा है, कि यदि नाटो यूक्रेन के नियंत्रण में बचे क्षेत्रों को अपने सुरक्षा दायरे में शामिल करता है, तो यूक्रेन सीजफायर के लिए तैयार है। इसी के साथ ही ज़ेलेंस्की ने नाटो से आग्रह किया है कि वह यूक्रेन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं को स्वीकार करे। उन्होंने स्पष्ट किया है कि रूस द्वारा कब्जे में लिए गए पूर्वी क्षेत्रों को फिलहाल सीजफायर समझौते में शामिल नहीं किया जाएगा। ज़ेलेंस्की ने अपने बयान में कहा, कि यदि हम युद्ध को रोकना चाहते हैं, तो हमें नाटो की सुरक्षा कवच के तहत यूक्रेन के नियंत्रण वाले क्षेत्रों को लाना होगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि पुतिन भविष्य में यूक्रेन पर हमला नहीं करेंगे। हालांकि, रूस ने अभी तक इस प्रस्ताव पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। रूस और यूक्रेन के बीच यह संघर्ष तब शुरू हुआ जबकि रूस ने यूक्रेन के क्रीमिया और डोनबास क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। इसके बाद पूर्वी यूक्रेन के कई हिस्से रूस के नियंत्रण में चले गए, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता चला गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में इस युद्ध को खत्म करने की योजना बनाई जा रही है।


---

## सीरिया में आतंक! जिहादियों ने कत्लेआम किया और शहर में घुसे, कई गांव भी कब्जाए

एजेंसी ■ तेहरान

जिहादियों और उनके तुर्की समर्थित विद्रोहियों ने सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो पर हमला कर दिया। कत्लेआम मचाते हुए अंदर घुस गए। कई इलाकों और गांवों पर कब्जा कर लिया। विद्रोहियों ने ईरान और रूस समर्थित सरकार की सेनाओं पर गोलीबारी की। इसे अब तक का सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। इसमें 255 लोग मारे गए हैं। मरने वालों में ज्यादातर लड़ाके बताए जा रहे हैं। 24 आम नागरिकों के भी मारे जाने की खबर है। एजेंसियों के मुताबिक, ज्यादातर रूस के हवाई हमले में मारे गए।

रिपोर्ट के मुताबिक, हमला बुधवार रात शुरू हुआ। ठीक उसी दिन जिस दिन से लेबनान में हिजबुल्लाह और इजराइल की सेनाओं के बीच युद्ध विराम का ऐलान हुआ था। इस्लामी आतंकवादी समूह हयात तहरीर अल-शाम से जुड़े एक चैनल पर पोस्ट किए गए वीडियो में उनके



लड़ाके शहर के अंदर वाहनों में घूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। 2016 में सेना द्वारा खदेड़े जाने के बाद यह पहली बार है जब राष्ट्रपति बशर अल-असद की सेना से लड़ने वाले विद्रोही अलेप्पो तक पहुंचे हैं।

ब्रिटेन स्थित ऑब्जर्वेटरी के अनुसार, शुक्रवार तक जिहादियों और उनके सहयोगियों ने उत्तर में 50 से अधिक कस्बों और गांवों पर कब्जा कर लिया था। सरकार और विद्रोहियों के बीच 2011 से यह युद्ध चल रहा है। इसमें अब तक पांच लाख से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। अलेप्पो लगभग 20 लाख की आबादी वाला शहर है। गृहयुद्ध से पहले यह सीरिया का मैन्यूफैक्चरिंग हब हुआ करता था। सभी जिहादी अलकायदा से जुड़े हुए हैं। उन्होंने शहर में एक छात्रावास पर बमबारी की, जिसमें चार छात्र मारे गए। उधर, सीरियाई और रूसी विमानों ने इदलिब के आसपास के विद्रोही इलाकों पर हवाई हमले किए। ये वो इलाका है, जहां ज्यादातर जिहादी जमा हैं। इनसे निपटने के लिए सेना की अतिरिक्त टुकड़ी अलेप्पो शहर पहुंच गई है। कुछ इलाकों को इनके कब्जे से मुक्त करा लिया गया है।

---

### कमला हैरिस के वीडियो पर विवादः सोशल मीडिया पर मचा हंगामा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के एक वीडियो ने सोशल मीडिया पर हंगामा मचा रखा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद कमला विवादों में आ गई हैं। विरोधियों ने वीडियो में उनके व्यवहार को लेकर सवाल उठाए हैं। सोशल मीडिया पर कुछ रिपब्लिकन नेताओं ने इसे अजीब और असहनीय करार दिया है, जबकि अन्य ने इसे सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल इस वीडियो में कमला हैरिस के हाव-भाव और बोलने के अंदाज को लेकर रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं ने आलोचना की है। वर्जीनिया फॉक्स (आर-एनसी) ने तो इसे डायल-अप मॉडेम साउंड से भी अधिक असहनीय बताया है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सहयोगी बेन विलियमसन ने इस वीडियो के सार्वजनिक होने पर ही सवाल उठा दिए हैं।

---

## इटली ने सरोगेसी को यूनिवर्सल क्राइम घोषित किया, मेलोनी सरकार का ऐतिहासिक निर्णय

#### अमेरिका सहित यूरोपियन देशों में सरोगेसी को लेकर क्या है कानून

एजेंसी ■ रोम

इटली ने सरोगेसी पर बैन को कड़ा कर इस यूनिवर्सल क्राइम घोषित कर दिया है। इटली में सरोगेसी पहले से ही अवैध थी, लेकिन इस नए कानून ने सरोगेसी को एक अंतरराष्ट्रीय अपराध के रूप में वर्गीकृत किया है।

प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की दक्षिणपंथी सरकार ने कदम को परिवार और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक बताया है। मेलोनी सरकार का कहना है कि यह कानून सरोगेसी के कारोबारीकरण को रोकने और महिलाओं के शोषण से बचाने के लिए लाया गया है। यूनिवर्सल क्राइम का अर्थ होता हैं कि इस नए कानून के तहत, यदि कोई इटालियन नागरिक विदेश में भी सरोगेसी प्रक्रिया में शामिल होता है, तब उस नागरिक को अपराधी माना जाएगा और वह इटली के कानून के



तहत सजा का पात्र होगा। इतना ही नहीं मेलोनी सरकार ने सरोगेसी को रीटो यूनिवर्सल (अपराध) के रूप में वर्णित किया गया है, जो नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराधों जैसी गंभीर श्रेणियों में रखा गया है। नए कानून के तहत, दोषी पाए गए व्यक्तियों को भारी जुर्माना और कारावास का सामना करना पड़ सकता है। जहां यूरोपियन देश फ्रांस और जर्मनी में सरोगेसी पूरी तरह से प्रतिबंधित है। वहीं ग्रीस में गैर-व्यावसायिक सरोगेसी को कानूनी मान्यता दी गई है, जहां भावी माता-पिता को जन्म के समय कानूनी अधिकार मिलते हैं। अमेरिका के कैलिफोर्निया में व्यावसायिक सरोगेसी कानूनी है, और सरोगेट मां को मुआवजा दिया जा सकता है। भारत और अन्य देश- भारत में 2021 के नए कानून के तहत केवल नैतिक और गैर-व्यावसायिक सरोगेसी की अनुमति है।

---

**हथियार** | हथियार खरीदी में दलाली को लेकर यूनुस सरकार संदेह के घेरे में

# 52 साल बाद बांग्लादेश पहुंचा हथियार से भरा पाकिस्तान का जहाज

एजेंसी ■ ढाका

बांग्लादेश में फैली अशांति के बीच यूनुस सरकार ने अपनी सेना के लिए पाकिस्तान से जमकर हथियारों की खरीद की है। करीब 52 साल बाद पाकिस्तान से हथियार लेकर जहाज बांग्लादेश पहुंचा है। पूर्व पीएम शेख हसीना द्वारा बचाए गए राजकोष का जमकर दुरुपयोग हो रहा है। पाकिस्तान से हुई हथियार खरीदी में दलाली को लेकर यूनुस सरकार संदेह के घेरे में है। अभी कार्यभार संभाले उन्हें ज्यादा समय नहीं हुआ था कि सेना की तरफ से बताया गया कि फौज के पास मौजूद गोला बारूद और रायफलों के राउंड खत्म होने के कगार पर हैं। बांग्लादेश की स्थितियों को देखते हुए कई देशों से गोला बारूद की बात हुई लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। बांग्लादेश में मौजूद सलाहकारों ने भारत की जगह किसी और देश से गोला बारूद मंगाने को कहा। ऐसे में जब अन्य देशों से कोई उम्मीद नहीं रही तो प्रशासन के अंदर बैठे लोगों ने पाकिस्तान से गोला बारूद मंगाने को कहा। पाकिस्तान ने बांग्लादेश से कहा कि वह पहले पैसा दे दे उसके बाद वह हथियारों की आपूर्ति करेगा। पाकिस्तान खुफिया एजेंसी ने अपने प्रशासन को सलाह दी की



बांग्लादेश जो भी पैसा दे वह उसे ले ले क्योंकि 1971 के बाद यह पहली बार था जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान से हथियार मांगे थे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश ने पाकिस्तान से करीब 50000 राउंड गोला बारूद, 3000 यूनिट टैंक गोला बारूद, 50 टन आरडीएक्स विस्फोटक समेत 20000 राउंड गोला बारूद भी सप्लाई करने को कहा। दिलचस्प है कि बांग्लादेश ने हथियारों का जो आर्डर दिया वह उनके शेख हसीना के समय से खरीदे गए ऑर्डर से कहीं ज्यादा था। इसके कारण 52 साल बाद हथियारों से भरा एक जहाज पाकिस्तान से बांग्लादेश के चटगांव बंदरगाह पर पहुंचा, जिसमें बताया जा रहा है कि हथियारों के अलावा कुछ अन्य सामान भी शामिल था। इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है कि बांग्लादेश के पास पाकिस्तान से कितनी हथियार पहुंचे है। इस बात की चर्चा भी हुई जब पाकिस्तान से पानी के रास्ते सीधा एक जहाज मध्य नवंबर में बांग्लादेश के चटगांव बंदरगाह पर पहुंच गया। फिलहाल आने वाले समय में बांग्लादेशी सेना इन हथियारों का अपने हिसाब से प्रयोग करेंगी लेकिन हथियारों के इस जखीरे की खरीद में दलाली की बातें भी सामने आ रही है, जिसे लेकर यूनुस सरकार समेत बांग्लादेशी सेना के अनेक अधिकारी सवालों के घेरे में हैं।


---

## सबसे ज्यादा आयकर वसूलने वाले देशों में फिनलैंड प्रथम, जापान दूसरे नंबर पर

एजेंसी ■ लंदन

फिनलैंड सबसे ज्यादा आयकर वसूलने वाला देश है। यहां व्यक्तिगत आयकर की अधिकतम दर 57.3प्रतिशत है। सरकार उच्च कर दर के बदले नागरिकों को उत्कृष्ट सार्वजनिक सेवाएं और जीवन स्तर प्रदान करती है। वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में कुछ देश नागरिकों से सबसे अधिक आयकर वसूलते हैं। इन देशों में प्रगतिशील कर प्रणाली लागू है, जिसमें ज्यादा कमाई करने वालों से अधिक कर लिया जाता है। आयकर से जुटाई गई राशि का उपयोग नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं, स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर जीवन स्तर प्रदान करने के लिए किया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, फिनलैंड के बाद जापान का स्थान है, जहां शीर्ष आयकर दर 55.95प्रतिशत है। यहां की प्रगतिशील कर प्रणाली उच्च आय वालों से अधिक कर वसूलती है। डेनमार्क तीसरे स्थान पर है, जहां अधिकतम आयकर दर 55.9प्रतिशत है। ऑस्ट्रिया और स्वीडन भी इस सूची में शामिल हैं, जहां व्यक्तिगत आयकर की दरें क्रमशः 55प्रतिशत और 52.3प्रतिशत तक जाती हैं। इन देशों में आयकर का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सार्वजनिक सेवाओं के लिए किया जाता है। अरूबा, जो अपने पर्यटन स्थलों के लिए प्रसिद्ध है।

# लोक प्रेरक के रूप में लोक- संचारी नारद की आवश्यकता



वर्तमान में नारद मुनि के संदेश की आवश्यकता है नारद (नार का अर्थ है ज्ञान और दा का अर्थ है दाता या प्रदाता) एक लोक संचारी या एक सार्वभौमिक पर्यटक के रूप में लोकप्रिय हैं। वे या एक प्रेरक के रूप में भी लोकप्रिय हैं, लेकिन उनका अंतिम उद्देश्य हमेशा लोक कल्याण या सार्वभौमिक लाभ के लिए होता है। ब्रह्मा के मानस पुत्र या मन से जन्मे पुत्र के रूप में जन्म लेने के समय भी नारद माया से ग्रसित थे, क्योंकि ब्रह्मा ने पुत्र से गृहस्थ बनने और संतान उत्पन्न करने के लिए कहा, लेकिन नारद ने स्पष्ट रूप से मना कर दिया; उन्होंने कहा-क्या कोई मूर्ख होगा जो कृष्ण की सेवा के उत्कृष्ट अमृत को छोड़कर संसार नामक विष का पान करे! ब्रह्मा बहुत निराश हुए और स्पष्ट रूप से क्रोधित हुए, खासकर तब जब नारद के पहले के भाई अर्थात सनक-सनन्दन-सनातन और सनत कुमारों ने भी विनम्रतापूर्वक गृहस्थ बनने से इनकार कर दिया और नारद की प्रतिक्रिया पिता के प्रति उनके सम्मान की अधिक मुखर उपेक्षा थी! तब ब्रह्मा ने नारद को एक योगी बनने का श्राप दिया; एक चंचल, चंचल और स्वप्निल व्यक्ति जो तुच्छ स्वभाव का हो; श्रृंगार (रोमांस) और संगीत में लिप्त हो; एक वीणा वादक, एक बातूनी घुमक्कड़; एक दासी का पुत्र, और बार-बार जन्म लेने के बाद अंततः वह ब्रह्मा के पास लौटेगा और एक परम ज्ञानी बन जाएगा! ब्रह्मा के इस तरह के शापों से नारद अचंभित रह गए और पिता से जतिस्मरा अर्थात पिछले जन्मों की स्मृति रखने और नारायण के कट्टर भक्त होने का आशीर्वाद देने के बाद उन्होंने ब्रह्मा को भी शाप दिया कि अगले तीन कल्पों तक पूरे ब्रह्मांड में उनकी पूजा स्त्रोत, कवच, मंत्र, पूजा, व्रत या अग्नि होमा के माध्यम से नहीं की जाएगी! नारद का पुनर्जन्म गंधर्व राजकुमार के रूप में हुआ जिसका नाम उपबर्हण था - जिसका शाब्दिक अर्थ है भक्ति वाला। उनका विवाह एक अन्य गंधर्व राजा की पचास बेटियों से हुआ और उनकी पत्नियों में सबसे बड़ी मालवती एक प्रख्यात पतिव्रता थीं। हालाँकि उन्हें रंभा से एक तुच्छ प्रेम था और इस अविवेक के लिए ब्रह्मा ने उन्हें मृत्यु के योग से अपना जीवन समाप्त करने का शाप दिया; इस प्रकार उन्होंने छह चक्रों को तोड़कर योग का अभ्यास किया (मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्ध और आज्ञा) और सोलह नाड़ियाँ (इडा, सुषुम्ना,मेधा, पिंगला, प्राणहारिणी, सर्व ज्ञानप्रदा, मनः संयमनी, विशुद्ध, निरुद्ध, वयसंचारिणी, ज्ञान जृम्भारण कारिणी, सर्व प्राणाहार और पुनर्जीवनकारिणी) और योग की मृत्यु हो गई। नारद के जीवन का एक प्रसंग दक्ष प्रजापति द्वारा उन्हें गृहस्थ बनने के श्राप से संबंधित है, क्योंकि नारद ने प्रजापति की संतान हर्यस्व को संसार या पारिवारिक जीवन से दूर रहने का निर्देश दिया था।

# एड्स पीड़ितों के प्रति बदले समाज की सोच



योगेश कुमार गोयल

**एच.आई.वी. संक्रमण के बाद एक ऐसी स्थिति बन जाती है कि इससे संक्रमित व्यक्ति की मामूली से मामूली बीमारियों का इलाज भी दूभर हो जाता है और रोगी मृत्यु की ओर खिंचा चला जाता है। आज भी यह खतरनाक बीमारी दुनियाभर के करोड़ों लोगों के शरीर में पल रही है। एड्स महामारी के कारण अफ्रीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं।**

न केवल भारत में बल्कि समस्त विश्व में लोगों के लिए 'एड्स' आज भी एक भयावह शब्द है। एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम) का अर्थ है शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होने से अप्राकृतिक रोगों के अनेक लक्षण प्रकट होना। एच.आई.वी. संक्रमण के बाद एक ऐसी स्थिति बन जाती है कि इससे संक्रमित व्यक्ति की मामूली से मामूली बीमारियों का इलाज भी दूभर हो जाता है और रोगी मृत्यु की ओर खिंचा चला जाता है। आज भी यह खतरनाक बीमारी दुनियाभर के करोड़ों लोगों के शरीर में पल रही है। एड्स महामारी के कारण अफ्रीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं। 'रॉयटर्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद से 77 मिलियन से भी अधिक लोगों में इसका वायरस फैल चुका है। वर्ष 2017 में विश्वभर में करीब 40 मिलियन लोग एचआईवी संक्रमित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर 2023 के अंत तक 3.95 करोड़ लोग एचआईवी के साथ जी रहे थे। एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व एड्स दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 'टेक द राइट पाथ' (सही रास्ता अपनाएं) विषय के साथ मनाया जा रहा है।

वैसे एड्स का इतिहास काफी दिलचस्प है। दरअसल 1981 में न्यूयार्क तथा कैलिफोर्निया में न्यूमोसिस्टिस न्यूमोनिया, कपोसी सार्कोमा तथा चमड़ी रोग जैसी असाधारण बीमारी का इलाज करा रहे पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण पहली बार मिले थे। चूंकि जिन मरीजों में एड्स के लक्षण देखे गए थे, वे सभी समलैंगिक थे, इसलिए उस समय इस बीमारी को समलैंगिकों की ही कोई गंभीर बीमारी मानकर इसे 'गे रिलेटेड इम्यून डेफिशिएंसी' (ग्रिड) नाम दिया गया था। इन मरीजों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता असाधारण रूप से कम होती जा रही थी लेकिन कुछ समय पश्चात् जब दक्षिण अफ्रीका की कुछ महिलाओं और बच्चों में भी इस बीमारी के लक्षण देखे जाने लगे, तब जाकर यह धारणा समाप्त हुई कि यह बीमारी समलैंगिकों की ही बीमारी है। तब गहन अध्ययन के बाद पता चला कि यह बीमारी एक सूक्ष्म विषाणु के जरिये होती है, जो रक्त एवं यौन संबंधों के जरिये एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है। तत्पश्चात् इस बीमारी को एड्स नाम दिया गया, जो एचआईवी नामक वायरस द्वारा फैलती है। यह वायरस मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला




करके मानव रक्त में पाई जाने वाली श्वेत रक्त कणिकाओं को नष्ट करता है और धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह नष्ट हो जाती है। यही स्थिति 'एड्स' कहलाती है। अगर एड्स के कारणों पर नजर डालें तो मानव शरीर में एचआईवी का वायरस फैलने का मुख्य कारण हालांकि असुरक्षित सेक्स तथा अधिक पार्टनरों के साथ शारीरिक संबंध बनाना ही है लेकिन कई बार कुछ अन्य कारण भी एचआईवी संक्रमण के लिए जिम्मेदार होते हैं। शारीरिक संबंधों द्वारा 70-80 फीसदी, संक्रमित इंजेक्शन या सुईयों द्वारा 5-10 फीसदी, संक्रमित रक्त उत्पादों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया के जरिये 3-5 फीसदी तथा गर्भवती मां के जरिये बच्चे को 5-10 फीसदी तक एचआईवी संक्रमण की संभावना रहती है।

डब्ल्यूएचओ तथा भारत सरकार के सतत प्रयासों के चलते हालांकि एचआईवी संक्रमण तथा एड्स के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के अभियानों का कुछ असर दिखा है और संक्रमण दर घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010 से अभी तक एचआईवी संक्रमण की दर में 40 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। फिर भी भारत में एड्स के प्रसार के कारणों में आज भी सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं जिम्मेदारी का अभाव, अशिक्षा, निर्धनता, अज्ञानता और बेरोजगारी प्रमुख कारण हैं। अधिकांशतः लोग एड्स के लक्षण उभरने पर भी बदनामी के डर से न केवल एच.आई.वी. परीक्षण कराने से कतराते हैं बल्कि एचआईवी संक्रमित किसी व्यक्ति की पहचान होने पर उससे होने वाला व्यवहार तो बहुत चिंतनीय एवं निंदनीय होता है। इस दिशा में लोगों में जागरूकता पैदा करने के संबंध में सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा भले ही कितने भी दावे किए जाएं पर एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव के सामने आने वाले मामले विभिन्न राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटियों एवं सरकारी तथा गैर सरकारी प्रयासों की पोल खोलते नजर आते हैं। देशभर में ऐसे बहुत से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति और उनके परिवार हैं, जिन्हें एचआईवी संक्रमण का खुलासा होने के बाद समाज और अपने ही लोग हिकारत भरी नजरों से देखते थे।

वास्तविकता यही है कि लोगों में एड्स के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं हो रहे, जिस स्तर पर होने चाहिएं। लोगों को जागरूक करने के लिए हमारी भूमिका अभी भी सिर्फ चंद पोस्टर चिपकाने और टीवी चैनलों या पत्र-पत्रिकाओं में कुछ विज्ञापन प्रसारित-प्रकाशित कराने तक ही सीमित है और शायद यही कारण है कि 21वीं सदी में जी रहे भारत के बहुत से पिछड़े ग्रामीण अंचलों में खासतौर से महिलाओं ने तो एचआईवी संक्रमण जैसे शब्द के बारे में कभी सुना तक नहीं। तमाम प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोग इसे छूआछूत की बीमारी ही मानते हैं और इसीलिए वे ऐसे रोगी के पास जाने से भी घबराते हैं। तमाम दावों के बावजूद आज भी समाज में एड्स रोगियों को बहुत सी जगहों पर तिरस्कृत नजरों से ही देखा जाता है।

एड्स पर नियंत्रण पाने के लिए जरूरत है प्रत्येक गांव, शहर में इस संबंध में गोष्ठियां, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनियां इत्यादि के आयोजनों की ताकि लोगों को सरल एवं मनोरंजक तरीकों से ही इसके बारे में पूरी जानकारी मिल सके। एड्स जैसे विषयों पर सार्वजनिक चर्चा करने से बचने की प्रवृत्ति तथा एड्स पीड़ितों के प्रति बेरूखी व संवेदनहीनता की प्रवृत्ति अब हमें त्यागनी ही होगी।

# डिग्रीयां तो पढ़ाई के खर्चे की रसीदें है ज्ञान तो वही है जो किरदार में झलके

सृष्टि में अनमोल बौद्धिक ज्ञान का धनी मानवीय प्राणी को जन्म से ही परिवार, समाज, मानवीय संपर्कों से व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान मिलना शुरू हो जाता है।याने जैसे जैसे मानुष बाल्य काल से बचपन और फिर युवा होता है, वैसे-वैसे व्यवहारिक ज्ञान शिक्षा के माध्यम से ऑटोमेटिक अली स्वतः संज्ञान से उसकी बौद्धिक क्षमता परिपक्व होती जाती है और फिर स्कूल कॉलेज से लेकर अनेक डिग्रियों यानें किताबी ज्ञान पाकर सोने पर सुहागा की कहावत हम पूरी करते हैं। इस तरह हम देखते हैं कि, शिक्षा दो तरह की होती है। एक किताबी शिक्षा और दूसरी व्यवहारिक शिक्षा। अगर किताबी शिक्षा के साथ साथ हमको व्याहारिक शिक्षा का ज्ञान नहीं है तो हम शिक्षित होते हुए भी अशिक्षित की श्रेणी में आयेंगे। और अगर हमको शिक्षा के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान भी है तो हम शिक्षित लोगो की श्रेणी में आयेंगे। साथियों भारत में कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि कौशलता विकास पर जोरदार तरीके से फोकस किया जा रहा है जिसके लिए केंद्र सरकार द्वारा एक अलग से कौशलता विकास मंत्रालय का भी गठन किया गया है जो अनेक राज्यों में विभिन्न स्तरोंपर कौशलता विकास का जन जागरण अभियान चला रहा हैं। इसके लिए हुनर हाट सहित अनेकों कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है।



मेरा मानना है कि इनका सबसे सटीक कारण हर नागरिक को नौकरी पाने वाला नहीं नौकरी देने वाला बनाना है, जिससे बेरोजगारी की समस्या भी दूर होगी और जो कौशलता के रूप में ज्ञान प्राप्त करेंगे, उनके किरदार में भी झलकेगा जो हमारी सदियों पुरानी संस्कृति भी रही है। इसके विपरीत हम देखते हैं कि किताबी पढ़ाई वाली डिग्रियां जिसे हम पढ़ाई के खर्चे की रसीदें भी कर सकते हैं, प्राप्त करने के बाद भी इंटर्नशिप या प्रैक्टिकल ट्रेनिंग लेना जरूरी होता है। केवल डिग्री के बलपर हम अपने व्यवसाय में प्रैक्टिस नहीं कर सकते या किसी जॉब में शामिल होने के बाद भी उसकी ट्रेनिंग लेनी होती है और हमारा किरदार उसमें झलकता है कि हम इसके विशेषज्ञ हैं फ़िर भी अक्सर देखा गया है कि बड़ी-बड़ी डिग्रियां प्राप्त करने के बाद जब सेवा करनें का मौका आता है तो अनेक लोग विदेशों में जाकर सेवाएं प्रदान करते हैं और वही बस जाते हैं इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि डिग्रियां तो पढ़ाई की रसीदें हैं, परंतु ज्ञान तो वही है जो किरदार में झलके। साथियों बात अगर हम किताबी ज्ञान की करें तो, परिभाषा के अनुसार जिसने किताबी ज्ञान अर्जित किया हो और स्कूल कॉलेज की परीक्षाओं को पास करके डिग्री हासिल की हो वो शिक्षित है, और जिसे अक्षर ज्ञान ना हो, वो किताबी अनपढ़।पर क्या शिक्षा का अर्थ सिर्फ केवल किताबी ज्ञान अर्जित करना ही है? एक शिक्षित इंसान के द्वारा फेंका हुआ कचरा, अगर सुबह एक किताबी अशिक्षित इंसान (सफाई कर्मचारी) उठाता है।ऐसे में किसे शिक्षित कहना चाहिए सफाई कर्मचारी को या कचरा फेंकने वाले को? आजकल की शिक्षा ऐसे ही रट्टा फिकेशन की शिक्षा होती जा रही है। जहाँ मतलब समझ आए या ना आए, बस रट्टा मारों और पास हो जाओ। साथियों शायद इसीलिये किताबी पढ़े-लिखे अनपढ़ों की संख्या बढ़ती जा रही है। पिछले कुछ दशकों में शिक्षा का स्तर काफी बढ़ गया है पर शिक्षा की वैल्यू खत्म होती जा रही है। ध्यान दे तो याद आता है जहाँ कुछ साल पहले ग्रेजुएशन ही काफी था, आज पोस्ट ग्रेजुएशन,क्या पीएचडी की भी कोई वैल्यू नहीं है। तकनीकी शिक्षा पर जोर है। तकनीकी शिक्षा गलत नहीं है पर सिर्फ तकनीकी शिक्षा से काम नहीं चलेगा। साथियों बात अगर हम किताबी शिक्षित और किताबी अनपढ़ व्यक्तियों की करें तो, बहुत अंतर है। किताबी अनपढ़ आदमी केलकुलेटर चलाना नहीं जानता सारा हिसाब किताब उंगलियों से करना पड़ता है पढ़ा-लिखा आदमी विना केलकुलेटर के चार में से दो घटाने के लिए भी अपनी उंगली नहीं घिसता। किताबी अनपढ़ व्यक्ति के पास अपने अनुभव के अतिरिक्त कुछ नहीं होता जबकि पढ़ा-लिखा व्यक्ति और के अनुभव भी उपयोग में ले आता है। किताबी अनपढ़ व्यक्ति अधिक प्रेक्टिकल होता है शिक्षित व्यक्ति इतनानही होता।कहीं बाहर जाने पर पढ़ा-लिखा व्यक्ति आसानी से पता ढूढ लेता है जबकि किताबी अनपढ को परेशानी होती है।एक युग था जब समाज में किताबी अनपढ बहुत थे तो उनका कामकाज भी उसी तरह चलता था ।आज किताबी अनपढ़ व्यक्ति को हर तरह की परेशानी उठानी पड़ती है। उसे पढ़े-लिखे लोगों पर आश्रित रहना पड़ता है। साथियों बात अगर हम संस्कारों और विचारधारा की करें तो व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान के परिपक्व व्यक्ति अपने कुल और माता पिता की विचारधारा पर चलकर संस्कारों का परिचय देते हैं। वहीं किताबी ज्ञान डिग्री लेने वाले कुछ अपवादों को छोड़कर संस्कारों और विचारधारा में साफ फर्क दिखा देने लगते हैं अपने कुल और माता पिता की विचारधारा पुरानी और ढकोसली लगने लगती है रिश्ते नातों में कमजोरी को बल मिलता है और विवाहित होने पर सिर्फ अपने परिवार की जवाबदारी तक सीमित हो जाते हैं जबकि व्यवहारिक ज्ञान के धनी व्यक्तियों में ऐसा नहीं है परंतु यह हम जरूर कहेंगे के किताबी ज्ञान वालों से अधिक ज्ञान समझ रखने वाले व्यवहारिक ज्ञान के धनी व्यक्तियों के दोनों हाथों में मलाई होती है जिससे स्थिति अनुसार प्रयोग में करते हैं स्थिति बिगड़ी तो तुम तो पढ़े लिखे हो! हम ठहरे अनपढ़, हमको क्या समझता है! और परिस्थिति का हमारे तरफ झुकाव रहा तो, देखो तुम तो पढ़े लिखे हो! तुम्हारी पढ़ाई लिखाई किस काम की? अच्छा हुआ हम तो अनपढ़ ही बहुत अच्छे है।



एड. किशन भावनानी

## राजकाज



### राहुल के बयान पर विदेश मंत्रालय की दो टूक

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की याददाश्त कमजोर होने का कथित बयान दिया, जिस पर विदेश मंत्रालय ने संज्ञान लेते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दे दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का कहना है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच जो बहुआयामी साझेदारी है, वह कई वर्षों की मेहनत, आपसी सम्मान और दृढ़ता से बनी है। ऐसे में हम इस तरह की टिप्पणियों को दुर्भाग्यपूर्ण मानते हैं। यह भारत और अमेरिका के मधुर और मैत्रीपूर्ण रिश्तों के अनुरूप नहीं है, और यह भारत सरकार के दृष्टिकोण को नहीं दर्शाती।

### मेडिकल कॉलेज और डॉक्टर बढ़े पर स्वास्थ्य?

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने लोकसभा में बताया है कि देश में वर्तमान में डॉक्टर्स का अनुपात जनसंख्या के अनुपात से 1:811 है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मानक 1:1000 से भी बेहतर है। यह जानकारी देते हुए उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के अनुसार, नवंबर 2024 तक देश में 13,86,145 एलोपैथिक डॉक्टर रजिस्टर्ड हैं। वहीं आयुष डॉक्टरों की संख्या देश में 6.14 लाख हैं, जिनमें से 80 प्रतिशत को काम में लगाया गया है। इस पर कहने वाले कह रहे हैं कि इस हिसाब से तो देश की जनता का स्वास्थ्य बेहतर ही होना चाहिए, लेकिन अस्पतालों में बीमारों की लाइनें बताती हैं कि देश का स्वास्थ्य भी ठीक नहीं है, फिर मेडिकल कॉलेज की संख्या और बढ़ते चिकित्सकों के इलाज पर सवाल उठना लाजमी है।

### मणिपुर में भाजपा और सहयोगियों में रार

मणिपुर में जारी हिंसा और राजनीतिक अस्थिरता के बीच मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे की मांग जोर पकड़ रही है। इसे लेकर अब भाजपा और उसके सहयोगियों में भी विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल बीरेन सिंह के इस्तीफे की मांग भाजपा के सहयोगी दल मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) ने की है, जिसके बाद मणिपुर सरकार ने एमएनएफ पर तीखे हमले करने शुरु कर दिए हैं। यहां तक कि उन्हें देशद्रोही और म्यांमार समर्थक तक करार दिया है। इससे तिलमिलाई मिजो नेशनल फ्रंट ने मणिपुर की हिंसा के मद्देनजर सीएम बीरेन सिंह के इस्तीफे की मांग और तेजी से उठाना शुरु कर दिया है। उनका आरोप सही भी है कि राज्य सरकार कानून-व्यवस्था बहाल करने और संकट का समाधान निकालने में विफल रही है। ऐसे में किसी और को चांस देना ही चाहिए, ताकि खून-खराबा रोका जा सके और शांति बहाली हो सके।

## फीचर



# बच्चों को इस प्रकार सिखाएं काम-काज

**वीकेंड पर बच्चों को छोटी-छोटी चीजें व्यवस्थित करना सिखाएं। इसके लिए उन्हें घर के किसी एक कोने को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी दे सकती हैं।**


घर में छोटे बच्चे हो तो घर व्यवस्थित रहेगा, इसकी कल्पना करना भी बेकार है क्योंकि बच्चे घर के सामान को खेल-खेल में बिखेर देते हैं। ऐसे में जरूरी है कि वीकेंड पर बच्चों से ही घर को व्यवस्थित करा लिया जाए, जिससे वे घर का रख-रखाव सीख जाएंगे और घर को व्यवस्थित रखने में आपकी मदद भी कर देंगे।

कोई भी बच्चा एक दिन में पूरे घर की सफाई करना नहीं सीख सकता। वीकेंड पर बच्चों को छोटी-छोटी चीजें व्यवस्थित करना सिखाएं। इसके लिए उन्हें घर के किसी एक कोने को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी दे सकती हैं। आप उन्हें उनके वॉर्डरोब के सामान को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी दें परन्तु उन्हें यह जरूर बताएं कि पहले सारे कपड़े वॉर्डरोब से बाहर निकालें और फिर उन्हें दोबारा तह कर के वॉर्डरोब में लगाएं। उसके बाद कपड़े वॉर्डरोब में इस तरह रखें कि उन्हें इस्तेमाल करने के लिए निकालना आसान रहेगा। यदि आपको लगे कि बच्चा अपना काम ठीक से नहीं कर पा रहा है तो बीच-बीच में उसकी मदद करें तथा काम को सही ढंग से करने का तरीका बताएं। उसे बचाएं कि शर्ट कैसे तह की जाती, मोजों को हमेशा जोड़ा बनाकर रखते हैं ताकि वे खोएं नहीं। यहीं नहीं कपड़े शैल्फ में कैसे रखे जाते हैं यह भी उन्हें करके बताएं। यदि आप उन्हें बुक शैल्फ अरेंज करने का काम दे रही है तो उन्हें बताएं कि बुक शैल्फ में सबसे पहले बड़ी किताबें सैट की जाती हैं, फिर उससे छोटी और सबसे आगे छोटे आकार की किताबें रखी जाती हैं। बच्चा काम को एन्जॉय करते हुए सीख पाए, इसलिए उसकी पसंद का म्यूजिक लगा दें। बीच-बीच में छोटा-सा ब्रेक लेकर उसके साथ डांस करें।

## प्रेरणा

# विनम्रता का पाठ

पंडित विद्याभूषण बहुत बड़े विद्वान थे। दूर-दूर तक उनकी चर्चा होती थी। उनके पड़ोस में एक अशिक्षित व्यक्ति रहते थे-रामसेवक। वे अत्यंत सज्जन थे और लोगों की खूब मदद किया करते थे। पंडित जी रामसेवक को ज्यादा महत्व नहीं देते थे और उनसे दूर ही रहते थे। एक दिन पंडित जी अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी एक राहगीर उधर आया और मोहल्ले के एक दुकानदार से पूछने लगा-भाई यह बताओ कि पंडित विद्याभूषण जी का मकान कौन सा है। यह सुनकर पंडित जी की उत्सुकता बढ़ी। वह सोचने लगे कि आखिर यह कौन है जो उनके घर का पता पूछ रहा है। तभी दुकानदार ने उस राहगीर से कहा-मुझे तो किसी पंडित जी के बारे में नहीं मालूम। तब राहगीर ने कहा-क्या रामसेवक जी का घर जानते हो?



दुकानदार ने हंसकर कहा-अरे भाई उन्हें कौन नहीं जानता। वे बड़े भले आदमी हैं। फिर उसने हाथ दिखाकर कहा- वो रहा रामसेवक जी का घर। फिर दुकानदार ने राहगीर से सवाल किया-लेकिन आपको काम किससे है? पंडित जी से या रामसेवक जी से? राहगीर कहने लगा-भाई काम तो मुझे रामसेवक जी से है। पर उन्होंने ही बताया था कि उनका मकान पंडित विद्याभूषण जी के पास है। यह सुनकर पंडित जी ग्लानि से भर उठे। सोचने लगे कि उन्होंने हमेशा ही रामसेवक को अपने से हीन समझा और उसकी उपेक्षा की पर रामसेवक कितना विनम्र है। वह खुद बहुत प्रसिद्ध होते हुए भी उन्हें ज्यादा महत्व देता है। उसी रात पंडित जी रामसेवक के घर गए और उससे क्षमायाचना की। फिर दोनों गहरे मित्र बन गए।

## अपनी बात



आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबले ने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हों। इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को अन्यायपूर्ण कारावास से मुक्त करें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत सरकार से भी यह आवाहन करता है कि वह बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के प्रयासों को हरसंभव जारी रखे।



राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है, देश में हुए चुनावों ने लोगों को काफी बेचैन कर दिया है, लोगों में निराशा है। हर दिन सुबह 11 बजे संसद में विपक्षी नेता सवाल उठाते हैं। वे अपनी बात रखते हैं लेकिन संसद में उनकी मांगें नहीं मानी जा रही हैं और इसका साफ मतलब है कि संसदीय लोकतंत्र का पालन ठीक से नहीं हो रहा है। ऐसा ही चलता रहा तो यह ठीक नहीं है और हमें लोगों के बीच जाकर उन्हें जागरूक करना होगा।

## ब्रीफ न्यूज

### चन्देल चिडार क्षत्रिय समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आज

**गुना।** चन्देल चिडार क्षत्रिय समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक 1 दिसंबर रविवार को दोपहर 11 बजे बजरंगगढ़ रोड स्थित महर्षि आश्रम के सामने हनुमान मंदिर पर आयोजित की जाएगी। बैठक में अध्यक्ष पद के लिए नारायण लाल मैयर का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हो चुका है। अब जिला समिति का गठन किया जाना है, जिसके लिए सभी समाज बंधुओं की उपस्थिति आवश्यक है। अध्यक्ष नारायण लाल मैयर ने सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि वे बैठक में पहुँचकर इसे सफल बनाएं।

### सार्वजनिक जगह पर शराब पीते हुए दो पर कार्रवाई

**गुना।** जिले की आरोन थाना पुलिस द्वारा रिजोदा रोड पर सार्वजनिक जगह पर बैठकर शराब पीते हुए दो लोगों को पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान रिजोदा रोड से बन्टी पुत्र रमेश केवट निवासी बरबटपुरा एवं दुग्रेश पुत्र भोलाराम अहिरवार को सार्वजनिक जगह पर शराब पीते हुए पकड़ा। जिन पर पुलिस ने धारा 36(बी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### बुजुर्ग महिला को स्कूटी चालक ने मारी टक्कर

**गुना।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत माथुर कॉलोनी में पैदल जा रही बुजुर्ग महिला को एक तेज रफ्तार स्कूटी ने टक्कर मार दी। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया कलादेवी शर्मा निवासी सोनी कालोनी अपने पुत्र दीपक शर्मा के साथ बाजार से सामान लेकर वापस घर जा रही थी। माथुर कालोनी में अरोरा मोबाइल शप के सामने पहुंची कि सामने से स्कूटी का चालक तेजी व लापरवाही से लाकर उसको टक्कर मार दी।

### कलेक्टर द्वारा भ्रष्टाचार के प्रकरण में संलिप्त खनिज विभाग के बाबू को किया निलंबित

**गुना।** कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा लोकायुक्त संगठन इकाई द्वारा भ्रष्टाचार के प्रकरण में संलिप्त सहायक ग्रेड-3 कलेक्टर कार्यालय (खनिज शाखा) गुना दीपक भार्गव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किये गये हैं। जारी आदेश अनुसार सहायक ग्रेड-3 कलेक्टर कार्यालय (खनिज शाखा) गुना दीपक भार्गव को लोकायुक्त संगठन ग्वालियर इकाई द्वारा भ्रष्टाचार के प्रकरण में रंगे हाथो ट्रेप किया गया। दीपक भार्गव का उक्त कृत्य मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-03 के उप नियम (1) (2) (3) का स्पष्ट रूप से उल्लंघन होकर कदाचार की श्रेणी में आता है तथा सिविल सेवक के पदीय दायित्वों एवं आचरण नियमों के विपरीत है। जिसके फलस्वरूप सहायक ग्रेड-3 कलेक्टर कार्यालय गुना दीपक भार्गव को म0प्र0 सिविल सेवा नियम 1966 के नियम-9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किये गये हैं। निलंबन अवधि में श्री भार्गव का मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं उपखंड मजिस्ट्रेट गुना रहेगा तथा निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

जल जीवन मिशन की सभी पेयजल योजनाओं को समय पर पूर्ण करने के दिये निर्देश

# कलेक्टर की अध्यक्षता में नलजल योजना सुचारू रूप से संचाल हेतु बैठक आयोजित



सत्ता सुधार ■ गुना

कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजनाओं के हस्तांतरण के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि हर घर में नल से जल पहुंचाने की योजना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजना है। जिन एकल नलजल योजनाओं का कार्य अपूर्ण है उसे निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराकर ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करें। जनपद के सीईओ पूर्ण नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कराकर उनका संचालन कराएं। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री प्रथम कौशिक, मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ग्वालियर रामलखन सिंह मौर्य उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर डॉ. सिंह ने जल जीवन मिशन की योजनाओं के कार्य की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल योजनाओं के कारण जहां सड़कें खोदी गई हैं उनके मरम्मत का कार्य शीघ्र किया जाये और रोड रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्ता के साथ किया जाए। ताकि ग्रामीणों को आवाजाही में किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक पीपीटी के माध्यम से नल जल योजना के सफल संचालन एवं संधारण, योजना के सफल संचालन के लिए जल संरक्षण का महत्व एवं जल की उपयोगिता, नल जल योजना के सभी अवयवों के रखरखाव के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। जल जीवन मिशन की बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग के कार्यपालन यंत्री एम.एस. भटनागर सहित समस्त जनपद सीईओ, उप यंत्री, सचिव, रोजगार सहायक एवं सरपंच उपस्थित रहे।

# आउटसोर्स भर्ती प्रक्रिया पर सवाल, कर्मचारियों ने उठाई सीधी भर्ती की मांग

### आउटसोर्स कर्मचारियों को उनके वेतन का केवल आधा हिस्सा ही मिलता है



सत्ता सुधार ■ गुना

मप्र लघुवेतन कर्मचारी संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी तीन मुख्य मांगें रखीं। कर्मचारियों ने खास तौर पर आउटसोर्स भर्ती प्रक्रिया में बिचौलियों द्वारा वेतन का बड़ा हिस्सा हड़पने का मुद्दा उठाया और सीधी भर्ती प्रक्रिया लागू करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को उनके वेतन का केवल आधा हिस्सा ही मिलता है। उदाहरण के तौर पर, 20 हजार रुपये के वेतन में से कर्मचारियों को मात्र 10 हजार रुपये ही हाथ में आते हैं, जबकि शेष राशि बिचौलियों के पास चली जाती है। इस अन्यायपूर्ण स्थिति से न केवल कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है, बल्कि उनके अधिकार भी छिन रहे हैं। संघ ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव वित्त विभाग को संबोधित ज्ञापन में यह मांग की कि आउटसोर्स प्रक्रिया को समाप्त कर सभी अस्थायी कर्मचारियों की भर्ती सीधी की जाए। इससे कर्मचारियों को उनका पूरा वेतन मिलेगा और वे आर्थिक शोषण से बच सकेंगे। इसके अतिरिक्त, संगठन ने मांग की कि शासकीय विभागों में रिक्त चतुर्थ श्रेणी पदों को स्थायी कर्मियों, दैनिक वेतनभोगियों और अंशकालीन कर्मचारियों के माध्यम से भरा जाए। ज्ञापन में संगठन ने स्पष्ट किया कि वर्षों से चली आ रही इस व्यवस्था में सुधार की सख्त जरूरत है। आउटसोर्सिंग के नाम पर पहले तो भर्ती के लिए मोटी रकम ली जाती है और फिर वेतन का एक बड़ा हिस्सा हर माह काट लिया जाता है। संगठन का कहना है कि यदि प्रशासन इस पर शीघ्र कदम नहीं उठाता तो कर्मचारी बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# भार्गव कॉलोनी में दिनदहाड़े सूनेघर में चोरों ने सेंधमारी कर पौने तीन लाख की चोरी

### अलमारी में रखे 30 हजार रुपये नकद भी चोर ले गए

सत्ता सुधार ■ गुना

सिटी कोतवाली थानांतर्गत भार्गव कॉलोनी में एक सूनेघर ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने करीब 2.80 लाख रुपये के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। फरियादी ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी सोनू किरार ने बताया कि गत सुबह करीब 10 बजे वह अपने घर का ताला लगाकर पत्नी और बच्चों को बस स्टैंड छोड़ने गए थे। इसके बाद वे सीधे अपने कार्यालय पंजाब नेशनल बैंक चले गए। दोपहर 3:30 बजे जब वे घर लौटे तो देखा कि घर का मुख्य ताला टूटा हुआ था और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था। अलमारी में रखे सोने के आभूषण, जिनमें एक सोने का मंगलसूत्र कीमत 1 लाख, दो सोने की बालियां कीमत 40 हजार), दो अंगूठियां कीमत 50 हजार और दो टॉप्स कीमत करीबन 25 हजार को चोर चोरी कर ले गए। इसके अलावा चांदी के सामान, जिनकी कीमत लगभग 10 हजार रुपये थी, और एक कीमती घड़ी भी गायब थी। अलमारी में रखे 30 हजार रुपये नकद भी चोर ले गए। फरियादी ने बताया कि चोर घर के पीछे की तरफ से अंदर घुसे और वारदात को अंजाम दिया। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 2.80 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# पेयजल की व्यवस्था के लिए तत्काल कराया बोर खनन कार्य

### सहायता रेडक्रॉस सोसायटी से स्वीकृत करायी गई

सत्ता सुधार ■ गुना

प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा विगत दिवस बमोरी विधानसभा के ग्राम पन्हेंटी में बंजारा बस्ती में हुए आगजनी का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान मंत्री श्री राजपूत द्वारा आर्थिक सहायता राशि प्रभावितों को प्रदाय करने एवं पेयजल की व्यवस्था के संबंध में बोर खनन कार्य के निर्देश कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह को दिए हैं। जारी निर्देशों के क्रम में कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा घटना के प्रभावित 3 लोगों को 20-20 हजार एवं 19 लोगों को 15-15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता रेडक्रॉस सोसायटी से स्वीकृत करायी गई है। इसके साथ ही बंजारा समाज की महिलाओं की पेयजल एवं बोर खनन की मांग पर उक्त स्थान पर बोर खनन कार्य भी करा दिया गया है।

### भाजपा के बूथ अध्यक्षों का सम्मान, संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

**गुना।** शनिवार को भाजपा के जिला निर्वाचन अधिकारी विनोद गोटिया ने गुना का दौरा किया और नगर मंडल के बूथ समितियों के नव निर्वाचित अध्यक्षों से मुलाकात की। इस अवसर पर बूथ क्रमांक 60 के अध्यक्ष का भव्य अभिनंदन किया गया। जिसमें ढोल-नगाड़ों के साथ अभिनंदन यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान नव निर्वाचित बूथ अध्यक्षों को अंग वस्त्र, शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। गोटिया ने बूथ समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया।

# घर के बाहर बैठी महिला के साथ दो लोगों ने की मारपीट

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के मृगवास थाना अंतर्गत ग्राम लोधीपुरा में दो लोगों ने घर के बाहर बैठी महिला के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया भूली बाई पत्नी अनार सिंह गुर्जर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम वह घर के बाहर खड़ी थी। तभी वहाँ पर लाखन गुर्जर व भारत सिंह गुर्जर आए और मेड के ऊपर से गाली गलौंच कर लातघुसों से मारपीट कर दी। जिसमें वह घायल हो गए। मामले में पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 115(2),296,324(2),3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

### पैसे के लेनदेन में युवक के साथ मारपीट

इधर जिले के आरोन थानांतर्गत ग्राम क्यांपुर में पैसे के लेने में एक युवक के साथ गांव के ही दो लोगों ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी माखन पुत्र गोलरिया प्रजापति ने अपने पिता गोलरिया प्रजापति के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनके गांव के दिप्पू प्रजापति से कुछ महीने पहले पैसों के लेन देने को लेकर विवाद हो गया था। गत दिवस जब वह अपने पडुआ वाले खेत ग्राम क्यांपुर में पानी दे रहा था, तभी वहां पर दिप्पू प्रजापति और कल्ला प्रजापति आये और पुरानी रंजिस पर गाली गलौंच कर कुल्हाडी से हमला कर दिया। जिसमें उसे चोट लगकर खून निकल आया। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### जमीन विवाद में चल रही थी दो गांवों की पंचायत, जमकर हुआ विवाद

**गुना।** जिले के मृगवास थानांतर्गत ग्राम कोलम्बेह में जमीन को लेकर दो गांवों के पंचों के बीच चल रही पंचायत के दौरान जमकर विवाद हुआ। इस दौरान एक गांव के लोगों ने दूसरे गांव के लोगों के साथ मारपीट कर दी। हालांकि मामले में एक व्यक्ति की शिकायत पर तीन लोगों पर मामला दर्ज हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रामचरण गुर्जर ने गांव के मांगीलाल पिता हरचन गुर्जर के साथ पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस गांव के भूरालाल पिता ईश्वरलाल गुर्जर ने बोला कि आज ग्राम कोलम्बेह में जमीन की पंचायत है, तो साथ चल। जिस वह फरियादी उसके साथ कोलम्बेह आया। जहां पर ग्राम कुलम्बेह के पंच व ग्राम केकडी बीरान के पंच बैठकर बात कर रहे थे कि भूरेलाल गुर्जर ने जो जमीन खरीदी है वह दूसरी है। भूरेलाल गुर्जर बोला कि मेरी जमीन सड़क किनारे है।

# ट्रेक्टर ने बाईक युवक को रौंदा, मौके पर ही मौत



सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के म्याना थाना अंतर्गत ऊमरी पुलिस चौकी क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से एक बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। घटना गत दिवस दोपहर की है। बाइक सवार अपने घर से किराने का सामान लेने ऊमरी जाने के लिए निकला था। इसी दौरान यह हादसा हुआ और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रेक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शनिवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया है। मिली जानकारी के अनुसार अमरसिंह पुत्र वेस्ता पटेलिया (50) निवासी पीपलखेड़ी थाना म्याना शुक्रवार को अपने घर से किराने का सामान लेने के ऊमरी जाने के लिए निकला था। बताया जाता है कि ऊमरी के पास तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में अमरसिंह की मौत हो। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंपकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**अपराध** अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र . 533/24 धारा 379, 427 भादवि के तहत पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया था

# बिजली तारों को चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, दो क्विंटल तार बरामद

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले की आरोन थाना पुलिस द्वारा विद्युत तार चोरी के दो मामलों का पर्दाफाश करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उससे दो क्विंटल तार बरामद किया है। उल्लेखनीय है कि 23-24 जून 24 की मध्यरात्रि में आरोन थानांतर्गत ग्राम खामखेड़ा के आसपास से लगभग 97 विधुत खंबों से किन्हीं अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तार चोरी की रिपोर्ट पर आरोन थाने में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र . 533/24 धारा 379, 427 भादवि के तहत पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया था। इसी प्रकार 5-6 नवम्बर 2024 की मध्यरात्रि में भी आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम वृंदावन के पास से 11 खंबों से विद्युत तार चोरी हो जाने की रिपोर्ट पर आरोन थाने में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 652/24 धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विद्युत तार चोरी के उपरोक्त दोंनो ही प्रकरणों में चोरी हुये



विद्युत तार की बरामदगी एवं अज्ञात आरोपियों का पता लगाये जाने हेतु आरोन थाना प्रभारी द्वारा थाने से पुलिस की एक टीम गठित की गई। टीम द्वारा चोरी के अज्ञात आरोपियों की तलाश व पतासाजी हेतु अपना मुखबिर चाल बिछाकर उनकी निरंतर तलाश व पतासाजी की गयी। जिसके परिणाम स्वरूप एक संदेही सुरेन्द्र पुत्र प्रेम सिंह उर्फ पप्पू धाकड़ निवासी ग्राम नैनवास खुर्द थाना आनंदपुर जिला विदिशा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने अन्य चार और साथियों के साथ मिलकर तार चोरी की उपरोक्त दोनों ही घटनाएं करना स्वीकार किया। साथ ही चोरी किये गये विद्युत तार में से उसके हिस्से में क्रमशः 90 किलो एवं 01 क्विटल 10 किलो तार आना बताया। पुलिस द्वारा आरोपी सुरेन्द्र धाकड़ के कब्जे से उसके हिस्से में आये 02 क्विंटल विद्युत तार कीमती 55,000 रूपये का बरामद किया। साथ ही आरोपी सुरेन्द्र धाकड़ द्वारा उक्त चोरियों में संलिप्त 04 अन्य आरोपियों के संबंध में बताया गया है, जिनकी पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही है। आरोपियों द्वारा उक्त अपराधो में विद्युत तार चोरी करने में प्रयुक्त किये गये एक पिकअप वाहन की बरामदगी के भी पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई रितुराज सिंह कुशवाह, उपनिरीक्षक रविनंदन शर्मा, सउनि जयदेव सिंह यादव, प्रधान आरक्षक दीपक त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक दिग्लेश धाकड़, प्रधान आरक्षक रविन्द्र रघुवंशी, प्रधान आरक्षक राममोहन दुवे, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र पाल, आरक्षक अभिषेक शर्मा, आरक्षक सोनू जाट, आरक्षक नीतेश पटेल, आरक्षक शिवराज रघुवंशी, आरक्षक गौरव शर्मा, आरक्षक प्रकाश डोडियार एवं आरोन थाना स्टाफ की

# करोंद में जुए के फड पर दबिश, दो दबोचे, तीन भागे

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर की कैंट थाना पुलिस द्वारा ग्राम करोद में चल रहे जुए के फड पर दबिश देकर दो जुआरियों को दबोचकर उनके पास से 5100 रूपये बरामद किए। हालांकि इस दौरान तीन जुआरी भागने में कामयाब रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम करोद के बाहर एक खेत में कुछ लोगों के जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो जुआरियों में एकदम से भगदड़ मच गई। जिन्होंने पुलिस से बचने के लिये खेतों में दौड़ लगा दी। जिनका पुलिस फोर्स द्वारा पीछा किया और गिरते-उठते बमुश्किल दो जुआरियों को दबोबा। जिन्होंने पूछताछ पर अपने नाम चैन सिंह पुत्र जगन्नाथ अहिरवार ग्राम खुशालपुर एवं विनोद पुत्र श्रीकिशन खटीक निवासी ढोंगापुरा केंट गुना के होना तथा भागे हुए जुआरियों के नाम बब्लू पुत्र बहादुर सिंह यादव, हल्के पुत्र भगवत सिंह कुशवाह एवं जसवंत पुत्र नारायण सिंह कुशवाह निवासीगण ग्राम करोद के होना बताये। पुलिस द्वारा मौके से कुल 5,100 रूपये नगदी व तास की एक गड्डी बरामद कर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई। पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई अनूप कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक विनय शर्मा, प्रधान आरक्षक हरिओम किरार, आरक्षक अर्जुन यादव, आरक्षक विनोद धाकड़, आरक्षक माखन चौधरी एवं आरक्षक महेन्द्र छारी की विशेष भूमिका रही है ।



# मूक हत्यारा हाईपर टेंशन

**जीवनशैली, काम का बढ़ता दबाव और जरूरत से अधिक महत्वाकांक्षी होना 20 से 30 आयु वर्ग के युवाओं में ब्रेन हैमरिज का कारण बन रहा है. ब्रेन स्ट्रोक के मामले पहले बुजुर्ग अवस्था में देखे जाते थे क्योंकि इसके लिए उच्च रक्तचाप और मधुमेह मुख्य कारण होते थे. हाल ही में ऐसे मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है जिन्हें बहुत कम उम्र में ब्रेन हैमरिज का सामना करना पड़ता है और ऐसा उस जीवन शैली के कारण होता है जिसे वे अपनाते हैं. भारत में ब्रेन स्ट्रोक के मामले सालाना प्रति एक लाख लोगों पर 100 से 150 के बीच होते हैं जिनमें से 15 से 20 फीसदी मामले 30 से कम उम्र के युवाओं के हैं.**

मानसिक तनाव, कामकाज के अधिक दबाव, अनियमित दिनचर्या, प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण, अच्छी नींद का अभाव, गैर स्वास्थ्य और गलत समय पर खानपान की आदतें, व्यायाम का अभाव और जेनिटिक कारण ब्रेन हैमरिज का कारण बन रहे हैं. इन सभी के चलते कम उम्र में ही उच्च रक्तचाप और मधुमेह का शिकार होना पड़ता है जो ब्रेन स्ट्रोक का कारण बनता है. उच्च रक्तचाप मस्तिष्क में रक्तस्राव का मुख्य कारण होता है. कई बार मरीजों को उच्च रक्तचाप का पता नहीं होता और इसलिए उन्हें इस बात का अहसास तक नहीं हो पाता कि वे एक टाइम बम लिए बैठे हैं जो फटने के इंतजार में हैं. कई बार उच्च रक्तचाप भी अधिक मानसिक दबाव को नहीं दर्शाता और यही तनाव बढ़ने पर खतरनाक साबित हो जाता है.

हालिया एक मामले में प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा की तैयारी कर रहे एक 22 वर्षीय युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसे बेहद उच्च स्तर का हाईपर टेंशन था. उसे अर्धबेहोशी की हालत में सिर के पिछले हिस्से में दर्द की शिकायत के साथ लाया गया था. सीटी स्कैन में उसके मस्तिष्क के आधार वाले हिस्से में बड़े रक्तस्राव का पता चला. कई सप्ताह के इलाज के बाद उसके उच्च रक्तचाप को नियंत्रित किया जा सका. मरीज के शरीर के एक हिस्से में अभी भी कमजोरी है. अस्पताल में सप्ताह में ऐसे चार पांच मामले आते हैं जो युवाओं में ब्रेन स्ट्रोक से संबंधित होते हैं. हाईपर टेंशन एक मूक हत्यारा है और इसका एक सामान्य रास्ता यही है कि केवल उतना ही दबाव लें जितना संभाल सकें. दवाओं या जीवन शैली में बदलाव के जरिए उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करना ब्रेन स्ट्रोक से बचने में बड़ी भूमिका अदा कर सकता है. जीवनशैली में सुधार का मतलब है कि नियमित रूप से व्यायाम करना और स्वस्थ खानपान की आदतें अपनाना. आज के कामकाज के माहौल में तनाव और प्रतिस्पर्धा शामिल है. इसलिए लोगों को तनाव को कम करने के लिए रोजाना कुछ ऐसा हटकर करना चाहिए जिससे तनाव कम हो. इसके लिए अपना कोई शौक अपनाएं या कुछ देर के लिए ध्यान लगाएं. मधुमेह और हाईपर टेंशन के कारण रक्त वाहिनियों के भीतर एथेरोमा जैसे कुछ तत्वों का जमाव हो जाता है और वाहिकाएं कमजोर पड़ने लगती हैं. एथेरोमा के जमाव के कारण रक्त वाहिकाएं संकरी हो जाती हैं जिससे मस्तिष्क में रक्त की आपूर्ति में कमी आती है और अंततः मस्तिष्क उत्तक नष्ट हो जाते हैं. रक्त वाहिनियों के कमजोर पड़ने से मस्तिष्क के भीतर ही रक्त वाहिनियां फट जाती हैं जिससे रक्त का थक्का जम जाता है और ये सब मिलकर ब्रेन स्ट्रोक का कारण बनते हैं.

# मोनोपॉज महिलाओं को अनिद्रा से बचाता है योग

रजोनिवृत्ति को हासिल कर चुकी महिलाओं को योग अनिद्रा की समस्या से निजात दिलाने में सहायक हो सकता है. एक नए शोध में यह बात कही गयी है. रजोनिवृत्ति के दौरान कई महिलाओं को ठंडा गरम लगने, रात में पसीना आने, वजन बढ़ने और मुहांसों की समस्या से जूझना पड़ता है. शोधकर्ताओं ने पाया है कि 12 सप्ताह तक योग प्रशिक्षण हासिल करने और बाद में घर पर उसका नियमित अभ्यास करने से अनिद्रा की समस्या से छुटकारा मिलता है. शोध रिपोर्ट की मुख्य लेखिका और अमेरिका में ग्रुप हेल्थ रिसर्च इंस्टीट्यूट की वरिष्ठ जांचकर्ता कैथरीन न्यूटन ने बताया, ''ठंडा गरम महसूस होने और रात में पसीना आने की समस्या को हार्मोन थेरेपी से दूर किया जा सकता है लेकिन आजकल बहुत कम महिलाएं ही हार्मोन थेरेपी लेती हैं.'' शोध में यह पता लगाने का प्रयास किया गया कि क्या योग, कसरत या मछली का तेल इन लक्षणों को दूर करने में सहायक हो सकता है. शोध के बाद पाया गया कि योग रजोनिवृत्ति के चरण में पहुंच चुकी महिलाओं को अनिद्रा की बीमारी से बचाता है.



# अपनी त्वचा को यूं खूबसूरत रखें...

अपनी त्वचा की खूबसूरती किसे अच्छी नहीं लगती लेकिन इसे बरकरार रखने के लिए मशक्कत भी करनी पड़ती हैं तो आप भी इनका ध्यान रखें. साफ, स्वस्थ और चमकदार त्वचा से हमारा कॉन्फीडेंस बढ़ता है. लेकिन प्राकृतिक रूप से त्वचा को स्वस्थ रखना आसान नहीं है. हालांकि ऐसे कई खाद्य पदार्थ हैं जो हमारे सिस्टम को साफ रखते हुए त्वचा को खूबसूरत बनाते हैं. स्किन ट्रीटमेंट और फेसपैक के साथ ही हम क्या खाते हैं, यह भी बहुत महत्वपूर्ण है. इसलिए साफ और दमकती त्वचा पाने के लिए खाएं हेल्दी फूड

**चुकंदर (बीटरूट)** – यह हमारे शरीर के जहरीले तत्वों को साफ करता है, रक्त और लिवर को साफ करता है और फ्री रेडिकल्स का सामना करता है. इसके साथ ही, चुकंदर में पोटैशियम, आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, फाइबर और विटामिन ए, बी और सी पाया जाता है.

**अनार (पॉमग्रेनेट)** – यह फल वर्ष भर उपलब्ध रहता है और आप इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा उठा सकती हैं. यह हमें फ्री रेडिकल्स से बचाता है और खून साफ करता है. अनार एंटीऑक्सीडेंट फल है जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और रक्त संचार को बेहतर बनाता है.

**सौंफ (फेनल)** – सौंफ में दो जबर्दस्त गुण पाये जाते हैं; पहला, यह एंटीऑक्सीडेंट और डिटॉक्सिफायर है. साथ ही, यह त्वचा को टोन करता है और रक्त संचार बेहतर बनाता है. दूसरा, यह त्वचा को हाइड्रेट और मॉइश्चराइज्ड करता है.

**पिपरमिंट (एक किस्म का पुदीना)** – मिंट या पुदीना स्ट्रेस कम करता है और श्वास संबंधी परेशानियों को दूर करता है. पिपरमिंट त्वचा को सूद करता है और उपचारात्मक गुणों के कारण विभिन्न प्राकृतिक दवाइयों में इसका प्रयोग किया जाता है.

**लाल अंगूर (रेड ग्रेप्स)** – इनमें एंटी इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टी पाई जाती है और ये एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं, जो सिस्टम और रक्त को साफ करने में मदद करते हैं. साथ ही, स्वस्थ त्वचा देने में सहायक होते हैं.

**टमाटर** – टमाटर का इस्तेमाल कर अपनी त्वचा को सूर्य की किरणों से बचाएं. ये एक्ने को कम करता है और त्वचा की ऑयलीनेस को भी घटाता है. टमाटर सनबर्न को ठीक करने में भी सहायक है.

**मिल्क सब्स्टीट्यूट** – त्वचा की समस्याओं से बचने के लिए सुझाव दिया जाता है दूध से परहेज करें लेकिन आप इसके न्यू ट्रियंट्स, विटामिन्स और मिनरल्स को एब्जॉर्ब करने के लिए इसके विकल्प प्रयोग कर सकती हैं. लैक्टिक एसिड और एंजाइम्स त्वचा को इम्प्रूव करते हैं.

**बेरीज** – एंटीऑक्सीडेंट्स आमतौर पर गहरे रंग के स्ट्राबेरीज जैसे ब्लूबेरी, मलबेरी और स्ट्राबेरी में पाये जाते हैं. यह खाने की ललक को कम करता है जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है.





# दिल की बीमारी का इलाज है सरसों का तेल

खाने में सरसों तेल का इस्तेमाल स्वास्थ्य को बेहतर बना सकता है और दिल की बीमारी के जोखिम को 70 प्रतिशत कम कर सकता है. एक सरसों प्रोत्साहक इकाई ने यह जानकारी दी है. सरसों शोध एवं संवर्धन कन्सोर्टियम (एमआरपीसी) के अनुसार सरसों का तेल दिल की बीमारी के जोखिम को कम करता है और संतुलित आवश्यक फैटी एसिड अनुपात से जीवन की गुणवत्ता बढ़ता है. एमआरपीसी एक सहायतार्थ सरकार के द्वारा मान्यताप्राप्त शोध संगठन है जिसका ध्येय भारत में सरसों फसल की उपज में सुधार लाना है. एमआरपीसी ने एक बयान में कहा, हम भारतीयों को सरसों तेल अपनाने के लिए प्रोत्साहित करके वैश्विक हृदय स्वास्थ्य को बढ़ाना चाहेंगे क्योंकि यह स्वास्थ्य में सुधार लाने और हृदयरोग के जोखिम को 70 प्रतिशत कम करने में मदद कर सकता है जैसा कि जर्नल ऑफ प्रिवेन्टिव कार्डियोलॉजी के अध्ययन में कहा गया है.

# 14 कारण क्यों खाएं खीरा



**दुनिया में चार सबसे ज्यादा उगाई जाने वाली सब्जियों में से खीरा एक है. आइए जानते हैं 14 कारण कि क्यों रोज खाएं खीरा... अगर नियमित रूप से खीरे का सेवन किया जाए तो यह कई बीमारियों को दूर करता है. खीरे का इस्तेमाल लोग अपनी खूबसूरती बढ़ाने के लिए भी करने लगे हैं. खीरा गुणकारी है. इसलिए इसे पश्चिमी देशों में सुपरफूड तक कहा जाता है. लेकिन सड़कों व गली-मौहल्लों में गर्मियों के दिनों में कटा हुआ खीरा खाना बीमारी को बुलावा देना है. इसलिए साफ सुथरा खीरा खाएं और स्वस्थ रहें. दुनिया में चार सबसे ज्यादा उगाई जाने वाली सब्जियों में से खीरा एक है.**

1. **पानी की कमी को पूरा करने वाला** – खीरे में 90 फीसद पानी होता है. खीरा खाने के बाद शरीर को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल जाता है. यह शरीर में पानी का एक तरह से पुन: चक्रण करता है.
2. **ठंडक पहुंचाता है** – खीरा शरीर को अंदर और बाहर दोनों से ठंडक पहुंचाता है. खीरा खाने से हार्टबर्न की अवस्था में आराम मिलता है. सूर्य की गर्मी से झुलसी त्वचा (सनबर्न) पर खीरा लगाने से ठंडक मिलती है.
3. **टाक्सिक निकालता है** – खीरे में पानी अत्यधिक होता है. खीरा अधिक खाने पर विषैले पदार्थ टाक्सिक बाहर निकलते हैं. कुछ लोगों का मानना है कि रोज खीरा खाने से गुर्दे की पथरी खत्म हो जाती है.
4. **रोजमर्रा की जरूरत के विटामिन मुहैया कराने वाला** – रोजाना जिन विटामिन की जरूरत होती है, वे खीरा में हैं. प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने व दैनिक दिनर्चया के लिए विटामिन ए, बी और सी की जरूरत है. खीरे के छिलके में विटामिन सी होता है. इसे खाना भी फायदेमंद होता है. अगर सब्जियों के जूस में खीरा का भी रस निकालते हैं तो यह और भी फायदेमंद है.
5. **त्वचा के लिए जरूरी खनिज मुहैया करवाने वाला** – खीरा में पौटेशियम, मैगनीशियम और सिलीकान अत्यधिक मात्रा में होता है. यह खनिज त्वचा के लिए बहुत जरूरी हैं.
6. **खाना पचाने वाला व वजन कम करने में मददगार** – खीरे में पानी अत्यधिक होता है और कैलोरी कम होती है. इसलिए वजन कम करने के इच्छुक लोगों के लिए खीरा वरदान है. सूप और सलाद में खीरा खाएं. खीरा में फाइबर होते हैं जो खाना पचाने में मददगार होते हैं. कब्ज से परेशान हैं तो रोजाना खीरा खाएं. यह कब्ज के लिए दवाई का कार्य करता है.
7. **आंखों के लिए लाभकारी** – खीरे को स्लाइस की तरह काटकर आंखों की पलक के ऊपर पर रखें. इससे आंखों को ठंडक मिलती है. खीरा की तासीर जलन कम करने की होती है.
8. **कैंसर से लड़ता है** – खीरा खाने से कैंसर होने की आशंका कम रहती है. खीरे में साइकोइसोलएरीक्रिस्रोल, लैरीक्रिस्रोल और पाइनोरिस्रोल तत्व होते हैं. ये तत्व सभी तरह के कैंसर के रोकथाम में कारगर हैं.
9. **मधुमेह, कोलस्ट्रोल और ब्लड प्रेशर नियंत्रक** – खीरा के रस में वो तत्व हैं जो पैनक्रियाज को सक्रिय करते हैं. पैनक्रियाज सक्रिय होने पर शरीर में इंसुलिन बनती है. इंसुलिन शरीर में बनने पर मधुमेह से लड़ने में मदद मिलती है. खीरा खाने से कोलस्ट्रोल का स्तर कम होता है. इससे हृदय संबंधी रोग होने की आशंका कम रहती है. खीरा में फाइबर, पोटैशियम और मैगनीशियम होता है जो ब्लड प्रेशर दुरुस्त रखने में अहम भूमिका निभाते हैं. खीरा उच्च और निम्न ब्लड प्रेशर दोनों में ही एक तरह से दवा का कार्य करता है.
10. **मुंह को ताजगी देता है** – खीरा खाने से मसूड़ों की बीमारी कम होती हैं. खीरे के एक टुकड़े को जीभ से मुंह के ऊपरी हिस्से पर आधा मिनट तक रोकें. ऐसे में खीरे से निकलने वाला फाइटोकैमिकल मुंह की दुर्गंध को खत्म करता है.
11. **बालों और नाखून के लिए लाभकारी** – खीरे में मौजूद तत्व सीलिशिया बालों और नाखूनों में चमक लाता है और इन्हें मजबूत करता है. सल्फर और सीलिशिया के कारण बाल तेजी से बढ़ते हैं.
12. **जोड़ों की दवा और गठियाबाय में आरामदायक** – खीरे में सीलिशिया प्रचूर मात्रा में होता है. इससे जोड़ों को मजबूती मिलती है और टिशू परस्पर मजबूत होते हैं. गाजर और खीरे का जूस एकसाथ निकालकर पीने पर गठियाबाय रोग में मदद मिलती है. इससे यूरिक एसिड का स्तर भी कम होता है.
13. **सरदर्द व खुमारी से उबरने में मददगार** – अगर सुबह उठने पर सिर में दर्द या खुमारी की शिकायत हो तो सोने से पहले खीरा खाएं. खीरा में विटामिन बी, शूगर और इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं. ये शरीर के लिए पौष्टिक तत्व हैं और सरदर्द व खुमारी से उबरने में मदद करते हैं.
14. **गुर्दे को आकार में रखता है** – खीरे के कारण शरीर में यूरिक एसिड का स्तर नियंत्रित रहता है जिससे गुर्दे अपने सही आकार में रहते हैं.

# पहले भावनाओं को व्यक्त करने में मुश्किल होती थी: अनन्या पांडे



हाल ही में ट्रोलिंग और सोशल मीडिया नफरत पर अभिनेत्री अनन्या पांडे ने खुलकर बात की है। अनन्या ने एक शो में इस मुद्दे पर अपने अनुभव साझा किए। अनन्या ने कहा कि ट्रोलिंग और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव को समझते हुए, उन्होंने थेरेपी सेशन लिया था।

उन्होंने बताया, मैंने पहले थेरेपी ली है, अब उतनी नियमित नहीं रहती। मुझे अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में मुश्किल होती थी, और मैं बहुत उदास रहती थी। सोशल मीडिया के साथ कभी-कभी ऐसा लगता था कि आप कुछ पढ़ते हैं और आपको यह एहसास नहीं होता कि यह आपको प्रभावित कर रहा है, क्योंकि आप सोचते हैं कि मैं ठीक हूँ, लेकिन बाद में यह आपके अवचेतन में गहरे बैठ सकता है। इसके बाद, अनन्या ने बताया कि थेरेपी के माध्यम से वह अपनी भावनाओं को बेहतर तरीके से व्यक्त करने और मानसिक संतुलन बनाने में सक्षम हो पाई हैं।

ट्रोलिंग और फर्जी खबरों से निपटने के बारे में अनन्या ने कहा, ईमानदारी से कहूँ तो मेरे बारे में बहुत कुछ कहा गया है, इसलिए मुझे एक खास पल याद नहीं आता। लेकिन कभी-कभी जब मैं किसी कहानी को नियंत्रित नहीं कर पाती, तो मुझे गुस्सा आता है। जब मैंने शुरुआत की थी, किसी ने एक फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया और यह दावा किया कि वे मेरे साथ स्कूल में थे, और मुझे लेकर झूठे आरोप लगाए थे। पहले मुझे लगा कि लोग इस पर विश्वास नहीं करेंगे, लेकिन कुछ समय बाद यह सच में वायरल हो गया। अनन्या ने यह भी बताया कि स्कूल के दिनों में उन्हें कई बार शारीरिक आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, जैसे कुबड़ा, सपाट छाती, चिकन लेग, लेकिन अब सोशल मीडिया के कारण ऐसे आलोचनात्मक टिप्पणियां और आक्रमण कहीं अधिक प्रभावी हो जाते हैं। काम की बात करें तो अनन्या पांडे आने वाले समय में कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं, जिनमें द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सी शंकरन नायर, चांद मेरा दिल, दरबदर और रन फॉर यंग शामिल हैं। अनन्या पांडे का यह साक्षात्कार इस बात को उजागर करता है कि सोशल मीडिया की दुनिया में भले ही ग्लैमर और प्रसिद्धि हो, लेकिन इसके साथ आने वाली मानसिक चुनौतियाँ और ट्रोलिंग का सामना भी करना पड़ता है। बता दें कि अभिनेत्री अनन्या पांडे को सोशल मीडिया पर अक्सर ट्रोल किया गया है, और उनके बयान भी कई बार आलोचना का शिकार बने हैं।




# पुष्पा -2 पहुंचेगी 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में

सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2 की रिलीज से पहले ही एक और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर आ रही है, जो पुष्पा 2 को चुनौती दे सकती है। वह फिल्म है सिद्धार्थ की मिस यू, जो 29 नवंबर को रिलीज हो रही है, जबकि पुष्पा- 2 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में पहुंचेगी। हाल ही में मिस यू के एक प्रेस मीट में जब सिद्धार्थ से पूछा गया कि क्या वह पुष्पा 2 के साथ क्लैश को लेकर चिंतित हैं, तो उन्होंने बिना घबराए जवाब दिया, हमें इस बारे में चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है, बल्कि पुष्पा 3 के मेकर्स को इस बारे में सोचना चाहिए। सिद्धार्थ ने कहा कि सबसे अहम बात यह है कि उनकी फिल्म अच्छी हो और दर्शकों को पसंद आए। सिद्धार्थ ने अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कहा, जहां तक पुष्पा 2 का सवाल है, हमें इसकी चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। अगर फिल्म अच्छी है, तो वह दर्शकों के दिलों में जगह बना लेगी, खासकर आजकल के सोशल मीडिया युग में जब सभी को यह पता होता है कि कौन सी फिल्म अच्छी है। उन्होंने मिस यू पर पूरी तरह से विश्वास जताया और उम्मीद जताई कि पुष्पा 2 का उनकी फिल्म पर कोई असर नहीं पड़ेगा। मिस यू एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जिसमें सिद्धार्थ और आशिका रंगनाथ मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी एक प्रेम कथा पर आधारित है और इसे दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने की उम्मीद है।

# नयनतारा: बियॉन्ड द फेयरीटेल को लेकर चर्चा में नयनतारा



मशहूर एक्ट्रेस नयनतारा हाल ही में रिलीज हुई डॉक्यूमेंट्री नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरीटेल को लेकर चर्चा में हैं। एक समय ऐसा भी था जब नयनतारा को अपने वजन के कारण सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया था। यह घटना साल 2005 की है जब नयनतारा फिल्म गजनी में नजर आई थीं। फिल्म के रिलीज के बाद, नयनतारा को उनके वजन को लेकर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। ट्रोलर्स ने उन्हें कहा कि वह फिल्म के लिए फिट नहीं थीं, और उनके वजन का मजाक उड़ाया। इस ट्रोलिंग ने नयनतारा को काफी दुखी किया था। नयनतारा ने इस बारे में कहा था कि उन्होंने वही किया था जो डायरेक्टर ने उनसे करने को कहा था, लेकिन इन टिप्पणियों को पढ़कर उन्हें बहुत बुरा लगता था। इसके बाद, 2007 में जब नयनतारा ने फिल्म बिल्ला में बिकनी पहनकर एक सीन किया, तो उसे भी ट्रोल किया गया। नयनतारा ने इस बारे में कहा कि उन्होंने वह सीन सिर्फ डायरेक्टर के कहने पर किया था, न कि किसी को कुछ साबित करने के लिए। हालांकि, इन मुश्किलों के बावजूद नयनतारा ने हार नहीं मानी और आज वह साउथ फिल्म इंडस्ट्री की सबसे पॉपुलर और टॉप एक्ट्रेसेस में से एक बन चुकी हैं। सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है और लोग उन्हें खूब पसंद करते हैं। इसके अलावा, नयनतारा और धनुष के बीच के विवाद ने भी मीडिया में खूब सुर्खियां बटोरी हैं।



# इंडस्ट्री ने मुझे हमेशा गर्मजोशी से स्वीकारा कृति सेनन

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में शिरकत करते हुए बॉलीवुड अदाकारा कृति सेनन ने नेपोटिज्म और फिल्म इंडस्ट्री में बाहरी लोगों के संघर्ष पर अपनी राय साझा की। कृति ने कहा, इंडस्ट्री ने मुझे हमेशा गर्मजोशी से स्वीकारा है। लेकिन जब आप फिल्मी बैकग्राउंड से नहीं होते, तो आपके लिए वहां पहुंचना थोड़ा मुश्किल होता है। आपको अपनी काबिलियत साबित करने और अपनी जगह बनाने में समय लगता है। उन्होंने कहा कि फिल्मी पृष्ठभूमि न होने के कारण किसी व्यक्ति के लिए अपने सपनों के अवसर पाने में अधिक समय लगता है। पत्रिकाओं के कवर पर दिखने से लेकर बड़ी फिल्में पाने तक, सब कुछ मेहनत से ही संभव होता है। हालांकि, अगर आप अपनी कड़ी मेहनत और लगन से काम करते रहें, तो आपको कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने नेपोटिज्म पर इंडस्ट्री के साथ-साथ मीडिया और दर्शकों की भूमिका को भी रेखांकित किया। कृति ने बताया कि स्टार किड्स को बढ़ावा देने में दर्शकों और मीडिया की रुचि महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा, इंडस्ट्री अकेले नेपोटिज्म के लिए जिम्मेदार नहीं है। मीडिया और दर्शकों का योगदान भी इसमें है। दर्शकों की रुचि के कारण मीडिया स्टार किड्स पर ध्यान केंद्रित करता है, जिससे इंडस्ट्री को लगता है कि दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए फिल्में बनानी चाहिए। यह एक चक्र है। हालांकि, प्रतिभा हमेशा अपनी जगह बनाती है। अगर आप दर्शकों के साथ जुड़ नहीं पाते, तो चाहे किसी भी पृष्ठभूमि से हों, टिक पाना मुश्किल है। काम की बात करें तो कृति को हाल ही में दो पत्ती में काजोल और शहीर शेख के साथ डबल रोल निभाते हुए देखा गया।

# 2025 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी अनुराग की डेब्यू फिल्म पांच

बालीवुड के फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप की पहली फिल्म पांच आखिरकार 2025 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। निर्माता टूटू शर्मा ने बताया कि फिल्म पर लगे प्रतिबंध और इसके नेगेटिव के खराब होने के कारण इसे अब तक रिलीज़ नहीं किया जा सका। निर्माता शर्मा ने कहा, हम अगले छह महीनों में पांच को सिनेमाघरों में लाने की योजना बना रहे हैं। नेगेटिव की मरम्मत का काम चल रहा है, और जैसे ही यह प्रक्रिया पूरी होगी, फिल्म रिलीज़ कर दी जाएगी।पांच को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के साथ लंबे विवाद का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अब इन मुद्दों का समाधान हो चुका है। शर्मा ने भरोसा जताया कि मौजूदा दौर में पुरानी फिल्मों की दोबारा रिलीज़ का चलन और दर्शकों की रुचि पांच को सफलता दिलाएगी। उन्होंने कहा, पांच अनुराग कश्यप की अब तक की सबसे बेहतरीन फिल्म है। के के मेनन और तेजस्विनी कोल्हापुरी सहित पूरी कास्ट ने असाधारण प्रदर्शन किया है। एक बार इसे देखने के बाद दर्शक भी इस बात से सहमत होंगे। फिल्म में के के मेनन, आदित्य श्रीवास्तव, विजय मौर्य, जॉय फर्नांडिस और तेजस्विनी कोल्हापुरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसका कथानक 1976-77 में पुणे में हुई जोशी-अभयंकर हत्याओं पर आधारित है। फिल्म नशीली दवाओं के दुरुपयोग, हिंसा और अभद्र भाषा के चित्रण के कारण विवादों में रही और सीबीएफसी से मंजूरी मिलने में समय लगा। हालांकि, उत्पादन से जुड़ी बाधाओं के कारण इसकी रिलीज़ बार-बार टलती रही।

# मनीषा कोइराला ने की आईएफएफआई में शिरकत

बालीवुड अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने गोवा में चल रहे 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में शिरकत की। मनीषा ने इस दौरान कहा कि अभिनेत्री रह चुकी हैं शब्द उनके लिए काफी दर्दनाक और आहत करने वाला है। मनीषा ने फिल्म निर्माता विक्रमादित्य मोटवानी के साथ बिग स्क्रीन से स्ट्रीमिंग तक सत्र के दौरान कहा, यह शब्द अक्सर महिला कलाकारों के लिए इस्तेमाल होता है, लेकिन ओटीटी ने इस सोच को बदल दिया है। इस दौरान उन्होंने सिनेमा और ओटीटी प्लेटफॉर्म के भविष्य और वरिष्ठ कलाकारों पर इसके प्रभाव पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने नीना गुप्ता और अन्य वरिष्ठ अभिनेत्रियों का उदाहरण देते हुए कहा कि आज ओटीटी प्लेटफॉर्म ने उम्र और लिंग के बंधनों को तोड़ते हुए नई संभावनाएं दी हैं। मनीषा ने हाल ही में संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी- द डायमंड बाजार' से ओटीटी पर डेब्यू किया। इसमें उन्होंने एक वेश्यालय की मालकिन मल्लिकाजान की भूमिका निभाई, जो दर्शकों के बीच खूब सराही गई। इस सीरीज में उनके साथ सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, और ऋचा चड्ढा जैसे कलाकार नजर आए। मनीषा ने इससे पहले भंसाली के साथ फिल्म 'खामोशी- द म्यूजिकल' में काम किया था, जो उनकी शुरुआती चर्चित फिल्मों में से एक थी। अब वह 'हीरामंडी' के दूसरे सीजन में भी नजर आएंगी, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। 'हीरामंडी' से पहले मनीषा कार्तिक आर्यन और कृति सेनन की फिल्म 'शहजादा' में उनकी मां के किरदार में दिखी थीं।



# मास्टर क्लास के दौरान दर्शकों का दिल जीत लिया अनुपम खेर ने



बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने अपनी मास्टर क्लास के दौरान 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में दर्शकों का दिल जीत लिया। इस दौरान अनुपम ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, कल आईएफएफआई में मेरी मास्टर क्लास के बाद दर्शकों में से किसी महाशय ने एक्टिंग के जंगल में शेर रहते हैं, सुना है उसे अनुपम खेर कहते हैं फरमाया! जय हो! मजा आया और अच्छा लगा! कुछ भी हो सकता है! इसके साथ उन्होंने #धन्यवाद, #असफलता की शक्ति हैशटैग भी लिखा। अनुपम खेर सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं और हाल ही में उन्होंने सिंगर सोनू निगम और एमएम कीरावनी के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की। इस पोस्ट में अनुपम ने अपनी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के गीत तन्वी द ग्रेट सॉन्ग के लिए सोनू निगम को धन्यवाद कहा। उन्होंने लिखा, डियर सोनू निगम! मेरी निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' का सबसे महत्वपूर्ण गाना गाने के लिए धन्यवाद। अनुपम खेर स्टूडियो भाग्यशाली है कि हमारी फिल्म में आपकी जादुई आवाज और ऑस्कर विजेता एमएम कीरवानी सर के भावपूर्ण संगीत की शानदार केमिस्ट्री है। आप हमारे प्यार और दृढ़ संकल्प की कहानी के लिए भगवान का उपहार हैं! अनुपम खेर ने 2002 में 'ओम जय जगदीश' फिल्म का निर्देशन किया था और अब वह एक बार फिर निर्देशन में वापसी करने जा रहे हैं। उनकी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' जुनून, साहस और मासूमियत की एक म्यूजिकल स्टोरी है, जिसमें कई नामी हस्तियां जुड़ी हुई हैं। इस फिल्म के गीतकार कौसर मुनीर हैं और इसमें कृति महेश (राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कोरियोग्राफर) और सुनील रोड्रिग्स ('जवान' के एक्शन निर्देशक) जैसे बड़े नाम भी जुड़े हैं। फिल्म का निर्माण अनुपम खेर स्टूडियो द्वारा किया जा रहा है। अनुपम खेर की मास्टर क्लास और उनकी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के प्रति उनके उत्साह ने साबित कर दिया है कि वह न केवल एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि एक सशक्त निर्देशक भी हैं।

# रश्मिका और विजय की मुलाकात की तस्वीरें वायरल



हाल ही में, एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा को एक लंच डेट पर देखा गया, और इस मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। हालांकि, रश्मिका ने अपनी एक तस्वीर शेयर की जिसमें वह लंच करते हुए नजर आ रही थीं, और उन्होंने उसी ब्लू टॉप को पहना था, जो उन्होंने विजय के साथ लंच डेट पर पहना था। यह तस्वीर वायरल हो जाने के बाद, यह स्पष्ट हो गया कि दोनों एक साथ लंच डेट पर गए थे। रश्मिका ने अपनी तस्वीर के साथ गुड फूड कैप्शन लिखा, जो उस समय की खुशी और उस लंच डेट का आनंद व्यक्त कर रहा था। इसके बाद विजय देवरकोंडा ने एक इंटरव्यू में भी यह स्वीकार किया कि वह किसी के साथ रिलेशनशिप में हैं, हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वह कौन है। विजय ने यह भी कहा कि वह एक मजबूत दोस्ती से पहले किसी रिश्ते में नहीं आते, और 35 साल की उम्र में यह सामान्य है कि वह अकेले नहीं रहेंगे।

उनकी यह बात उस विचारधारा को प्रकट करती है कि रिश्ते की शुरुआत मजबूत दोस्ती से होनी चाहिए, क्योंकि यह एक स्थिर और स्वस्थ रिश्ते का आधार होता है। रश्मिका के लिए, यह समय फिल्मी करियर के लिहाज से भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह जल्द ही पुष्पा- द रूल में नजर आएंगी, जो 5 दिसंबर 2024 को रिलीज हो रही है। दूसरी ओर, विजय देवरकोंडा अपनी अगली फिल्म वीडी 12 की शूटिंग में व्यस्त हैं, जो उनके फैंस के लिए एक नई फिल्म का इंतजार है।

बता दें किरश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की रिलेशनशिप के बारे में अफवाहें काफी समय से चल रही थीं, और हाल ही में इन अफवाहों ने और जोर पकड़ा है। दोनों को अक्सर एक साथ स्पॉट किया जाता है, और उनकी मुलाकातों को लेकर मीडिया में कई रिपोर्ट्स आती रही हैं। हालांकि, दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते को लेकर कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया था, जिससे उनके प्रशंसकों और मीडिया में कई तरह की अटकलें लगाई जाती रही थीं।

## ब्रीफ न्यूज

### कुत्तों के हमले में घायल हिरण को किसान ने बचाया



**अशोकनगर।** जिले के पिपरई क्षेत्र अंतर्गत केशोपुर गांव में शनिवार सुबह खेतों के बीच एक हिरण को कुत्तों ने घेरकर हमले में घायल कर दिया। किसान आवेश धाकड़ उस समय खेत पर ही थे, जिन्होंने कुत्तों से हिरण की जान बचाई और वन अमले को सूचना दी। मौके पर पहुंचे वन रक्षक अजहर खान ने बताया कि किसान ने न केवल हिरण को बचाया बल्कि वन अमले के पहुंचने तक वह उसकी देखभाल करते रहे। वन रक्षक द्वारा किसान के सहयोग से हिरण को खेतों से मुख्य मार्ग तक लाया गया। इसके बाद मोटरसाइकल से पशु चिकित्सालय पिपरई में ले जाकर उसका इलाज कराया। जहां पशु चिकित्सा सहायक केके शर्मा ने बताया कि घायल हिरण के चार पांच घाव थे। जहां टांके लगाए गए हैं, उन्होंने कहा कि घाव ताजे थे। यदि कुत्तों के हमले के बाद हिरण खेतों में भटकता रहता तो घावों में कीड़े लग जाते। फिर उसे बचाना सरल नहीं होता। वन विभाग ने हिरण को सेमरी स्थित नर्सरी पर रखा है, जहां उसके पूर्ण रूप से स्वस्थ होने तक उसकी देखभाल की जाएगी।

### अतिरिक्त कैपेसिटर का विधायक द्वारा पूजन

**हरदा/रहटगांव।** विधायक युवराज अभिजीत शाह द्वारा गुरुवार को राजाबरारी सब स्टेशन पहुंच कर अतिरिक्त कैपेसिटर का पूजन किया। लंबे समय से गांव वालों की मांग थी कि बिजली की काफी समस्या आती है और वोल्टेज में भी काफी दिक्कत होती है। बारिश के दिनों में भी काफी अधिक समस्या आती है इससे अवगत होकर विधायक श्री शाह के द्वारा अतिरिक्त कैपेसिटर का पूजन किया और ग्रामीणों की वोल्टेज की समस्या का निजात दिलाया। ग्रामीणों से भी चर्चा कर उनकी जनसमस्या जानी और निराकरण करने का आश्वासन दिया ।

### सराहनीय कार्य के लिए तीन शिक्षकों को दिये प्रशस्ति पत्र

**हरदा।** शाम को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में तीन शिक्षकों को सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिनमें शिक्षक कोमलचंद्र अग्रवाल प्राथमिक विद्यालय बघवाड़, संजय करोड़े उच्चतर माध्यमिक सिराली तथा अर्जुनसिंह सावनेर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिमरनी शामिल है।

# मौसमी बीमारियों से पीड़ित लोग, अव्यवस्थाओं में घिरा जिला अस्पताल

## विधायक तो नहीं क्या सांसद सुधार पाएंगे जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**





गरीब लोगों के उपचार का एकमात्र भरोसा जिला अस्पताल इन दिनों अव्यवस्थाओं से घिरा हुआ है, पिछले करीब एक माह से जिले के लोग मौसमी बीमारियों से पीड़ित है, लगभग प्रत्येक घर में कोई ना कोई बीमार नजर आ रहा है। ऐसे में जिले के लोगों का एकमात्र भरोसा जिला अस्पताल जहां लोगों को कम कीमत में सहज उपचार उपलब्ध हो जाता है और महंगे उपचार, निजी डॉक्टरों की फीस और निजी अस्पतालों में जाकर लुटने से बच जाते हैं। ऐसे गरीबों की मजबूरी का फायदा उठाने वाले जिला चिकित्सालय में पदस्थ कुछ चिकित्सक मनमानी पर उतारू हैं, भ्रष्टाचार और राजनीतिक संरक्षण के चलते ऐसे लोगों का कोई बाल बांका भी नहीं कर पाता। पिछले लंबे समय से सुर्खियों में रहे जिला अस्पताल की मिल रही शिकायतों को परखने, व्यवस्थाएं सुधरवाने की नीयत से कांग्रेस के क्षेत्रीय विधायक इंजीनियर हरी बाबू राय ने जिला अस्पताल का भ्रमण किया और हकीकत जानी तथा मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री से लेकर जिला प्रशासन तक बिंदु वार शिकायत की तथा कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए आवाज उठाई, जिससे गरीबों का भला हो सके, और उन्हें समय पर पर्याप्त दवाएं एवं उपचार मिल सके, लेकिन जांच करने के नाम पर सिविल सर्जन द्वारा लीपा पोती कर दी और जमीनी हकीकत तथा सच्चाई को झुठलाते हुए जांच प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारी एवं जिला प्रशासन को भेज दिया। विधायक द्वारा आम गरीब जनता के हित में सवाल उठाए गए थे जिन्हें जांच अधिकारी सिविल सर्जन द्वारा सिरे से नकार दिया गया। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या जनहित के सवाल उठाना गुनाह है, क्या गरीबों के हित में आवाज उठाना गलत है, जिसे सत्ता के इशारे पर नाचने वाले अधिकारी मनमर्जी करते हुए झुठला देते हैं,ऐसे में क्षेत्र की जनता और उन गरीबों की जो अपने उपचार के लिए जिला अस्पताल पर निर्भर है, क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया से मांग एवं अपेक्षा है कि क्या जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधार पाएंगे और बरसों से जमे तथा प्रभारी के रूप में पदस्थ डॉक्टर जो समय से ड्यूटी पर नहीं आते निजी चिकित्सालयों में प्रैक्टिस करते हैं, मरीज के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं, आदि आदि के खिलाफ कोई एक्शन लेंगे कार्रवाई करेंगे या गरीब मरीज यूं ही परेशान होते रहेंगे। लोगों की मांग है कि हमारे क्षेत्रीय सांसद श्री सिंधिया एक बार स्वयं जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर हकीकत जाने और अपने क्षेत्र की जनता जो उनका परिवार है, जिसके वह मुखिया हैं, किस हाल में जिला चिकित्सालय में अपना उपचार करा रही है, हकीकत जाने, जो उनके भी सामने आ जाएगी। क्षेत्रीय विधायक इंजीनियर हरी बाबू राय ने तो लोगों के प्रति अपना कर्तव्य ईमानदारी से निभाया,और जिला अस्पताल की हकीकत जान कर उसे सुधारने के लिए शिकायत भी की लेकिन विपक्ष का विधायक होने के नाते सच्चाई को झुठलाते हुए सिविल सर्जन, जांच अधिकारी ने न जाने किसके दबाव में उनकी शिकायतों को सिरे से नकार दिया, विधायक की यह निजी शिकायत नहीं थी बल्कि आम जन, जनहित की बात थी। श्री सिंधिया के प्रति क्षेत्र के लोगों में अपार श्रद्धा है, लोग जानते हैं कि श्री सिंधिया ही वास्तव में विकास के मसीहा है,और वह अपने क्षेत्र की जनता के लिए बयान बाजी में नहीं बल्कि हकीकत में बहुत कुछ कर सकते हैं, केंद्र से लेकर राज्य तक उनकी सत्ता है, वह अगर जिला अस्पताल का भ्रमण कर जो कमियां है उन्हें दूर कराने,गरीब मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं तथा जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टरों को कर्तव्य पालन में समय के प्रति पाबंद करा पाएंगे। और जो काम क्षेत्रीय विधायक नहीं करा पाए उन्हें विपक्ष का विधायक होने के नाते झुठला दिया गया। क्या हुआ काम सांसद श्री सिंधिया कर पाएंगे जो जनता के प्रति उनका कर्तव्य भी है, और क्या उन्हें जिला अस्पताल में कमियां मिलीं तो उनकी शिकायतों, सवालों को सिविल सर्जन झुठला पाएंगे। शनिवार को सुबह 9:00 बजे के बाद से दोपहर 2:00 बजे के बीच हमारे संवाददाता ने जमीनी हकीकत जानने लिए जिला अस्पताल का भ्रमण किया। तो पाया कि पलंगों पर चादर नहीं है, गद्दे फटे हुए हैं, गंदगी है, जमीन पर उपचार करते हुए मरीज, ओपीडी में डॉक्टरों का मरीज इंतजार कर रहे हैं, डॉक्टर नदारद है,कक्ष खाली पड़े हैं।

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया का नगर आगमन आज

## स्वामी विवेकानंद उद्यान का उद्घाटन कर प्रतिमा का करेंगे अनावरण; तैयारियां जारी

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**





क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का 1 दिसंबर को नगर आगमन होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि रविवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अशोकनगर के दौरे रहेंगे।

उनके एक दिवसीय दौरे को लेकर तैयारी की जा रही हैं। सिंधिया यहां बैठक और आयोजनों में भाग लेंगे। साथ ही जनसंपर्क कार्यालय पर लोगों से मुलाकात करेंगे। उनके आगमन को लेकर भाजपा के लोगों ने शहर में जगह-जगह होडिंग लगाए हैं। दौरे से पहले शनिवार को देहात थाना प्रभारी रवि प्रताप चौहान टीम के साथ कॉलेज ग्राउंड पहुंचे। यहां उन्होंने व्यवस्थाएं देखी और कार्यक्रम स्थल के आसपास बैरिकेडिंग किए जाने सहित सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### कॉलेज में करेंगे पार्क का उद्घाटन

जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष महेंद्र भारद्वाज ने बताया कि सिंधिया जी नेहरू महाविद्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद उद्यान का फीता काटकर उद्घाटन करेंगे। साथ ही पार्क स्थित प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। उसके बाद मंच पर पहुंचेंगे, जहां पर मां सरस्वती का पूजन किया जाएगा। इसके बाद अतिथियों का फूल माला से स्वागत करेंगे। आयोजन को लेकर सभी प्रकार की तैयारी की जा रही है।

### यह रहेगा दिन भर का कार्यक्रम

सिंधिया रविवार को सड़क मार्ग से गुना से अशोकनगर आएंगे। सुबह 10 से 11:30 बजे तक सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय में जनसंपर्क करेंगे। इसके बाद 11:40 पर कलेक्ट्रेट अशोकनगर पहुंचेंगे, जहां 1: 45 तक विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। 1.45 पर कलेक्ट्रेट से प्रस्थान कर एचडीएफसी चौराहे पर लोकल विजिट करेंगे। दोपहर 2 :15 पर नेहरू डिग्री कॉलेज स्थित विवेकानंद पार्क का उद्घाटन और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। दोपहर 3 :25 पर तुलसी सरोवर पर आयोजित जननी संगिनी संरक्षक कार्यक्रम में भाग लेंगे, साथ ही डाक विभाग के प्रधान कार्यालय की आधार शिला रखेंगे। दोपहर 3 :45 पर गुना के लिए रवाना होंगे।

# बेकाबू होकर स्टॉपडेम में गिरी ट्रेक्टर-ट्रॉली



### अशोकनगर के बहादुरपुर में हुआ हादसा; इलाज के दौरान हुई युवक की मौत

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

अशोकनगर के बहादुरपुर कस्बे में शनिवार दोपहर को एक सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार युवक शिवराज सिंह ओझा (24) ट्रैक्टर-ट्रॉली शनिवार को लेकर मोला नदी के स्टॉपडेम से गुजर रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे एक व्यक्ति को बचाने के लिए युवक ने ट्रैक्टर मोड़ा, जो बेकाबू होकर ट्रॉली समेत स्टॉपडेम में जा गिरा। ट्रैक्टर के नीचे दबने से युवक के सिर में पीछे की ओर गंभीर चोट आई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने उसे ट्रैक्टर के नीचे से निकाला और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए, जहां डॉ. यशवंत सिंह तोमर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पशुपालन राज्यमंत्री पटैल ने 12 विद्यार्थियों को साइकिल अपनी ओर से की वितरित

**सत्ता सुधार ■ दमोह**



प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री लखन पटेल ने आज दमोह जटाशंकर स्थित कार्यालय में 11 छात्राओं और एक छात्र को साईकिल वितरित की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा मौजूद थे। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा गत दिनों जेरठ गांव से साइकिल वितरण करके आ रहा था, उस समय बहुत सारी बेटियां खजरी गांव के पास पैदल आ रही थी, उनसे पूछा कि पैदल क्यों जा रही हो, उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के कारण साइकिल नहीं मिली थी, इसलिए पैदल जा रही हूं। राज्यमंत्री श्री पटैल ने उस समय उनसे कहा था की व्यवस्था की जाएगी, श्री पटैल ने मित्र उजयार सिंह से कहा कि आपके गांव में देखें की कितनी बेटियां हैं, जिन्हें साइकिल मिलनी है। उन्होंने 12 छात्राओं की सूची पहुंचाई तो आज सभी को साइकिलें वितरण की गई है। उन्होंने कहा शासन तो देता रहता है और देगा भी, यह साइकिलें उनकी तरफ से हैं। इस अवसर पर छात्राओं ने कहा मंत्री जी का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने हमारे बारे में इतना सोचा और हमें साइकिल प्रदान की। छात्राओं ने कहा अब हमें पूरा विश्वास है कि रोड भी बन जायेगी।

# अशोकनगर में हम होंगे कामयाब अभियान

### नेहरू कॉलेज में दिखाई शॉर्ट फिल्म; छात्रों को महिलाओं का सम्मान करने किया प्रेरित

**अशोकनगर।** जिले में हम होंगे कामयाब अभियान के तहत अलग-अलग तरह से जागरूक अभियान चलाया जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार दोपहर को नेहरू महाविद्यालय में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें शॉर्ट फिल्म दिखाकर छात्रों को महिलाओं और बच्चियों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम महिला बाल विकास विभाग के तत्वाधान में किया गया। जिसमें जिला न्यायालय के विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल, थाना प्रभारी रवि प्रताप चौहान पुलिस स्टाफ और सत्यार्थी फाउंडेशन के लोगों ने विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं मौजूद रही। वहां पर मौजूद सभी अधिकारियों ने अपने उद्बोधन के माध्यम से छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। महिला और बाल विकास अधिकारी चंद्रसेन भिड़े ने बताया कि कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर नेहा जैन के मार्गदर्शन में हम होंगे कामयाब अभियान चलाया जा रहा है।

# नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किए 15 कचरा वाहन

**सत्ता सुधार ■ सीहोर**





नगर के गौरव दिवस पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नगर पालिका के द्वारा शहर के विकास के साथ जनता को हमारे शहर के प्रति समर्पित करने के उद्देश्य से पिछले तीन सालों से कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने 15 कचरा वाहनों को हरी झंडी देकर रवाना किया। इसके अलावा देर रात्रि को शहर के प्राचीन महादेव मंदिर में 108 दीप प्रज्जवलित कर आतिशबाजी की। इसके अलावा नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के निर्देश पर अमले के द्वारा शहर के शहीद स्थल, चैन सिंह छतरी और भगवान गणेश मंदिर में भी आतिशबाजी के साथ दीप प्रज्जवलित किए।

शहर में स्वच्छता को लेकर नगर पालिका नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर कचरा प्रबंधन को लेकर काफी गंभीर हैं, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, बाजरों में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था, वार्डों में नियमित सफाई कार्य व्यवस्थाओं को लेकर वह रोजाना मॉनिटरिंग कर रहे हैं। शहर के सभी स्थानों पर स्वच्छता को ध्यान में रखने के लिए कचरा कलेक्शन के लिए अनेक वाहन है। वहीं 15 वाहनों को भाजपा नेताओं के अलावा अन्य सन्नी महाजन, नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित, नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, मुकेश मेवाड़ा, अर्जुन राठौर, कमलेश राठौर, प्रदीप बिजोरिया, विजेन्द्र परमार, कमलेश कुशवाहा, नरेन्द्र राजपूत, लोकेन्द्र वर्मा, अजय पाल, घनश्याम यादव, इरफान, आशीष गेहलोत, हरिओम दाऊ आदि शामिल थे।

### नपाध्यक्ष राठौर ने किया स्वच्छता कर्मचारियों का सम्मान

इस दौरान गौरव दिवस के कार्यक्रम के अंतर्गत शहर को सुंदर और स्वच्छता की ओर ले जाने वाले स्वच्छता मित्रतों का सम्मान किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिस तरह से पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने नगर गौरव दिवस को लेकर पूर्व में पांच दिवसीय भव्य कार्यक्रम कर क्षेत्र के लिए स्वाभिमान जागृत हो कि यह शहर हमारा है। वह पहल की थी नगर पालिका परिषद इसको मूल मंत्र मनाकर सबका साथ और सबका विकास पर काम कर रही है। जनता के बिना शहर का विकास नहीं किया जा सकता है।

शहरवासियों को नियमित रूप से जन की पूर्ति हो और शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसके अलावा शहर के प्रत्येक वार्ड के खंभों में जल्दी ही एलईडी लाइट लग जाएगी। इससे सभी शहर के मोहल्ले दुधिया रोशनी से जगमगा उठेंगे। इसके लिए प्लान तैयार किया जा रहा है। इसके बाद हर शहर में बिजली की खपत आधी हो जाएगी।

# समर्पित कार्यकर्ता ही भविष्य के नेता हैं : आशीष दुबे

### संगठन चुनाव की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**सत्ता सुधार ■ दमोह**



भारतीय जनता पार्टी सच्चे अर्थों में लोकतंत्र में निहित पार्टी है, हम संगठन चुनाव के माध्यम से संगठन को सर्व स्पर्शी, सर्वव्यापी एवं सर्व समावेशी बनाने का कार्य करते हैं। संगठन चुनाव में आधुनिक तकनीक से जुड़े हुए गुणात्मक एवं परिणाम मूलक कार्यकर्ताओं को जोड़कर ही सशक्त संगठन तैयार करने वाले हैं। भारतीय जनता पार्टी केवल चुनाव के लिए राजनीति नहीं करती बल्कि भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए अनेक प्रकल्पों पर कार्य करती है। उक्त आशय के विचार संगठन पर्व के दौरान आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी जबलपुर सांसद, प्रदेश मंत्री एवं जिले के चुनाव प्रभारी आशीष दुबे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि समर्पित कार्यकर्ता आने वाले संगठन चुनाव में चयनित होकर आए, यह हम सभी का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। जिससे भारतीय जनता पार्टी के माध्यम से हम भारत को दुनिया की महाशक्ति बना सके। 35 से 45 वर्ष की बीच आयु के होंगे, मंडल चुनाव के लिए सक्रिय सदस्यता के साथ-साथ 35 से 45 वर्ष की आयु तय की गई है। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष के लिए 45 से 60 वर्ष की आयु रहेगी। जिला प्रभारी सतानंद गौतम ने जिले के सभी मंडलों के अंतर्गत बूथ समिति के गठन की समीक्षा की। जिला अध्यक्ष एड प्रीतम सिंह ने संगठन पर्व के अंतर्गत कार्यकर्ताओं के कार्यों की प्रशंसा की और इस बात का ध्यान रखना है कि पार्टी का कोई भी समर्पित कार्यकर्ता संगठन पर्व में छूटना नहीं चाहिए। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री गोपाल पटेल ने किया और आभार रामेश्वर चौधरी ने किया। जिला कार्यशाला में पूर्व मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया, पूर्व मंत्री दशरथ सिंह, बहादुर पटेल, हटा विधायक उमा देवी खटीक,पूर्व विधायक पी एल तंतुवाय, पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र व्यास, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू कटारे सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और अपेक्षित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ की गरिमा मय उपस्थिति रही।

### पूर्व में भी इस बस से 24 लोगों की गई थी जान

# तेज़ रफ़्तार बस ने फिर ले ली चार जिंदगी...

**सत्ता सुधार ■ खरगोन**



तेज़ रफ्तार वाहनों से आए दिन जिले में कई घटनाएं होती रहती। जिसमें कई जाने चली गई लेकिन परिवहन विभाग के जिम्मेदार अपनी कुर्सी पर बैठे बैठे ये नजारा देखते रहते है। शनिवार सुबह एम एस टी बस की तेज रफ्तार ने फिर एक बार 4 लोगों को मौत की नींद सुला दिया है। हम फिर एक बार इसलिए कह रहे है क्योंकि वर्ष 2023 के दौरान भी इसी तेज रफ्तार बस ने 25 जान ली थी। बता दे कि शनिवार सुबह एम एस टी निजी बस क्रमांक एम पी 10 पी 7755 खरगोन से अलीराजपुर जा रही थी जिसका ऊन और सेगावा के बीच जानकारी अनुसार तेज रफ्तार होने से अनियंत्रित हो कर पलटी खा गई जिसमें 3 महिलाओं सहित 1 बच्चों की मौत हो गई। साथ ही 21 लोग घायल भी हुए। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया जहां इनका इलाज शुरू हुआ । बताया जा रहा हे के बस के नीचे दबे लोगों को जेसीबी मशीन की सहायता से बाहर निकाला गया।मृतकों में 2 लोगों की पहचान हुई है जबकि 2 लोगों की पहचान के लिए पुलिस प्रयास कर रही हैं। पूर्व में भी बस क्रमांक एम पी 10 पी 7755 जो खरगोन जिले के ग्रामीण क्षेत्र डोंगरगांव के समीप सुबह करीब 8 बजे एक पुलिया की रेलिंग तोड़ कर करीब 50 फीट नीचे गिर गई थी जिसमें भी करीब 25 लोगों की जान चली गई थी साथ ही दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए थे। तब भी लोगो ने तेज रफ्तार की वजह से हादसा होना बताया था। फिर एक बार इस खूनी बस ने 4 लोगों की जान ले ली।

जिले में कई बसे कंडम हालत में बे रोकटोक सड़को पर दौड़ रही हैं। बस स्टैंड से ही ओवर लोडिंग सवारियां बैठा कर शहर के मुख्य चौराहे से गुजरती हैं लेकिन जिम्मेदार कारवाही तो छोड़ो इनकी चेकिंग भी कई माह से नहीं की। जब जानकारी के लिए खरगोन आरटीओ ऋतु अग्रवाल से संपर्क करना चाहा तो कई बार कॉल करने के बाद भी उन्होंने कॉल अटेंड नही किया। पूर्व में हुई दर्दनाक ग्राम डोंगरगांव की घटना पर पीएम मोदी सहित कई बड़े नेताओं ने शोक जताया था साथ ही प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने जांच के आदेश देते हुए दोषियों पर कारवाही की बात कही थी। अब फिर करीब 18 माह बाद फिर खूनी बस ने 4 जिंदगियों को छीन लिया। जिम्मेदार पद पर बैठ कर धड़ल्ले से परमिट जारी कर रहे है फिटनेस / नियम कायदे कोई मायने नहीं देता । जब कोई बड़ी घटना होती तो दिखावे के रूप में कुछ दिन कागजी कारवाही करते हैं और बड़े नेता संवेदना व्यक्त कर देते हे लेकिन सवाल ये भी उठता हैं क्या जिम्मेदारों पर कोई कारवाही नहीं होने चाहिए। जो अपने कर्तव्यों का सही से निर्वहन नहीं कर रहे है।

### किसने क्या कहा...

- घटना में 4 लोगों की मौत हुई है,ड्राइवर और कंडक्टर पुलिस अभिरक्षा में है। पूरी घटना की जांच की जा रही है।
  -धर्मराज मीना, एसपी खरगोन
- कई बार कॉल करने पर कॉल अटेंड नही किया
  -ऋतु अग्रवाल,आरटीओ खरगोन

# सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत पर हंगामा



बाइक चालक पर एफआईआर कराने की मांग को लेकर अस्पताल के सामने दिया धरना

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली में बीती शाम एक 55 वर्षीय बुजुर्ग को सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी थी, जिस कारण उसकी मौत हो गई। इस मामले में बाइक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर शनिवार को परिवार के लोग मुंगावली चंदेरी रोड स्थित सिविल अस्पताल के सामने धरने पर बैठ गए। इस दौरान लगभग आधे घंटे तक यह प्रदर्शन चला। वहीं पुलिस ने भी बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मृतक के बेटे ने पुलिस को थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि शुक्रवार की शाम के समय वह अपने पिता दिसम्बर वंशकार के साथ चाचा के घर जा रहा थे। जैसे ही कुछ आगे पहुंचे तो सामने से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दी। बाइक पीयूष चिढ़ार निवासी ढूढेर चला रहा था। बेटा अपने पिता को उपचार हेतु अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ नामजद एफआईआर करने की मांग को लेकर परिवार के लोग नेशनल हाईवे पर बैठ गए और लगभग अधिक घंटे तक चक्काजाम रहा। जानकारी लगने के बाद थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर मौके पर पहुंचे और उन्होंने परिजनों से बात की जिसके बाद परिवार के लोग मान गए और सड़क से हट गए। इसके बाद मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### अब एटीएम से भी निकाल सकेंगे पीएफ का पैसा!

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एक नई योजना शुरू की है, जिससे सब्सक्राइबर्स को अब अपनी फाइनेंशियल सिक्योरिटी को और भी मजबूत करने में मदद मिलेगी। इस नई योजना के तहत ईपीएफओ सब्सक्राइबर्स को एटीएम से अपने पीएफ का पैसा उठाने की सुविधा उपलब्ध कराएगा। एटीएम से पैसा निकालने की लिमिट तय की जाएगी, जिससे सब्सक्राइबर्स अपनी जरूरत पर अनुकूल पैसे निकाल सकेंगे ईपीएफओ 3.0 योजना का हिस्सा बनकर। इसके अलावा श्रम मंत्रालय कर्मचारियों के वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करने के लिए 12 फीसदी की सीमा को हटाने पर विचार कर रही है। सब्सक्राइबर्स को जल्द ही ज्यादा राशि जमा करने की सुविधा मिल सकती है। यह नई योजना कर्मचारियों को अपने भविष्य के लिए और अधिक बचाव और सुरक्षा मिलने का अवसर देती है। इससे न केवल उनका रिटायरमेंट सुरक्षित होगा, बल्कि उन्हें इमर्जेंसी में भी जरूरत पड़ने पर आसानी से पैसे निकालने की सुविधा मिलेगी।

### स्मार्ट टीवी मॉडल्स पर 65 फीसदी तक का डिस्काउंट

**मुंबई।** साल 2024 का आखिरी महीना दिसंबर आते ही दुनिया भर में ऑनलाइन खरीदारियों को खुशखबरी मिल रही है। फ्लिपकार्ट और अमेजन ने ब्लैक फ्राइडे सेल की घोषणा की है, जिसमें र्स्माट टीवी मॉडल्स पर 65 फीसदी तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है। अमेजान ब्लैक फ्राइडे सेल में एक्सिस, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी और वन कार्ड से पेमेंट करते समय 10 फीसदी तक की छूट मिलेगी। अगर आप नई स्मार्ट टीवी का खरीद है तो यह सेल एक सुनहरा मौका है। इस सेल में शाओमी के 43 इंच स्मार्ट टीवी पर 42 फीसदी की छूट दी जा रही है, जिसे 24,999 रुपये में खरीदा जा सकता है। इस टीवी में 30 वॉट स्पीकर, डॉल्बी विजन, 4के रिजॉल्यूशन और गूगल टीवी सपोर्ट है। अदिक विकल्पों के लिए एसर कंपनी के 55 इंच टीवी पर 55 फीसदी की छूट मिल रही है जिसे 32,999 रुपये में खरीद सकते हैं। यह टीवी 36 वॉट साउंड आउटपुट और 4के रिजॉल्यूशन के साथ आता है। इस सेल के जरिए कमाई कर बड़ी बचत करें।

### गुरुग्राम में कलेक्टर रेट में बढ़ोतरी, संपत्ति खरीदना होगा महंगा

**नई दिल्ली।** देश के सबसे महंगे शहरों में शुमार गुरुग्राम में अब संपत्ति खरीदना और भी महंगा हो गया है। गुरुग्राम प्रशासन ने कलेक्टर रेट में 10 से 30 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। यह नए कलेक्टर रेट एक दिसंबर से प्रभावी होंगे और 31 मार्च तक लागू रहेंगे। इस बढ़ोतरी का कारण बताया गया है कि गुरुग्राम के अधिकांश क्षेत्रों में सर्कल रेट में 10 से 20 फीसदी तक की वृद्धि होगी, जबकि शहर के प्रमुख और महंगे क्षेत्रों में वृद्धि 30 फीसदी तक होगी। एक अधिकारी ने बताया कि इन क्षेत्रों में बाजार मूल्य को देखते हुए यह वृद्धि जरूरी थी। नए कलेक्टर रेट जिले की आधिकारिक वेबसाइट गुरुगांवडाटतजीओवीडाटइन पर भी उपलब्ध होंगे।

# एंवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स के शेयर रुपए 197 पर कर रहे ट्रेड

एजेंसी ■ नई दिल्ली

एंवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स कंपनी के अनलिस्टेड शेयर ग्रे मार्केट में 197 पर ट्रेड कर रहे है। ग्रे मार्केट में शेयर रुपए 197 पर ट्रेड कर रहे हैं, जो रुपए 148 के इश्यू प्राइस से रुपए 49 या 33.11प्रतिशत अधिक है। कंपनी के शेयर 29 नवंबर 2024 को बाजार में लिस्ट होने वाले हैं।

हालांकि, 27 नवंबर को रुपए 56 का जीएमपी दर्ज करने के बाद, आज यह रुपए 49 पर आ गया। आईपीओ को निवेशकों का जबरदस्त समर्थन मिला है, खासकर क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबीएस) और नॉन-इंस्टीट्यूशनल



इनवेस्टर्स (एनआईआईएस) से। बीएसई के आंकड़ों के मुताबिक, यह 89.90 गुना सब्सक्राइब हुआ, जिसमें क्यूआईबी से 153.80 गुना मांग दर्ज की गई। मेहता इक्विटीज के रिसर्च हेड प्रशांत तापसे ने कहा कि कंपनी की उचित कीमत, जल प्रबंधन क्षेत्र पर ध्यान और सरकारी पहल के कारण इस आईपीओ को भारी मांग मिली। उन्होंने लिस्टिंग पर 15-25प्रतिशत के प्रीमियम की संभावना जताई और कंजर्वेटिव निवेशकों को मुनाफा बुक करने की सलाह दी। स्वस्तिक इन्वेस्टमेंट्स की वेल्थ हेड शिवानी न्याती का भी मानना है कि एंवायरो इंफ्रा का फोकस सस्टेनेबल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर है, जो ग्लोबल ट्रेंड्स और नियामक आवश्यकताओं से मेल खाता है। उन्होंने कहा कि मजबूत फंडामेंटल और बाजार सेंटीमेंट को देखते हुए, स्टॉक 35 प्रतिशत तक के प्रीमियम पर लिस्ट हो सकता है। यह लिस्टिंग वॉटर मैनेजमेंट और सस्टेनेबिलिटी क्षेत्र में कंपनी के मजबूत प्रदर्शन का प्रतिबिंब हो सकती है। हालांकि, दीर्घकालिक लाभ कंपनी की क्षमता, प्रोजेक्ट्स के सफल निष्पादन और खर्चों पर निर्भर करेगा। विशेषज्ञों ने दीर्घकालिक निवेशकों को इस स्टॉक को होल्ड करने की सलाह दी है, जबकि छोटे निवेशकों को मुनाफा बुक करने की सलाह दी गई है।

# सी2सी एडवांस्ड सिस्टम्स के आईपीओ को लगा बडा झटका

एजेंसी ■ नई दिल्ली

सेबी के निर्देशों के बाद सी2सी एडवांस्ड सिस्टम्स के आईपीओ को लेकर बड़ा झटका लगा है। इसके व्यक्तिगत निवेशकों ने आईपीओ से 80 प्रतिशत बोलियां वापस ले लीं। निवेशकों ने यह कदम आईपीओ की लिस्टिंग को लेकर नियामकीय चिंताओं के बाद सेबी द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत उठाया गया। सी2सी एडवांस्ड सिस्टम्स का यह आईपीओ 99 करोड़ रुपये का था और इसे एसएमई सेक्टर में 100 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। सेबी ने कंपनी के वित्तीय खातों की जांच के लिए स्वतंत्र ऑडिटर्स नियुक्त करने और आईपीओ से जुटाई गई राशि के उपयोग की निगरानी के लिए एनएसई को एक एजेंसी गठित करने का आदेश दिया था। सेबी के निर्देशों के बाद निवेशकों को अपनी




बोलियां वापस लेने का विकल्प दिया गया, जो गुरुवार को समाप्त हुआ। व्यक्तिगत निवेशकों की श्रेणी में 4.42 लाख बोलियों में से 3.5 लाख बोलियां वापस ले ली गईं। इसके अतिरिक्त, संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में सात बोलियां और एचएनआई श्रेणी में 14,000 से अधिक बोलियां वापस ली गईं। यह दूसरी बार है जब सेबी ने एसएमई कंपनियों की लिस्टिंग से पहले उनकी गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। इससे पहले, ट्राफिकसोल नामक कंपनी के आईपीओ को भी रोक दिया गया था। सेबी ने आईपीओ से जुटाई गई राशि के दुरुपयोग, संबंधित पक्षों के साथ लेन-देन के जरिए कीमतें बढ़ाने और फर्जी लेन-देन के मामलों को देखते हुए एसएमई कंपनियों के लिए सख्त नियमों का प्रस्ताव दिया है।

इस मामले ने आईपीओ के प्रति निवेशकों के विश्वास को झकझोर दिया है। सेबी के कड़े नियमों और पारदर्शिता की दिशा में उठाए गए कदमों से यह स्पष्ट है कि नियामक संस्थान एसएमई सेक्टर में बेहतर गवर्नेंस सुनिश्चित करना चाहता है। हालांकि, इस घटनाक्रम से छोटे निवेशकों को नुकसान होने की संभावना भी जताई जा रही है। सी2सी एडवांस्ड सिस्टम्स के मामले ने एसएमईकंपनियों की लिस्टिंग प्रक्रिया और पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा किया है। सेबी की बढ़ती सख्ती यह संकेत देती है कि आईपीओ प्रक्रिया में सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### जर्मनी- बांग्लादेश के बीच करोड़ों की डील

**ढाका।** जर्मनी के साथ बांग्लादेश ने 180 मिलियन यूरो (190.8 डॉलर) से अधिक के दो वित्तीय और तकनीकी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का लक्ष्य विकास कार्यों में सहयोग करना है। सूत्रों के मुताबिक बांग्लादेश के वित्त मंत्रालय के सचिव मोहम्मद शहरियार कादर सिद्दीकी और जर्मनी के राजदूत अचिम ट्रॉस्टर ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस भविष्य की लाभार्थियों के लिए, 45.8 मिलियन यूरो की राशि तकनीकी सहायता में लगाई जाएगी, जबकि 135 मिलियन यूरो वित्तीय मामलों में सहायता के लिए इस्तेमाल की जाएगी। इस समझौते के अंतर्गत नवीनीकरणीय ऊर्जा, सतत शहरी विकास, और समाजिक और पर्यावरणीय आपूर्ति श्रृंखला के लिए कार्य किया जाएगा। साथ ही इसमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ घरेलू हिंसा से निपटने जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी मदद की जाएगी। यह समझौता एक महत्वपूर्ण कदम है जो दोनों देशों के लिए साझेदारी और सहयोग का दरवाजा खोलेगा।

## राजकोषीय घाटे के ताजा आंकड़ों से दिखी सरकार की मजबूती




### अप्रैल-अक्टूबर तक राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष के लक्ष्य का 46.5 प्रतिशत रहा

एजेंसी ■ नई दिल्ली

हाल ही में जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा पहले से कम रहा। राजकोषीय घाटे का अंतर सकल घरेलू उत्पाद के 4.9 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा गया था, जो मिलाकर अप्रैल-अक्टूबर में 46.5 प्रतिशत रहा। 2024-25 के पहले सात महीनों में केंद्र सरकार के राजस्व-व्यय के आंकड़ों से पता चला कि शुद्ध कर राजस्व लगभग 13 लाख करोड़ रुपये और चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 50.5 प्रतिशत था। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के दौरान राजकोषीय घाटे को 16.13 लाख करोड़ रुपये पर सीमित रखना है। सीबीडीटी के अनुसार भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 1 अप्रैल से 10 नवंबर तक 15.4 प्रतिशत बढ़कर 12.1 लाख करोड़ रुपये हो गया। 2023-24 के केंद्रीय बजट में प्रत्यक्ष संग्रह का लक्ष्य 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित अनुमान में बढ़ाकर 19.45 लाख करोड़ रुपये किया गया। कम राजकोषीय घाटे मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय है, जो कर संग्रह में वृद्धि के साथ नौकरियों के सृजन को बढ़ावा देता है। इससे अर्थव्यवस्था को स्थिरता मिलती है और विकास की राह में मदद मिलती है।

## केईसी और जीईसी एंटरप्राइजेस के शेयरों में तेजी की संभावना

### मिल सकता है 30 फीसदी तक रिटर्न

एजेंसी ■ नई दिल्ली

शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच चुनिंदा शेयर निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन रहे हैं। एक ब्रोकरेज फर्म के अनुसार केईसी इंटरनेशनल और ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के शेयरों में जोरदार तेजी की संभावना है। केईसी इंटरनेशनल के लिए ब्रोकरेज फर्म ने बाय रेटिंग और 1,250 रुपये का टारगेट प्राइस तय किया है। कंपनी को 16,300 करोड़ रुपये के टीएंडडी प्रोजेक्ट्स के ऑर्डर मिले हैं और आने वाले तीन सालों में वृद्धि की संभावना है। ज़ी एंटरटेनमेंट के लिए भी बाय रेटिंग दी गई है और 30 फीसदी की तेजी की संभावना है। कंपनी ने हाल ही में विज्ञापन रेवेन्यू में सुधार किया और सही दिशा में अग्रसर होने के लिए तैयार है। ब्रोकरेज फर्म का मानना है कि किसी संभावित अधिग्रहणकर्ता के लिए ज़ी की एसेट, बाजार पहुंच और कंटेंट पोर्टफोलियो को अपने बिजनेस में जोड़ना फायदेमंद साबित होगा। कंपनी के हालिया तिमाही नतीजे एक चुनौतीपूर्ण माहौल में भी मजबूत प्रदर्शन दिखाते हैं। ज़ी ने अपने विज्ञापन रेवेन्यू में सुधार किया है और बाजार हिस्सेदारी में बढ़ोतरी दर्ज की है। ज़ी एंटरटेनमेंट में अगले 8-12 महीनों में 30 फीसदी तक की बढ़त का अनुमान लगाया है। अधिग्रहण की संभावना बाजार की हिस्सेदारी में बढ़ोतरी और मजबूत नकदी फ्लो इसे निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाते हैं।

### ओडिशा में आलू की कीमतों में तेज़ बढ़ोतरी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पिछले दो दिनों में आलू की कीमतों में तेज़ बढ़ोतरी की गई है और यह समस्या पश्चिम बंगाल द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की वजह से उत्पन्न हुई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि पश्चिम बंगाल द्वारा राज्य में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर लगाए गए प्रतिबंधों के चलते सैकड़ों ट्रक ओडिशा-बंगाल सीमा पर फंसे हुए हैं। व्यापारियों का कहना है कि आलू की कीमत पहले 30-33 रुपए प्रति किलोग्राम थी जो अब 40 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। यह स्थिति उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है और अगर आपूर्ति त्वरित नहीं हुई तो कीमतें और बढ़ सकती हैं। ओडिशा ट्रेडर्स एसोसिएशन ने राज्य सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है और खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता कल्याण मंत्री कृष्णचंद्र पात्रा ने बताया कि सरकार अब पंजाब और उत्तर प्रदेश से आलू आने की कोशिश कर रही है। अब ओडिशा को प्रतिदिन 4500 टन आलू की आवश्यकता है जिसका बड़ा हिस्सा पश्चिम बंगाल से आता है। सरकार ने आपूर्ति संकट को हल करने के प्रयास किए हैं, लेकिन इसकी समाधान से दूर होने की संभावना है। बढ़ी हुई कीमतों ने आम उपभोक्ताओं की परेशानियों को बढ़ा दिया है और इस समस्या का समाधान जल्दी से जल्दी होना चाहिए।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह तेजी रही

- सेंसेक्स 759 अंक चढ़कर 79,802 पर बंद
- निफ्टी 216 अंक चढ़कर 24,131 पर बंद

एजेंसी ■ मुंबई

वैश्विक बाजारों से मिले मजबूत संकेतों, महाराष्ट्र में स्थायी सरकार की उम्मीद और जियोपॉलीटिकल तनाव कम होने से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट की वजह से शेयर बाजार में साप्ताहिक आधार पर लगातार दूसरे सप्ताह तेजी देखी गई। बीते पांच दिनों पर शेयर बाजार की चाल पर नजर डालें तो महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के परिणामों के बाद सोमवार को शेयर बाजार खुलने पर अच्छी बढ़त दिखी। हफ्ते को पहले कारोबारी दिन सेंसेक्स सेंसेक्स 1,249.86 अंक चढ़कर 80,315.02 पर खुला और 992.74 अंक उछलकर 80,109.85 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 379.71 अंक मजबूत होकर 24,286.95 पर खुला और 314.65 अंक बढ़कर 24,221.90 अंक पर बंद हुआ। ताजा विदेशी फंड प्रवाह और अमेरिकी बाजारों में मजबूत रुझानों के बीच मंगलवार के शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार के प्रमुख



सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में बढ़त जारी रही। बीएसई का सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 372.51 अंक चढ़कर 80,482.36 अंक पर खुला और 105.79 अंक गिरकर 80,004.06 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 121.4 अंक चढ़कर 24,343.30 अंक पर खुला और 27.40 अंक गिरकर 24,194.50 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका में लगाए गए आरोपों को अदाणी समूह की ओर से नकारे जाने के बाद बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 166.1 अंक चढ़कर 80,170.16 अंकों पर खुला और 230.02 अंक चढ़कर 80,234.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 74.35 अंक की बढ़त के साथ 24,268.85 अंकों पर खुला और 80.40 अंक बढ़कर 24,274.90 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 95 अंक चढ़कर 80,329.08 अंकों पर खुला और 1,190.34 अंक गिरकर 79,043.74 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 48.15 अंक की बढ़त के साथ 24,323.05 अंकों पर खुला और 360.75 अंक गिरकर 23,914.15 अंक पर बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार मजबूती के साथ कारोबार करता दिखा। शुक्रवार को सेंसेक्स 759.87 अंकों की बढ़त के साथ 79,837.50 पर खुला और 759.05 अंक चढ़कर 79,802.79 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 223.40 अंक चढ़कर 24,137.55 पर खुला और 216.95 अंक चढ़कर

## आरआईएल ने खरीदी डब्ल्यूएचआई में 21 प्रतिशत हिस्सेदारी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

हेलियम गैस के क्षेत्र में कदम रखते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने अमेरिकी कंपनी वावेटेक हेलियम इंक (डब्ल्यूएचआई) में 21 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली है। रिलायंस ने डब्ल्यूएचआई में करीब रुपए 100 करोड़ के कुल निवेश पर यह हिस्सेदारी हासिल की है।

यह निवेश रिलायंस की पूरी तरह से स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रिलायंस फाइनेंस एंड इन्वेस्टमेंट्स यूएसए एलएलसी द्वारा किया गया है। डब्ल्यूएचआई, अमेरिका में हेलियम गैस के भंडारों की खोज, उत्पादन, और प्रबंधन में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी के पास अमेरिका के ईस्ट-साउथईस्ट कोलोराडो, वेस्टर्न कैनसस और नॉर्थवेस्ट मोंटाना जैसे क्षेत्रों में गैस भंडार का नियंत्रण है। हेलियम का उपयोग मेडिकल उपकरण, एयरोस्पेस, फाइबर ऑप्टिक्स, और सेमीकंडक्टर उत्पादन जैसे क्षेत्रों में होता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डेटा सेंटर के विस्तार के साथ इसकी मांग में और वृद्धि की उम्मीद है। रिलायंस ने बताया कि पिछले दो दशकों में हेलियम की मांग तेजी से बढ़ी है, लेकिन सप्लाई की कमी के कारण इसकी कीमत प्राकृतिक गैस से 100 गुना अधिक हो गई है। यह निवेश कंपनी की कम-कार्बन ऊर्जा समाधान और वैश्विक विस्तार की रणनीति का हिस्सा है। डब्ल्यूएचआई के साथ यह साझेदारी रिलायंस को हेलियम की खोज और उत्पादन के क्षेत्र में नई संभावनाएं प्रदान करेगी। उद्योग विशेषज्ञ इसे कंपनी के वैश्विक विस्तार और हरित ऊर्जा क्षेत्र में निवेश का महत्वपूर्ण कदम मान रहे हैं। रिलायंस ने 2010 में अमेरिका के शेल गैस सेक्टर में साझेदारी के माध्यम से बड़ा निवेश किया था, लेकिन 2021 में वह कारोबार से बाहर निकल गई थी।

### दिसंबर में शेयर बाजार 10 दिन बंद रहेंगे

#### 25 दिसंबर क्रिसमस और चार शनिवार, पांच रविवार सहित 10 दिन नहीं होगी ट्रेडिंग


**मुंबई।** दिसंबर 2024 में शेयर बाजार केवल एक दिन बंद रहेगा, जो क्रिसमस के दिन यानी 25 दिसंबर को होगा। तो इस दिन ट्रेडिंग पूरी तरह से बंद रहेगी। इसके अलावा हर हफ्ते के शनिवार और रविवार को भी शेयर बाजार बंद रहते हैं। दिसंबर 2024 में शेयर बाजार के 10 दिन बंद रहेंगे, जिसमें सिर्फ क्रिसमस का दिन शामिल है। इस लिए निवेशकों को इस खास दिन को ध्यान में रखना चाहिए। दिसंबर में केवल 21 ट्रेडिंग सेशन्स बचे हैं, इसलिए निवेशकों को अपनी रणनीति को बनाने में सावधानी बरतनी चाहिए। शुक्रवार को बाजार की चाल दिखाई गई तेजी ने इंवेस्टर्स को खुश किया। हेल्थकेयर, फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल के शेयरों में उछाल देखने को मिला। बीएसई सेंसेक्स 759.05 अंक बढ़कर 79,802.79 पर बंद हुआ। उसी तरह एनएसई निफ्टी 50 भी 216.95 अंक चढ़कर 24,131.10 पर बंद हुआ। बाजार में लगातार बढ़ोतरी का माहौल है, जिससे निवेशकों की उम्मीदें बढ़ी हैं।

### पेट्रोल-डीजल हो सकता है सस्ता, वित्त मंत्रालय को भेजा प्रस्ताव

# वित्त मंत्रालय अप्रत्याशित लाभ कर की प्रभावशीलता की समीक्षा करेगा

एजेंसी ■ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने अप्रत्याशित लाभ कर करने के नियमों के प्रभाव की समीक्षा करने का फैसला किया है, क्योंकि कच्चे तेल की निर्यात की कीमतें वैश्विक स्तर पर स्थिर रह गई हैं। इस निर्णय के बाद पेट्रोल, डीजल, और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर एसएईडी को शून्य किया गया है। जून 2022 में सरकार ने घरेलू उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को मिटाकर एसएईडी लागू किया था। इसमें पेट्रोलियम के निर्यात के लिए




निर्धारित कीमतों में भी भारी कमी की गई थी। इस नए निर्णय के बाद सूत्रों का कहना है कि वित्त मंत्रालय अप्रत्याशित लाभ कर से होने वाली सम्भावित लाभ की समीक्षा करने जा रहा है। इससे जुड़े करों का भी आंकलन किया जाएगा। अप्रत्याशित लाभ कर का निर्धारण पहले 31 अगस्त को किया गया था, जब कच्चे पेट्रोलियम के निर्यात पर 1,850 रुपये प्रति टन को तय किया गया था। अब इसे 18 सितंबर से शून्य पर यथावत रखा गया है। इस निर्णय के प्रभाव से एविएशन इंडस्ट्री को भी लाभ हो सकता है, क्योंकि एटीएफ के निर्यात पर भी एसएईडी लागू है। देश की ऊर्जा क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो मंत्री निर्मला सीतारमण की नेतृत्व में लिया गया है। वित्त मंत्रालय की ओर से गृहित प्रस्तावों के परिणामस्वरूप पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने जीएसटी के दायरे में प्राकृतिक गैस को शामिल करने के लिए पत्र भेजा है। इस परिषद में लेने वाले निर्णय से जल्द ही ऊर्जा सेक्टर में और बदलाव देखने की उम्मीद है।

# पाम ऑयल की दर बढ़ने से साबुन महंगा हुआ

### नहाने वाले साबुन की कीमतों में 7-8 फीसदी का उछाल

एजेंसी ■ नई दिल्ली

हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और विप्रो जैसी बड़ी कंपनियां ने पाम ऑयल की बढ़ती कीमतों की वजह से साबुन के भाव 7-8 फीसदी तक बढ़ा दिए हैं। पाम ऑयल, साबुन निर्माण में एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है और इस बढ़ोतरी का सीधा प्रभाव सीधे ग्राहकों की जेबों पर दिख रहा है। सिर्फ साबुन ही नहीं, एचयूएल और अन्य कंपनियां चाय की कीमतों में भी इजाफा कर रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कच्चे माल की कीमतों में इजाफे की वजह से कंपनियां कीमतें बढ़ा रही हैं। पाम ऑयल, कॉफी, और कोको जैसे कच्चे माल की कीमतों में उछाल का असर देखने को मिल रहा है। विप्रो कंज्यूमर केयर के एक वरिष्ठ



अधिकारी ने बताया कि इंडस्ट्री के सभी बड़े ब्रांड्स ने लगभग 7-8 फीसदी की मूल्य वृद्धि की है। विप्रो कंज्यूमर केयर भी साबुन की कीमतों में संशोधन किया है। पाम ऑयल की कीमतें सितंबर से लगभग 35-40 फीसदी तक बढ़ चुकी हैं। इसे उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ने की संभावना है, खासकर साबुन और चाय के दामों में। एचयूएल और विप्रो जैसी कंपनियां इस बढ़ोतरी का सीधा असर उपभोक्ताओं की जीवनशैली पर देख रही हैं। इस महंगाई तंत्र से सबसे ज़्यादा प्रभावित होंगे दलित वर्ग के लोग, जिनकी आर्थिक स्थिति पहले ही कमजोर है। अब उन्हें और भी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

ब्रीफ न्यूज

### संगत संस्था गोवा द्वारा तनाव प्रबंधन पर सत्र आयोजित



**मुरैना।** इनोवेटिव पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल संजय कॉलोनी मुरैना में स्ट्रेस मैनेजमेंट, परीक्षा की तैयारी के लिए सुझाव, विषय पर कक्षा 8, 9 और 10 के बच्चों के साथ एक क्लास की गई। इस क्लास में संगत संस्था गोवा के चयनित साइकोलॉजिस्टों ने बच्चों के साथ परीक्षा की तैयारी के लिए बातचीत की जिसमें बच्चों को परीक्षा की चिंता से कैसे मुक्ति पाई जा सके, इस पर उनके साथ गतिविधि आधारित सत्र लिया।

इस दौरान साइकोलॉजिस्ट सुश्री अनसूया एवं निष्कला ने बच्चों से बहुत सारी गतिविधियां कराई। जिससे बच्चे खुद ही कैसे परीक्षा की चिंता से मुक्ति पाए, इस पर बातचीत की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रमुख विजेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि यह सत्र हमारे विद्यालय के बच्चों के लिए उपयोगी होगा और यह सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने गोवा की टीम का स्वागत करते हुए कहा कि चंबल क्षेत्र में इसी की आवश्यकता है जो आप कर रहे हैं। विद्यालय स्टाफ विशेष सहयोग अजय सिंह सिकरवार, कार्यक्रम के कार्यक्रम सचिव विशाल सिंह राजावत उपस्थित हुए और मुरैना जिले के जिला समन्वयक मनोज कुमार कुलश्रेष्ठ ने इस पूरे आयोजन की तैयारी की। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में मानसिक स्वास्थ्य का यह कार्यक्रम प्रेजेंस के नाम से जाना जाएगा। सत्र के दौरान कक्षा 8, 9 व 10 के छात्र एवं छात्राओं को दो सत्रों में शामिल किया गया, जिसमें आज लगभग 160 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया।

### जिला सीईओ ने शासकीय उमा विद्यालय रिठोराकलॉ का किया औचक निरीक्षण

**मुरैना।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉक्टर इच्छित गढ़पाले ने शनिवार को शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिठौरा कला का 3.30 बजे औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय समय से पहले बंद होना पाया गया। रिकार्ड परीक्षण में पाया कि विद्यालय में 28 शिक्षक दर्ज है। जिला सीईओ ने तत्काल 28 शिक्षकों के खिलाफसख्त कार्रवाई की है।जिसमें प्राचार्य डा. एस एस तिवारी और प्रभारी प्राचार्य आनंद शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। वही 26 शिक्षकों का तीन-तीन दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

### दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल गया

**गुना।** जिले के राघौगढ़ थाना अंतर्गत एक युवती से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत् 28 नवम्बर को 26 वर्षीय एक युवती द्वारा जिले के राघौगढ़ थाने पर रिपार्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि आज से करीबन दो साल पहले वह अपने घर पर अकेली थी। इसी दौरान मनीष राव निवासी ग्राम भूमरिया जिला राजगढ़ का उसके घर पर आया और उसे जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ जबरन गलत काम किया।

# शहर में जगह-जगह फूटी पड़ी है पाइपलाइन, 1 घंटे के स्थान पर 4 घंटे चलती है, मोटर निगम को लग रहा आर्थिक चूना

## प्रतिपक्ष नेता कंसाना ने अव्यवस्थाओं को लेकर जताया आक्रोश

सत्ता सुधार ■ मुरैना

नगर पालिक निगम मुरैना के अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही के कारण शहर में जगह-जगह नल की पाइपलाइन फूटी पड़ी हुई है तथा सड़कों पर पानी बहने के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो रही हैं। यह दृश्य कई महीनो से शहर में देखने को मिल रहे हैं, लेकिन निगम के अधिकारी कर्मचारियों को इनकी मरम्मत करने तक की फुर्सत नहीं है और लोगों को गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसके अलावा निगम दफ्तर में तमाम अव्यवस्थाएं फैली हुई हैं, जिनकी और अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है। इसको लेकर प्रतिपक्ष नेता विनीत कंसाना ने आक्रोश जताया है और कहा कि शहर बदतर हालात में है लेकिन अधिकारी एवं महापौर द्वारा मनमानी की जा रही है। एक और नगर निगम के अधिकारी तथा महापौर शहर को सुंदर और विकसित बनाने के दावे कर रहे हैं तो वहीं शहर में जगह-जगह फूटी पड़ी हुई पाइपलाइन उनके दावों की पोल खोल रही है। शहर के मुख्य इलाकों में ह्रदय स्थल कहे जाने वाले क्षेत्र में बीच सड़क पर पाइपलाइन टूटी पड़ी हुई है, जिससे पूरे दिन पानी बहता रहता है और सड़कों पर भरा रहता है। वाहनों के निकलने के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो रही हैं, यह कोई नई घटना नहीं है। कई महीनो से यह पाइपलाइन टूटी पड़ी है और नगर निगम के कर्मचारी पूरे दिन इन मार्गों से गुजरते हैं तथा सब कुछ देखकर भी अनजान बन जाते हैं। शहर के ओवर ब्रिज चौराहा पर बाजार के लिए जाने वाले





मुख्य मार्ग के कोने पर पाइप लाइन फूटी पड़ी हुई है। इसी प्रकार गंगा पब्लिक स्कूल के चौराहे पर पाइपलाइन का यही हाल बना हुआ है तथा कई क्षेत्रों में पाइपलाइन की यही स्थिति है, लेकिन निगम अधिकारियों के द्वारा इन पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मुख्य बात यह है कि पाइपलाइन फूट जाने के कारण मोटर 1 घंटे चलने के बजाय चार-चार घंटे चल रही है और नगर पालिका पर बिजली का बिल बढ़ रहा है तो वहीं पानी के कारण सड़क बेकार हो रही है। शहर के मुख्य बाजारों में जब हालात यह है तो बस्तियों मे क्या स्थिति होगी, स्वतः ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

शहर में जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो रही सड़कों एवं फैली अव्यवस्थाओं को लेकर प्रतिपक्ष नेता विनीत कंसाना ने आक्रोश जाहिर किया और कहा कि निगम अधिकारी महापौर एवं कर्मचारियों द्वारा शहर की दुर्दशा को सुधारने के लिए कोई प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। शहर में जगह-जगह सेल्फी प्वाइंट बनाए गए थे, जो देखभाल न होने के कारण बेकार हो चुके हैं और वहां गंदगी फैल रही है। इन पर लाखों रुपया खर्च किया गया, लेकिन शहर फिर भी सुंदर दिखाई नहीं दिया।

### रिकॉर्ड शाखा से फाइलें गायब होने की चर्चा

सूत्र बताते हैं कि नगर पालिक निगम मुरैना में सब अपनी-अपनी मर्जी के मालिक हैं। यहां संचालित रिकॉर्ड शाखा में तमाम महत्वपूर्ण फाइलें गायब है, जिनकी और अधिकारी एवं महापौर का कोई ध्यान नहीं है। अगर जिला कलेक्टर रिकॉर्ड शाखा की गोपनीय जांच कारण तो तमाम महत्वपूर्ण फाइल गायब नजर आएंगी। नगर निगम में अभी नगर पालिका परिषद जैसे हालात बने हुए हैं, कोई सुधार नहीं आया है। सभी मनमानी पूर्वक अपना उल्लू सीधा करने में लगे हुए हैं तथा जिला प्रशासन कभी कोई हस्तक्षेप करता नजर नहीं आता।

## मकान पर कब्जा करने की नियत से आरोपियों ने तोड़ा महिला का मकान पुलिस ने किया मामला दर्ज

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिला मुख्यालय हो अथवा तहसील व कोई गांव वर्तमान समय में दबंग लोग किसी की भी जमीन प्लाट मकान पर कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं और गरीबों की थाने में भी सुनवाई नहीं हो रही है। इस प्रकार के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के पुराने पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे सामने आया है, जहां एक महिला के मकान को दो दबंग आरोपियों ने पूरी तरह से तोड़ दिया और घर गृहस्ती का सामान नष्ट कर दिया। पीड़ित परिवार द्वारा पुलिस को आवेदन दिया, जिस पर थाना प्रभारी अमर सिंह ने तत्काल पुलिस को मौके पर भेजा और मामला सही पाए जाने पर दो आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया।

शहर के थाना स्टेशन रोड क्षेत्र अंतर्गत रेलवे फाटक बाहर पुराने पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे रहने वाली किरण राठौर पत्नी ब्रजेश राठौर ने थाने में आवेदन देते हुए बताया है कि उनके मकान को उनके घर के सामने रहने वाले भूरा तोमर, रविन्द्र तोमर ने तोड़ दिया है एवं परिवार के लोगों को जान से मारने



की धमकी भी दे रहे है। जिस समय मकान तोड़ा गया था, उस समय परिवार के सभी लोग अहमदाबाद में थे। स्टोर फोन में फरियादी के घर में रखा गृहस्थी का पूरा सामान नष्ट हो गया, वहीं मकान बनाने में लगाए गए लाखों रुपए बर्बाद हो गए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपियों द्वारा मकान तोड़े जाने से उसे 7.50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। फिलहाल स्टेशन रोड थाना पुलिस ने जांच करने के पश्चात दोनों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### गांजा तस्करी के मामले में दो लोगों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास व 1-1 लाख रुपये का जुर्माना

**मुरैना।** शनिवार को गांजा तस्करी के अपराध में माननीय न्यायालय द्वारा 11 महीनों के अंदर फैसला सुनाते हुए दो लोगों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास व 1-1 लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई गई है। शासन की ओर से पैरवी इन्द्र सिंह गुर्जर ने की है। घटनाक्रम के अनुसार 27 जनवरी 2024 को थाना बामौर के उप निरीक्षक दुर्गेश सिंह भदौरिया को मुखविर से सूचना मिली कि एक होंडा सिटी सिल्वर कलर की कार क्रमांक डीएल 4 सी एन सी 4100 में दो लड़के अबैध गांजा तस्करी में लेकर ग्वालियर तरफसे आ रहे हैं और आगरा तरफजाने वाले हैं। मुखविर की उक्त सूचना पर से उप निरीक्षक ने फोर्स के साथ तौल कांटा विवेचना किट लेकर रवाना होकर थाने के सामने चौकिंग करते हुए उक्त होंडा सिटी कार को पकड़ कर तलाशी ली तो उसमें दो व्यक्ति बैठे हुए थे। पकड़े गए आरोपियों में गब्बर सिंह पुत्र नरवीर सिंह निवास गाँव कलसारा थाना हथीन जिला पलवल हरियाणा तथा देवेंद्र तेलागांजी पुत्र जग बंधू तेलागांजी निवास पंडेल समबेल थाना पोटांगी जिला कोरापुट उडीसा शामिल थे। कार की तलाशी ली तो सीएनजी सिलेंडर काटकर गांजा भरकर लोहे की क्लंप से कसा हुआ मिला, जिसे खोलकर चैक करने पर गांजा मिला।

## जमीन के विवाद पर आधा दर्जन आरोपियों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, एक युवक की हत्या

### गांव में तनावपूर्ण स्थिति, पुलिस की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के नूराबाद थाना अंतर्गत धनेला गांव में शुक्रवार की दोपहर खेत के विवाद पर आधा दर्जन लोगों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी और ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए घटना स्थल से भाग निकले। इस घटना से गांव में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक युवक को ग्वालियर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा शनिवार की सुबह पीएम करने के बाद पुलिस बल की मौजूदगी में गांव में अंतिम संस्कार कराया गया। घटना के बाद आरोपी फरार बताए गए हैं तथा गांव में तनाव पूर्ण स्थिति बनी हुई है। फरियादी रामलखन सिंह पुत्र सियाराम सिंह गुर्जर निवासी धनेला नूराबाद अपने ताऊ शिवराम सिंह, बलू सिंह,



सियाराम सिंह और भाई रामू व संतोष के साथ मईला वाले खेत पर काम कर रहे थे, तभी जनकपुर का पुरा तरफसे रामलखन पुत्र रामनाथ गुर्जर, जोगेंद्र पुत्र रामलखन गुर्जर, मानसिंह पुत्र किलेदार गुर्जर, वटी पुत्र रामजीलाल गुर्जर निवासीगण धनेला, रामकुमार पुत्र विजेद गुर्जर पिठावली शहीद कई अन्य आरोपी हथियारों से लैस होकर आए और बोले कि उस खेत के रूपये दे दो, नहीं तो खेत हमें वापस कर दो, जिस पर फरियादी ने कहा कि हमने खेत के रूपये 20 साल पहले दे दिये थे तो वह बोले कि पैसे तुम्हे दोबारा देने पड़ेगे। इसी बात पर विवाद हुआ और थोड़ी ही देर में आरोपियों ने ताबड़तोड़ गोलियां चला डाली। जिसमें गोली लगने से रामू गुर्जर मरणासन अवस्था में पहुंच गया। गोलीबारी से गांव में दहशत फैल गई तथा सूचना मिलते ही नूराबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जमीन पर पड़े रामू को तत्काल इलाज के लिए ग्वालियर ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार की सुबह मृतक रामू का पीएम कराया गया और पुलिस की मौजूदगी में उसकी लाश को गांव लाया गया, जहां अंतिम संस्कार संपन्न हुआ स घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

## समाजवादी पार्टी को, मप्र में कार्यकर्ताओं की दम पर करेंगें मजबूत : मनोज यादव

सत्ता सुधार ■ मुरैना



समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन शुक्रवार को शहर की दुर्गा वाटिका में आयोजित किया गया। इस दौरान पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मनोज यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी उत्तरप्रदेश की सबसे बड़ी पार्टी है और देश की तीसरे नंबर की बड़ी पार्टी है। अब मध्यप्रदेश में हमें पार्टी को मजबूत करना है। प्रदेश में 20 साल से भाजपा की सरकार ने विकास नहीं सिर्फकर्जा ही किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधानसभा अध्यक्ष दोनों ही मुरैना के है, लेकिन दोनों ने ही यहां कोई विकास नहीं कराया। इसलिए इस भाजपा सरकार को अब उखाड़ना है। उन्होने उप्र में उपचुनाव में जीत में धांधली का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ईवीएम पर कोई भरोसा नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा था कि अगर वे लोकसभा में 80 सीट भी जीतते, तब भी ईवीएम पर भरोसा नहीं है। इस दौरान कार्यकर्ता सम्मेलन में समाजवार्टी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मनोज यादव, प्रदेश के महासचिव रणवीर सिंह यादव, मुरैना प्रभारी इंद्राभान सिंह गुर्जर, प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम दुबे, प्रदेश सचिव अजीत जाटव, जिलाध्यक्ष जितेंद्र राजोरिया, पुरुषोत्तम लाल दीक्षित, बनवारी लाल जोशी, बाबू लाल सिंह पहलवान सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महापौर ने श्रीपशुपतिनाथ मेले का किया भूमि पूजन, 10 दिसंबर से लगेगा मेला

### सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे आयोजित

सत्ता सुधार ■ मुरैना

शनिवार की सुबह प्रतिवर्ष लगने वाले श्री पशुपतिनाथ मेले का भूमि पूजन नगर निगम की महापौर शारदा सोलंकी द्वारा संजय पार्क स्थित भगवान श्री पशुपतिनाथ जी के मंदिर में पूजा अर्चना कर मेले का विधिवत भूमि पूजन महापौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि श्री पशुपतिनाथ मेला मुरैना की पहचान है। इस बार आयोजित होने वाले मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा। मेले को भव्य रूप से आयोजित



करने का प्रयास भी किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत में सुंदरकांड कांड पाठ आयोजित किया गया। सुंदरकांड पाठ नगर निगम की एमआईसी सदस्य श्रीमती भावना हर्षाना ने पूजा अर्चना कर प्रारंभ कराया। नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे भी भूमि पूजन कार्यक्रम में मौजूद रहे। श्री धाकरे ने बताया कि इस बार श्री पशुपतिनाथ मेला भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। मेले में दुकान आवंटन एवं अन्य व्यवस्थाएं भी युद्ध स्तर से की जा रही है, जिससे कि मेले को भव्य रूप दिया जा सके। मेले के भूमि पूजन कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य नेता उप प्रतिपक्ष सहित नगर निगम के वार्ड पार्षद शहर के गणमान्य नागरिक सहित नगर निगम के कर्मचारी अधिकारी भी मेला भूमि पूजन कार्यक्रम मैं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी रहीम चौहान द्वारा किया गया।

टूर्नामेंट | बीसीसीआई ऑफिशल्स ने भी चंबल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन की व्यवस्थाओं और ग्राउंड की जमकर तारीफ की

## बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर-15 गर्ल्स लिमिटेड ओवर टूर्नामेंट में पंजाब विजयी

सत्ता सुधार ■ मुरैना

बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर-15 गर्ल्स लिमिटेड ओवर टूर्नामेंट एमपीसीए के करुआ ग्राउंड पर पंजाब और छत्तीसगढ़ टीम के बीच हुआ। टॉस जीतकर पंजाब टीम ने बल्लेबाजी करते हुये 35 ओवर मे 151 रन बनाये और जवाव मे छत्तीसगढ़ की टीम ने अच्छा मुकाबला करते हुये 140 रन बनाये और इस तरह पंजाब की टीम ने 11 रन से यह मुकाबला जीता। मैच के समापन पर चम्बल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत मेहता ( पूर्व आई. एस.) का जन्मदिन चम्बल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन ने केक काटकर मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रशांत मेहता द्वारा बीसीसीआई मैच ऑफिशल्स वेन्यू इंचार्ज सत्यपाल, मैच रेफरी मनीष मजीठिया, मैच के अंपायर अंकुर जुलका और अक्षय, मैच के स्कोर दत्त विराट, एस. पी. सिंह और वीडियो एनालिसिस कुमार सुधाकर और मनीष गोयल



को उपहार देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद चम्बल डिवीजन के अंपायर और स्कोरर टीम को किट प्रदान की व ग्राउंड टीम को उपहार दिए। इस दौरान उन्होंने अपने वक्तव्य में चम्बल डिवीजन की तारीफकी। इसके अलावा पधारे हुए सभी अतिथियों बीसीसीआई ऑफिशल्स ने भी चंबल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन की व्यवस्थाओं और ग्राउंड की जमकर तारीफकी। इस मौके पर श्री निशांत मेहता, ग्वालियर डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव संजय आहूजा, अजय तायल, चंबल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव तस्लीम खान, ओ पी शुक्ला, विवेक राठी, सुनील राजोरिया, नफीस अफजल, राजेश तोमर, सौरभ यादव, सचिन गुर्जर, रवि अवस्थी, राहुल शर्मा, शलाम फारुकी, अश्वनी तोमर, नितिन जादौन संजय सिंह शहजाद खान शिवम शर्मा, शिवराज गुर्जर, रफीक खान, सचिन राजोरिया, आशीष सविता, कौशलेंद आदि सदस्य मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ दादा-दादी एवं नाना-नानी का कार्यक्रम



सत्ता सुधार ■ मुरैना

सरस्वती शिशु मंदिर पुरानी हाउसिंग बोर्ड कालोनी मुरैना में दादा-दादी एवं नाना-नानी सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, यह कार्यक्रम जिले में पहला कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम में आए हुए दादा-दादी एवं नाना-नानी ने पूरे मनोयोग से सहभागिता की। सबसे पहले कार्यक्रम में सभी के अनुभव साझा किए गए, उसके बाद अतिथि उदबोदन हुआ। फिर चेयर रेस पासिंग बॉल और भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम स्थान आए प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती हेमलता राणा, विशिष्ट अतिथि डा. मयूरी गुप्ता उपस्थित थे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता ओपी गुप्ता ने की। अतिथि परिचय विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती मीरा गोलश ने करवाया।

## ब्रीफ न्यूज

### मप्र श्रम कल्याण मंडल द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता में शामिल हुए मंत्री राजपूत

**सागर।** मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मंडल द्वारा आयोजित एक दिवसीय श्रमिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन खेल परिसर मैदान में किया गया जहां 45 संस्थानों से लगभग 700 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत शामिल हुए जहां उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हर टीम विजेता होती है खेल मे हार जीत होती रहती है। जो टीम आज हर गई है वह कल जीतेगी भी हर खिलाड़ी को अपने खेल के लिए निखारने को समय देना चाहिए जिससे अगली बार वह और बेहतर प्रदर्शन कर सके। मंत्री श्री राजपूत ने प्रतियोगिता में शामिल विजेता, उप विजेता टीमों सहित खिलाड़ियों के लिए पुरूषकार वितरित करते हुए आयोजक समिति को बधाईयां एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रदेश संयुक्त मजदूर संघ्र के आशीष सिंह, हर्ष वर्धन तोमर, बूंद मल्टी फूड प्रा.लि. से सौरभ सिंघई, क्षेत्रीय अधिकारी सुनील जैन सहित, देवेन्द्र, पप्पू फुस्केले, जाहर सिंह, नेमी जैन, अनिल पीपरा शामिल रहे।

### बौद्ध धम्म रथ यात्रा का बीना पहुंचने पर हुआ स्वागत

**बीना/सागर।** बौद्ध धम्म रथ यात्रा, बीना आगमन पर भारतीय संविधान निर्माता बोधिसत्व भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर भंते आनंद बुद्धि भंते हर्षवर्धन उपासक रमेश बौद्ध के द्वारा माल्यार्पण कर पंचशील बौद्ध वंदना की गई। एवं बौद्ध भिक्षु भंते आनंद बुद्धि भंते हर्षवर्धन जी का स्वागत वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता उपासक दशरथ कुमार अहिरवार, हेमराज अहिरवार, हीरालाल अहिरवार, राम रतन अहिरवार, महेंद्र अहिरवार, तुलसीराम, श्यामलाल, राकेश बौद्ध, बी ,डी, अहिरवार, रामेश्वर अहिरवार, नंदराम अहिरवार, मनोज अहिरवार, नंदकिशोर अहिरवार, राहुल अहिरवार, मनोहर अहिरवार, राम प्रसाद अहिरवार, राजेंद्र अहिरवार, सचिन अहिरवार, कमलेश अहिरवार, राम रतन अहिरवार, मुकुंदी लाल, बाबूजी गणपत बाबू, विमल, पन्नालाल, सुनील, अवधेश, शिखर्चद अहिरवार, वीरेंद्र राजोरिया, विजय कुमार अहिरवार, रामप्रसाद अहिरवार, सभी ने साल श्रीफल भोजन दान देकर भव्य स्वागत किया और सभी को दिनांक 1 दिसंबर 2024 दिन रविवार को सांची चलो सांची चलो की अपील की गई और सभी को बौद्ध भिक्षु जी ने आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम में भूपेंद्र एवं भार्गव की जोड़ी ने नए राजनीतिक समीकरण बनाए

# भजन संध्या के रूप में मनाया गया जन्मदिन यादगार बन गया: सुशील तिवारी महापौर प्रतिनिधि







**सत्ता सुधार ■ सागर**

रुद्राक्ष धाम में पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक भूपेंद्र सिंह के पुत्र अभिराज सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष में भूपेंद्र सिंह एवं वरिष्ठ पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक गोपाल भार्गव की जोड़ी ने सागर जिले में नए राजनीतिक समीकरण बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है।अभिराज के जन्मदिन के अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक पंडित गोपाल भार्गव ने पहुंचकर आशीर्वाद प्रदान किया। महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी ने कहा कि यह कार्यक्रम यादगार है। इसी प्रकार के धार्मिक आयोजन जन्मदिन के अवसर पर होना चाहिए। इस कार्यक्रम की उपस्थिति बताती है कि भूपेंद्र भैया के कितने चाहने वाले हैं।भूपेंद्र भैया ,भूपेंद्र भैया ही रहेंगे। पूर्व मंत्री भार्गव ने कहा कि पिता यदि श्रेष्ठ काम करता है तो संतान कभी ऐसी नहीं होगी जो कुल पर कलंक लगाए। हमारी सनातन संस्कृति में एक राजनैतिक व्यक्ति के लिए यही बहुत बड़ा पुण्य और बड़ी कमाई है कि उसके बच्चों में कोई दुर्गुण नहीं आए। उन्होंने कहा कि इस भजन संध्या के कारक मेरे भतीजे अबिराज सिंह का वक्तव्य बताता है कि वे कितने आगे जाएंगे। कम उम्र में अच्छा अध्ययन उन्होंने किया है। वे अपने पिता की तरह धर्म और संस्कृति के मार्ग पर चलते हैं। अबिराज ने रामायण और महाभारत के प्रेरक उद्धरण दिए हैं इससे उनके संस्कारों की श्रेष्ठता का पता चलता है।पूर्व मंत्री पं भार्गव ने कहा कि जन्मदिन तो बहुत से लोग मनाते हैं, अनेक नवधनाढ्यों, उद्योगपतियों के जन्मदिन सी बीच और हिल स्टेशनों पर महंगी शराबों ,विद्रूप नाच गानों की फूहड़ता के साथ मनाए जाते हैं। उनकी शादियों में निर्थक अनुपयोगी रूप से अरबों खरबों रुपए खर्च किए जाते हैं जिनका देश के गरीबों को कोई फायदा नहीं होता सिर्फ फिजूलखर्ची और खुद के वैभव का प्रदर्शन मात्र होकर रह जाता है। ऐसे वातावरण में भूपेंद्र जी को धन्यवाद जिन्होंने इस पवित्र परिसर में भक्ति भाव और आध्यात्मिक अनुभूतियों के साथ ऐसा कार्यक्रम रखा जो पहचान बन गया है। कार्यक्रम में अतिथियों ने रूद्राक्ष धाम मंदिर पर लिखी गई महत्वपूर्ण पुस्तिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह, पं. श्री गोपाल भार्गव जी मुख्य अतिथि, विधायक बृज बिहारी पटेरिया जी, राजबहादुर सिंह पूर्व सांसद, श्रीमती विनोद पंथी पूर्व विधायक, श्रीमती संगीता सुशील तिवारी महापौर, राजेन्द्र सिंह मोकलपुर, वीर सिंह पवार पूर्व विधायक, श्रीमती सीमा सिंह प्रदेश अध्यक्ष, श्रीमती पारुल साहू पूर्व विधायक, देवेन्द्र सिंह, अनिल तिवारी, मनोज कटारे, हेमचंद्र बजाज, श्रीमती संध्या भार्गव, राम अवतार पांडे, रामनिवास माहेश्वरी जी, सहित हजारों की संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# दीनदयाल चौराहा से तिली चौराहे तक दुकानों के संचालकों को नोटिस जारी

## अवैधानिक रूप से दुकान निर्मित कर व्यावसायिक उपयोग एवं दुकान का संचालन किया जा रहा

**सत्ता सुधार ■ सागर**

सागर नगर की स्वच्छता, सौन्दर्यीकरण एवं यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु नगर निगम द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।दीनदयाल चौराहा से लेकर तिली अस्पताल मार्ग पर कई लोगों द्वारा नगर निगम द्वारा बगैर स्वीकृति के कच्ची एवं पक्की दुकानों का निर्माण कर विभिन्न व्यवसाय किये जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री स्त्रह्यड्डठ्ठद्धड्ड4श्चड्डठ्ठस्त्रद्द4ञ्चद्दद्बड्डद्बद्य.ष्श्वद्ब द्वारा ऐसे दुकानदारों की जांच के लिए बनाई गई समिति की रिपोर्ट के उपरांत दुकानों के संचालकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।नोटिस में लेख किया गया है कि तिली अस्पताल मेडिकल कॉलेज रोड मुख्य मार्ग पर आपके द्वारा अवैधानिक रूप से दुकान निर्मित कर व्यावसायिक उपयोग किया जाकर दुकान का संचालन किया जा रहा है जिसमें पार्किंग व्यवस्था, फायर सेफ्टी, स्ट्रक्चरल स्टेबिलिटी, मुख्य सड़क से राइट आफ वे इत्यादि व्यवस्था नहीं की गई है। उक्त दुकान मुख्य मार्ग पर अनियोजित रूप से विकसित किए जाने के कारण भीड़ एवं दुकान के सामने वाहन इत्यादि खड़े होने से अधिकांशत:जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज मुख्य रोड पर यातायात बाधित होने से जाम की स्थिति निर्मित होती है जिसके कारण किसी भी प्रकार की दुर्घटना घटित होने की संभावना रहती है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि तीन दिवस में दुकान निर्माण की समस्त स्वीकृतियां, फायर सेफ्टी रिपोर्ट, संचालन का लाइसेंस ,स्वामित्व संबंधी दस्तावेज एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र संबंधी समस्त दस्तावेज कार्यालय नगर पालिक निगम सागर में परीक्षण हेतु प्रस्तुत करें अन्यथा की स्थिति में आपके विरुद्ध नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 में विहित धाराओं अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।




**इनको जारी किए गए नोटिस**

तिली वार्ड- शंकर चाय की दुकान ,मुन्नालाल साहू होटल ,मनीष चतुर्वेदी होटल,ईश्वर पटैल होटल ,परषोत्तम साहू फल की दुकान, देवेन्द्र कुमार दुबे चाय की दुकान,ललित शुक्ला जनरल स्टोर,के.के. खाना होटल ,राजकुमार पटैल पान की दुकान ,ऋषि केशरवानी फास्ट फूड,राजकुमार अहिरवार दिल्ली फास्ट फूड, दीपक साहू इंदौरी पोहा,अनीश उद्दीन नानवेज आमिर खान रेस्टोरेंट ,रत्नेश तिवारी फास्ट फूड रेस्टोरेंट,शरद केशरवानी एम.पी. ऑनलाइन दुकान, वासु केशरवानी रॉयल स्नेहा भोजनालय ,मिथलेश सिंग कुर्मी उपसरपंच गुड़ की चाय,राकेश पटैल चाट सेंटर,बिज्जू सबलोक हेपनीज केंक , मुकेश बालाजी मार्वल दुकान,श्रीमति रागनी तलरेजा जूता चप्पल दुकान ,मनीष तिवारी रेडिमेड दुकान, ओमकार तिवारी ऑटो पार्ट्स दुकान,शोऐब खान सर्विसिंग सेंटर, ब्रजेश रैकवार, द पंगत रेस्टोरेंट।

### वृंदावन वार्ड-

अजय यादव बाम्बे चौपाटी चायनीज नास्ता की दुकान , राजू पटैल महाकाल चाट भंडार ,दिनेश लालवानी दौलतराम लालवानी पेटीज चाऊमीन ,राहुल तनय श्री सुंदरलाल रजक जूस सेंटर ,अजय तनय श्री भरत यादव बाम्बे सेंडविच, करनसिंह तनय हरिनारायण कुशवाहा डोसा की दुकान ,अंशुल तनय नंदराम पटैल चाट फुल्की दुकान, मनोज तनय रामा प्रजापति चाट फुल्की ,रोहित साहू तनय कैलाश साहू फुल्की दुकान,नरेन्द्र साहू तनय कैलाश साहू साहू दूध डेयरी हरिओम तनय श्री हरभजन साहू फास्ट फूड शॉप, सुमेर बेनीलाल तनय कालूराम राजस्थान स्वीट्स, रामकिशुन तनय नीरज चौरसिया शिवांश जल पान गृह, अंबित तनय राजेश जैन चाय एवं चाट की दुकान, अनिल कुमार जैन हार्डवेयर एवं निर्माण एंजेसी ,अमन किराना श्री हुकुमचंद पटैल ,स्टील फ्रेबिकेशन एंड सर्विसिंग स्टेशन भूरे रैकवार/ हरिराम रैकवार चाय पान की दुकान, लक्ष्मन तनय गोपीराम अहिरवार लक्ष्मन टी स्टाल अंकित तनय शंकरलाल रैकवार चाय की दुकान,सोनू तनय हरीराम अहिरवार चाय की दुकान।

### शिवाजी नगर वार्ड

प्रो. प्रा.अर्पित साहू श्री शिव एल.ई.डी साईन बोर्ड एन्ड सी.एन.सी कटिंग, प्रो.हर्ष पटैल यमी यमी कैफे , नवल किशोर विश्वकर्मा फर्नीचर, प्रो. सिद्धार्थ दुबे चाय शाह बार, प्रो. संतोष पाल राधिका पान भंडार,प्रो. विवेक ब्यूटी विश मेकप स्टुडियों,प्रो. शुभम रैकवार यश लेडीज कलेक्शन,हरीश जेंस पार्लर ,प्रो. मनीष पुराणी महादेव पान मंदिर,प्रो. शरीफ खान न्यू सागर स्टील फर्नीचर,प्रो. रामकिशोर विश्वकर्मा विश्वकर्मा बेल्डिंग एवं स्टील वर्कशॉप,प्रो. नीलेश दुबे हर्षिता स्टैंडर्ड स्टील एल्युमिनियम फर्नीचर,हेविन मोमोमिया पीजा एंड कैफे,प्रो. अभिषेक साहू शिव शक्ति सर्विसेज,प्रो. संतोष सोनी कार डेकोर, वैष्णवी फर्नीचर एंड एल्युमिनियम वर्कशॉप, प्रो. गुलशन दा डिटेलिंग माफिया ,प्रो. संतराम विश्वकर्मा सौम्या फर्नीचर मार्ट, प्रो. प्रमोद कुमार, फास्ट फूट प्वाइंट प्रो. आकाश पटैल, क्रेकरी वाला श्रीमति मनीषा लोधी, बालाजी जनरल स्टोर एंड गिफ्ट सेंटर प्रो. सिंकदर, गोल्डन वर्क शॉप प्रो. दयाराम साहू ,मां सविर्सिग सेंटर एंड आटो पार्ट्स।

# राजस्व अधिकारी , राजस्व विभाग के सभी प्रकरणों का निराकरण ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर



**सत्ता सुधार ■ बंडा/सागर**

राजस्व महा अभियान 3.0 के तहत राजस्व अधिकारी, राजस्व विभाग के सभी प्रकरणों का निराकरण ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर करें। उक्त निर्देश अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय ने बंडा शाहगढ़ में राजस्व अभियान की समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर एसडीएम गगन बिसेन, तहसीलदार सहित अन्य विभाग अधिकारी मौजूद थे।मध्यप्रदेश शासन के द्वारा राजस्व महा अभियान 3.0 15 दिसंबर तक चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत कलेक्टर श्री संदीप जी आर के निर्देश पर अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय ने जिले के बंडा एवं शाहगढ़ में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कहा कि सभी राजस्व अधिकारी राजस्व विभाग के सभी प्रकारों का निराकरण करें और इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाए , शिविर के पूर्व ग्रामीण क्षेत्र में मुनादी कराई जाए जिससे कि संपूर्ण ग्रामवासियों को अवगत कराया जा सके की शिविर का आयोजन हो रहा है और लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। अपर कलेक्टर श्री उपाध्याय ने राजस्व अधिकारियों, एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए कि वह कैंप कोर्ट अर्थात न्यायालय आपके द्वार के माध्यम से प्रकरणों को हल करें।

कैंप कोर्ट के माध्यम से गांव गांव शिविर लगाकर प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।अपर कलेक्टर ने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे मूल कार्य 30 दिवस से अधिक लंबित न रहे। जैसे ही राजस्व अधिकारियों के समक्ष प्रकरण आए, उसे चिन्हित कर त्वरित रूप से आवश्यक कार्रवाई की जाए। पटवारी भी अपने क्षेत्र या अपनी तहसील में निवास करे। तथा क्षेत्र की महत्वपूर्ण सूचनाएं राजस्व अधिकारियों के माध्यम से प्राप्त कर निराकारण करे।जन सुविधा एवं लोकहित को दृष्टिगत रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हेतु न्यायालय एवं शिविर का कार्यक्रम तैयार कर आदेश के साथ संलग्न किया जा रहा है।

## हम होंगे कामयाब अभियान के अंतर्गत निकाली गई मिनी मैराथन रैली



**सागर।** महिलाओं के विरूद्ध हिंसा के रोकथाम हेतु हम होंगे कामयाब शक्ति अभियान एवं बाल विवाह विरुद्ध अभियान के तहत कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर महिला बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम की श्रृंखला में मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।मैराथन दौड़ का शुभारंभ विधायक शैलेंद्र जैन ने हरी झंडी दिखाकर किया।

# सेंट्रल जीएसटी विभाग की बड़ी कार्रवाई

### फर्जी कंपनी बनाकर 1 साल में साढ़े तीन करोड़ की कर चोरी

**सत्ता सुधार ■ बीना/सागर**

बीना में आरबी इंटरप्राइज़ फर्म पर एंटी इवेजन ब्यूरो सतना द्वारा कार्रवाई की गई। जिसमें करोड़ों रुपए की कर चोरी का मामला सामने आया है।जिसकी जानकारी विभाग ने शुक्रवार की रात को जारी की है।एंटी इवेजन असिस्टेंट कमिश्नर विवेक कुमार दुबे ने बताया कि बीना की फर्म आरबी इंटरप्राइज के नाम से व्यापार करती है। जिसके प्रोपराइटर रोहित भगोरिया है। इनकी फर्म राजीव वार्ड में है। जो कि खरीदी कुछ नहीं करता है और करोड़ों रुपए के बिल काटकर आईटीसी के तहत राजस्व की हानि पहुंचा रहा है।अब तक करीब 3 करोड़ से ज्यादा की हेराफेरी पकड़ी गई है।इस मामले में शासन का 3 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है। करोड़ों रुपए की कर चोरी सामने आ न सकती है।



**हादसा**

चोरी का ट्रैक्टर ट्राली पलटा

# पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली सहित मसूर बरामद कर आरोपी को पकड़े

**सत्ता सुधार ■ सागर**

25 नवंबर को अंकित जैन पिता जयकुमार जैन उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम सानौधा का ट्रैक्टर ट्राली जिसमे करीब 30 क्विंटल मसूर लोड थी घर के बाहर खड़ा कर दिया था। उक्त ट्रैक्टर ट्राली मसूर सहित अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया जिसकी सूचना पर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई।आरोपियो द्वारा ट्रेक्टर ट्राली को रौन थाना गढ़ाकोटा के पास पलटा दिया है एवं छोड़ कर भाग गये है।ग्राम रौन से ट्रेक्टर ट्राली एवं मसूर की बोरिया जप्त की गई।आरोपियो द्वारा फरियादी के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड दिये गये थे आरोपियों की



गिरफ्तारी हेतु घटना स्थल के आस पास एवं सानौधा से गढाकोटा के बीच पड़ने वाले ढ़ाबो एवं पेट्रोल पंप आदि के सीसीटीवी कैमरे चैक किये गये। इसी क्रम में नयाखेडा आपचंद के पास इंडियन ढाबा के सीसीटीवी कैमरे में संदेही ट्रेक्टर ट्राली ले जाते हुये मिले परन्तु फुटेज बहुत धुंधले होने से स्पष्ट पहचान नहीं हो पा रही थी पुलिस टीमों द्वारा लगातार धुंधले फुटेज से पहचान हेतु लगातार प्रयास किए जाने के परिणाम स्वरूप संदेहियो में से एक की पहचान टक्कल उर्फ सरताज अली निवासी सानौधा के रूप में हुई। जिसे दस्तयाब कर पूंछतांछ की गई जिसने अपने साथियो के नाम जफर अली एवं अभिषेक अहिरवार निवासियान सानौधा के बताये। दिनांक 29/11/2024 को आरोपीगण टक्कल उर्फ सरताज अली पिता मुख्तार अली उम्र 32 वर्ष, जफर अली पिता अकबर अली उम्र 26 वर्ष एवं अभिषेक अहिरवार पिता प्रकाश अहिरवार उम्र 22 वर्ष निवासियान सानौधा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। प्रकरण में आरोपी जफर अली एक आदतन अपराधी है इसके विरूद्ध पूर्व से दो अपराध घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़, आगजनी एंव जान से मारने की धमकी के अपराध क्रमांक 51/2021 धारा 294,354,452,506 ता.हि. एवं अपराध क्रमांक 244/2021 धारा 294,323,436,452,506,34 ता. हि. थाना सानौधा पर पंजीबद्ध है। आरोपियो से जिले में अन्य चोरियो के संबंध में पूंछतांछ करने हेतु समस्त थाना प्रभारियो को सूचना दी गई है।

## नपा अध्यक्ष ने गांधी वार्ड पहुंचकर वार्ड वासियों की समस्या सुनी



**देवरी/सागर।** देवरी नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन ने नगर के गांधी वार्ड पहुंचकर वार्ड वासियों की समस्या सुनी और संबंधित अधिकारी कर्मचारी को तत्काल समस्या निराकरण के निर्देश दिए और नगर पालिका अध्यक्ष नेहा जैन ने वार्ड वासियों से कहा कि जनता की समस्या निराकरण के लिए मैं प्रतिदिन नगर पालिका में उपस्थित रहती हूं किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या हो तो नगर पालिका पहुंचकर सीधे मुझ से मिल कर अपनी समस्या का तत्काल निराकरण करा सकता है।इस दौरान पटेल वार्ड पार्षद त्रिवेंद्र जाट उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### मनु नेशनल चैंपियनशिप में नहीं खेलेंगी : राणा

**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर ने एक बार फिर अभ्यास शुरु कर दिया है पर वह अगले महीने होने वाली नेशनल चैंपियनशिप में भाग नहीं खेलेंगी। मनु ने पिछले माह अक्टूबर में दिल्ली में हुए आईएसएसएफ निशाने विश्वकप में भी फाइनल से भी अपना नाम वापस ले लिया था। इस प्रकार ये दूसरा टूर्नामेंट है जिसमें वह नजर नहीं आयेंगी।। मनु के कोच जसपाल राणा के अनुसार मनु ने अभी पर्यात अभ्यास नहीं किया है, इसलिए वह किसी बड़े टूर्नामेंट में नहीं उतरना चाहती हैं। वह अभी अपनी ग्रिप को बेहतर बनाने पर ध्यान दे रही हैं। कोच ने कहा कि हम फिलहाल मनु भाकर की ग्रिप को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जिस कारण हमने यूरोपीय दौरे का फैसला पहले ही कर लिया था।

### भारतीय हॉकी के स्वर्ण युग को वापस लाना है लक्ष्य : अभिषेक

**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के फारवर्ड अभिषेक का कहना है कि उनका लक्ष्य भारतीय हॉकी के स्वर्ण युग को वापस लाना है। अभिषेक का कहना है कि हमने ओलंपिक में पदक जीतने की प्रक्रिया शुरू कर दी है पर स्वर्ण युग अभी हासिल नहीं हुआ है जिसके लिए हमें अभी और प्रयास करने हैं। वह हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम में भी शामिल थे। अभिषेक हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की नीलामी में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। उन्हें श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने 72 लाख रुपये में खरीदा था। वह पहली बार एचआईएल टूर्नामेंट खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, 'यह अंतरराष्ट्रीय मैचों से अलग अनुभव होगा। एचआईएल भारतीय हॉकी के लिए भी एक बड़ी बात होने जा रही है क्योंकि हमें लीग में बहुत सारे विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलने का अवसर मिलेगा। इस प्रकार एचआईएल से राष्ट्रीय टीम को लाभ ही मिलेगा, उसे बेहतर खिलाड़ी मिलेंगे।

### दक्षिण अफ्रीका दौरे में हो सकती है बाबर आजम सहित इन खिलाड़ियों की वापसी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के आगामी दक्षिण अफ्रीका दौरे में पूर्व कप्तान बाबर आजम , फखर जमां के अलावा तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह की वापसी हो सकती है। पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले कुछ दिनों में दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए एकदिवसीय टीम की घोषणा करेगा। पाक टीम अपने इस दौर में तीन एकदिवसीय, तीन टी20ढ्ढ और दो टेस्ट मैच खेलेगी। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार फखर को पहले फिटनेस टेस्ट में असफल होने और घुटने की समस्या के कारण ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे में सीमित ओवरों की सीरीज के लिए बाहर कर दिया गया था पर अब वह फिट हो गये हैं। इसलिए उनके नाम पर विचार की पूरी संभावना है। '' वहीं चयनकर्ताओं ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को सुझाव दिया है कि केवल टेस्ट सीरीज के लिए चुने जाने वाले खिलाड़ियों को बेहतर तैयारी के लिए ट्रेनिंग कैंप के लिए दक्षिण अफ्रीका भेजा जाए।

# झारखंड ने अरुणाचल को महज 27 गेंदों में हराया, किशन ने खेली धुंआधार पारी

### वानखेड़े स्टेडियम में इशान किशन ने 23 गेंदों में 77 रन बनाए

एजेंसी ■ नई दिल्ली

वानखेड़े स्टेडियम में इशान किशन ने सिर्फ 23 गेंदों में 77 रनों की शानदार नाबाद पारी खेली, जिससे झारखंड ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार जीत दर्ज की। किशन की यह पारी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) द्वारा साइन होने के बाद सामने आई है। आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में अपने पूर्व घरेलू मैदान पर ईशान ने यह पारी खेली जहां वह सात साल तक मुंबई के लिए खेले हैं।

झारखंड ने अरुणाचल प्रदेश को 93 रनों पर समेत दिया और जीत हासिल की। अनुकूल रॉय ने 4/17 के आंकड़े दिए। किशन ने शुरुआती स्टैंड से ही चौकों और छक्कों की झड़ी लगा दी। उनके साथी



उत्कर्ष सिंह ने केवल छह गेंदों का सामना किया और 13 रन बनाए। किशन की धमाकेदार पारी और भी खास थी, क्योंकि इसने उन्हें उन खिलाड़ियों की विशिष्ट सूची में डाल दिया, जिन्होंने मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में 300 या उससे अधिक की स्ट्राइक रेट से टी20 अर्धशतक बनाया। किशन ने 334.78 के स्ट्राइक-रेट से अरुणाचल के गेंदबाजों पर कहर बरपाया। उनसे पहले वेस्टइंडीज के दिग्गज कीरोन पोलार्ड और भारत के पूर्व स्टार बल्लेबाज सुरेश रैना ऐसा कर चुके हैं।

आईपीएल 2025 में ईशान किशन सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए नजर आएंगे। हैदराबाद ने ऊपर 11.25 करोड़ की बोली लगाई। नीलामी की शुरुआत में मुंबई ने उनमें दिलचस्पी दिखाई थी लेकिन वह 3.40 करोड़ की बोली पर बाहर हो गए। इसके बाद पंजाब ने जोर लगाया लेकिन ईशान हैदराबाद टीम में चले गए। मुंबई ने अपने राइट टू मैच कार्ड का प्रयोग नहीं करने का फैसला किया, जिससे किशन हैदराबाद के साथ जुड़ गए। मुंबई के लिए अपने पिछले सीजन में ईशान 14 पारियों में 148.83 की स्ट्राइक रेट के साथ 320 रन ही बना सके थे। सनराइजर्स हैदराबाद में शामिल होकर किशन विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में हेनरिक क्लासेन के साथ जोड़ी बना सकते हैं।



शनिवार को कैनबरा में प्रधानमंत्री एकादश बनाम भारतीय टीम के क्रिकेट मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने रोहित शर्मा से हाथ मिलाया।

# टीम इंडिया की नई वनडे जर्सी लॉन्च, हरमनप्रीत कौन को आई पसंद

### 22 दिसंबर से बड़ौदा में होने वाली वनडे सीरीज में टीम पहनेगी नई जर्सी



एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह और भारतीय महिला क्रिकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मुंबई में बीसीसीआई दफ्तर में टीम इंडिया की नई वनडे जर्सी का अनावरण किया। इंडिया टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 22 दिसंबर से बड़ौदा में होने वाली वनडे सीरीज में नई जर्सी पहनेगी। हरमनप्रीत ने एक वीडियो में कहा कि आज जर्सी का अनावरण करना सम्मान की बात है और मुझे वास्तव में खुशी है कि आप जानते हैं, हम पहले व्यक्ति हैं जो वेस्ट इंडीज टीम के खिलाफ इस जर्सी को पहनने जा रहे हैं। जर्सी का लुक पसंद आया। यह वास्तव में सुंदर है हमें एक विशेष वनडे जर्सी मिली है।

टीम इंडिया 15 दिसंबर से शुरू होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज और आयरलैंड की मेजबानी करेगा। इसके बाद नवी मुंबई और वडोदरा में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वन-डे और इतने ही टी20 मैच खेलेगा। जनवरी में राजकोट में आयरलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज होगी। टीम इंडिया 15, 17 और 19 दिसंबर को डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाने वाले तीन टी20 मैचों में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा, जिसके बाद 22, 24 और 27 दिसंबर को वडोदरा में तीन वनडे मैच खेले जाएंगे।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इंडिया 10, 12 और 15 जनवरी को राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में तीन वनडे मैचों की सीरीज आयरलैंड के खिलाफ खेलेगी। ये दोनों वनडे सीरीज आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगी, जो भारत में अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन प्लेटफॉर्म है।

### भारत की स्टार बल्लेबाज जेमिमा घायल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना संदिग्ध

**ब्रिस्बेन।** भारत की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) मैच में ब्रिस्बेन हीट को सिडनी थंडर पर जीत दिलाने के बाद रिटायर हर्ट हो गई हैं। संभावना है कि उनके बाएं हाथ की कलाई की चोट आ गई है। इस चोट के कारण पांच दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में उनका खेलना चिंता पैदा कर रही है। ब्रिस्बेन हीट ने सिडनी थंडर को 9 विकेट से हराकर मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ एमसीजी पर होने वाले खिताबी मुकाबले में जगह बनाई है।

### मंडला माशिम्बी दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के नए कोच बने

**जोहान्सबर्ग।** मंडला माशिम्बी दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के नए मुख्य कोच बन गए हैं। यह फैसला क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने लिया है। वह डिलन डु प्रीज की जगह लेंगे जिन्होंने अंतरिम कोच के तौर पर महिला टी20 विश्व कप में टीम को फाइनल तक पहुंचाया था। इससे पहले हिल्टन मोरेंग एक दशक तक टीम के मुख्य कोच रहे थे। माशिम्बी ने कहा कि वह बहुत सम्मान के साथ प्रोटियाज महिला टीम कोच बनना स्वीकार करता हूं। वह इस प्रतिष्ठित पद से जुड़ी जिम्मेदारियों और अपेक्षाओं से पूरी तरह वाकिफ हैं। कोच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान टाइटन्स क्रिकेट से मिले अवसर के लिए बहुत आभारी हूं। पिछले 11 सालों में उनका अटूट समर्थन मेरे पेशेवर विकास में सहायक रहा है। वह प्रोटियाज महिलाओं की निरंतर सफलता और विश्व क्रिकेट में एक मजबूत शक्ति के रूप में उनकी स्थिति को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। माशिम्बी ने टाइटन्स, नाइट्स और ग्रिक्वास के लिए पेशेवर क्रिकेट खेला है। हालांकि 2010 में घुटने की लगातार चोटों के कारण उनका करियर जल्द खत्म हो गया। एक तेज गेंदबाज के रूप में उन्होंने टाइटन्स और नॉर्दर्न्स का प्रतिनिधित्व करते हुए 39 प्रथम श्रेणी मैचों में 103 विकेट लिए, जबकि उनका बल्लेबाजी औसत भी 20 से अधिक रहा।

# नेपाल पहुंचा भारतीय गब्बर शिखर धवन



■ एनपीएल लीग में दिखाएगा कमाल

■ टोपी पहनकर जैसे ही एयरपोर्ट पर उतरे लोगों ने किया जोरदार स्वागत

एजेंसी ■ काठमांडू

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट करियर से सन्यास लेने के बाद पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन नई पारी शुरू करने के लिए शुक्रवार को काठमांडू पहुंचे। धवन यहां नेपाल प्रीमियर लीग (एनपीएल) में भाग लेंगे। उन्हें करनाली याक्स ने अपने साथ जोड़ा है। नेपाल पहुंचे धवन का उत्साही भीड़ ने स्वागत किया। धवन को प्यार से गब्बर के नाम से जाना जाता है, धवन ने नेपाल के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वीआईपी टर्मिनल से बाहर निकलते समय पारंपरिक ढाका टोपी पहनी थी। धवन ने नेपाल पहुंचते ही अपना उत्साह व्यक्त किया और स्थानीय और राष्ट्रीय नेपाली खिलाड़ियों के साथ खेलने के अवसर पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि मैं यहां आकर न केवल प्रतिस्पर्धा करने के लिए बल्कि पशुपतिनाथ मंदिर और माउंट एवरेस्ट जैसे नेपाल के प्रसिद्ध स्थलों का पता लगाने के लिए भी रोमांचित हूं। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद धवन करनाली याक्स से जुड़े हैं, क्योंकि आईपीएल मेगा नीलामी से पहले पंजाब किंग्स ने उनसे नाता तोड़ लिया था।

एक दशक से ज्यादा के करियर में धवन ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की हैं। वह एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय में 167 मैचों में 6,793 रन बना चुके हैं। उन्होंने टेस्ट करियर में सात शतक लगाए हैं, जबकि टी20 ई प्रारूप में उन्होंने 68 मैचों में 1,759 रन बनाए। घरेलू मोर्चे पर धवन ने 122 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिसमें 8,499 रन बनाए और अपने प्रभावशाली रिकॉर्ड में 25 शतक भी लगाए हैं।

## आईएसयू वर्ल्ड कप स्पीड स्केटिंग



चीन की राजधानी बीजिंग में आईएसयू वर्ल्ड कप स्पीड स्केटिंग में महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ के दौरान प्रतिस्पर्धा करती नीदरलैंड की जॉय ब्यून।

### रोहित की वापसी के बाद भी राहुल ही करें पारी की शुरुआत : पुजारा

**कैनबरा।** बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि कप्तान रोहित शर्मा की वापसी के बाद भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडीलेड में होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में केएल राहुल ही यशस्वी जायसवाल के साथ पारी शुरु करें। रोहित के पहले टेस्ट में नहीं होने के कारण राहुल ने यशस्वी के साथ पारी शुरु की थी। इस जोड़ी का प्रदर्शन अच्छा रहा था। ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरों में जबरदस्त बल्लेबाजी करने वाले पुजारा का मानना ??है कि सीरीज के पहले मैच में 295 रन की जीत के बाद सलामी जोड़ी में कोई बदलाव नहीं होना चाहिये।

उन्होंने कहा कि यशस्वी ने पहली पारी में शानदार शतक लगाया। वहीं राहुल ने भी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए पर्थ में दो पारियों में 26 और 77 रन बनाए। पुजारा ने कहा, मुझे लगता है कि अगर हम इसी बल्लेबाजी क्रम को जारी रख सकते हैं तो रोहित तीसरे नंबर पर आ सकते हैं और शुभमन पांचवें नंबर पर आ सकते हैं। अगर रोहित शुरु करना चाहते हैं, तो राहुल को नंबर 3 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। उसके बाद कुछ नहीं। मुझे लगता है कि उन्हें शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करनी चाहिए, क्योंकि यह उनके खेल के लिए बहुत अच्छा है। मुझे उम्मीद है कि इसमें बदलाव नहीं होगा।

# बंगाल और मध्य प्रदेश मैच में चोटिल हुए शमी, मांजरेकर ने जताई थी आशंका

एजेंसी ■ नई दिल्ली

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के तहत भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को बंगाल और मध्य प्रदेश के बीच मुकाबले के दौरान चोट लग गई। अभी बीते दिनों ही आईपीएल नीलामी से ठीक पहले संजय मांजरेकर ने उनके चोटिल होने की आशंका जताई थी। मांजरेकर ने कहा था कि बढ़ती उम्र और चोटों के डर से शमी को आईपीएल नीलामी में बड़ी रकम नहीं मिल पाएगी। क्योंकि कोई भी फ्रेंचाइजी उन्हें बढ़ी रकम देकर यह नहीं चाहेगी कि वह बीच में टीम छोड़ दें। शमी पीठ में कुछ समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

मोहम्मद शमी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मौजूदा सीजन में टी20 क्रिकेट में वापसी की थी। पंजाब के खिलाफ अपने पहले मैच में उन्होंने 1/46 के आंकड़े दिए। उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ दूसरे मैच में शानदार वापसी की और



राजकोट में 21 रन देकर तीन विकेट लिए थे। फिर सौराष्ट्र में मिजोरम के खिलाफ में वह 46 रन देकर भी कोई विकेट नहीं ले पाए। अब मध्य प्रदेश के खिलाफ भी वह कोई विकेट नहीं ले पाए। बताया जा रहा है कि शमी को लगी चोट के कारण बंगाल खेमे में थोड़ी घबराहट है। मैच के अंतिम ओवर में गेंदबाजी करते समय जब विपक्षी टीम को 22 रनों की जरुरत थी, तब मोहम्मद शमी को अपनी पीठ में कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ा। उन्हें अपनी पीठ के निचले हिस्से को पकड़कर जमीन पर लेटे हुए देखा गया। इसके बाद उन्हें कुछ उपचार मिला और तेज गेंदबाज ने बिना किसी परेशानी के ओवर पूरा करने के लिए खड़े होकर कुल नौ रन दिए।

बता दें कि करीब 1 साल तक क्रिकेट से बाहर रहने के बाद मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी मैच से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। वह अपनी वापसी पर खुश दिखे और बिना किसी परेशानी के पूरा मैच खेलकर अपनी फिटनेस साबित की। उन्हें रणजी ट्रॉफी खेल के बाद ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर भेजे जाने की खबर थी लेकिन बीसीसीआई ने इसपर साफ इंकार कर दिया था।

**आईसीसी बैठक** चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान में खेली जाना है

# चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर नहीं हो सका फैसला, फिर होगी बैठक

एजेंसी ■ नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आयोजन स्थल और कार्यक्रम को लेकर सस्पेंस जारी है। शुक्रवार को आईसीसी के गवर्निंग बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक किसी निर्णय पर नहीं पहुंच सकी। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट पर गतिरोध को खत्म करने के लिए सदस्य अगले कुछ दिनों में फिर से बैठक करेंगे। शुक्रवार को आईसीसी बोर्ड की बैठक ऑनलाइन आयोजित की गई थी और माना जा रहा है कि इसमें बोर्ड के सभी 15 सदस्य कि साथ ही सीईओ ज्योफ एलार्डिस और चेयरमैन ग्रेग बार्कले के साथ मौजूद थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आईसीसी बोर्ड ने शुक्रवार को संक्षिप्त बैठक की, लेकिन कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पक्ष चैंपियंस ट्रॉफी के लिए



एक सही विकल्प के लिए कार्य में जुटे हुए हैं।

जानकारी के अनुसार बोर्ड फिर से बैठक करेगा। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च तक खेली जानी है, लेकिन बीसीसीआई टीम इंडिया को पाकिस्तान दौरे पर भेजने के लिए तैयार नहीं थी। इसके पीछे बोर्ड ने तर्क दिया कि उसे पाकिस्तान जाकर खेलने के लिए भारत सरकार की सहमति नहीं मिली है। इसके बाद टूर्नामेंट को लेकर सस्पेंस बढ़ गया है।

पाकिस्तान के पास चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी का अधिकार है। पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी इस टूर्नामेंट को पूरी तरह से पाकिस्तान में कराने के पक्ष में हैं। भारत के पाकिस्तान आने से इनकार करने के बाद 15 मैचों के इस टूर्नामेंट को खेलने के लिए हाइब्रिड मॉडल विकल्प के रूप में उभर रहा है। पिछले साल भारत के पाकिस्तान की यात्रा करने से मना करने के बाद पाकिस्तान ने हाइब्रिड मॉडल में पुरुषों के 50 ओवर के एशिया कप की मेजबानी की थी।

भारत ने टूर्नामेंट के अपने सभी मैच कोलंबो में खेले, जिसमें सेमीफाइनल और फाइनल भी शामिल था, जिसमें उसने जीत हासिल की थी। चैंपियंस ट्रॉफी में आठ टीमें भाग लेंगी, इनमें से चार टीमों को दो समूहों में बांटा गया है। दोनों समूहों की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में खेलेंगी, जिसके बाद खिताबी मुकाबला होगा।

### दक्षिण अफ्रीका गेंदबाजों के सामने नहीं टिक सके श्रीलंका के शेर

**डरबन।** ट्रिस्टन स्टब्स और कप्तान टेम्बा बावुमा की शतकीय पारियों के बाद कगिसो रबाड़ा और माकर यानसन की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका के दूसरी पारी में 103 रन पर पांच विकेट गिराकर जीत की तरह अपना कदम बढ़ा दिया है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 366 रन बनाकर पारी घोषित कर श्रीलंका को जीत के लिए 516 रनों का लक्ष्य दिया था। ट्रिस्टन स्टब्स (122) और कप्तान टेम्बा बावुमा (113) रन बनाकर शतक पूरे किए और टीम को बड़े लक्ष्य की ओर ले गए। दक्षिण अफ्रीका को श्रीलंका को पहली पारी में उसके न्यूनतम स्कोर 42 रन पर ऑलआउट कर 149 रनों बढ़त बना ली थी। श्रीलंका की ओर से प्रभात जयसूर्या और विश्वा फर्नांडो ने दो-दो विकेट लिए। असिता फ़र्नांडो ने एक विकेट लिया। इसके बाद 516 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका टीम के शीर्ष बल्लेबाज कगिसो रबाड़ा और माकर यानसन की गेंदबाजी के आगे कुछ खास नहीं कर सके। पथुम निसंका (23), दिमुत करुणारत्ने (4), एंजलो मैथ्यूज (25), कामिंडु मेंडिस (10) और प्रभात जयसूर्या (एक) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। दिन का खेल खत्म होने के समय श्रीलंका ने दूसरी पारी में 103 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गवां दिए थे और दिनेश चांदीमल (नाबाद 29) और कप्तान धनंजय डिसिल्वा (नाबाद शून्य) क्रीज पर मौजूद थे। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाड़ा और माकर यानसन को दो-दो विकेट झटके। गेराल्ड कोएत्जी ने एक विकेट लिया।



# मुख्यमंत्री योगी बोले-निवेशक के साथ एक्सपोर्टर खोजने की जरुरत देश के हिस्सों में पहुंचाएं उत्पाद

## 35वां गीडा स्थापना दिवस

सत्ता सुधार ■ गोरखपुर

सीएम योगी शनिवार को गीडा के 35वें स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह के संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब यूपी के लोग अपने ही प्रदेश में निवेश कर सकता है। इससे रोजगार के अवसर बढ़े हैं और देश की इकोनॉमी में यूपी का योगदान भी बढ़ा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश भर में यूपी सुरक्षित निवेश का मॉडल बन रहा है। गीडा में हो रहा निवेश इसका उदाहरण है। निवेशकों के साथ-साथ अब हमें एक्सपोर्टर भी खोजने की जरूरत है। गीडा में जो उत्पादन हो रहा है उसे देश के विभिन्न हिस्सों में पहुंचने की जरूरत है। सीएम योगी शनिवार को गीडा के 35 वें स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह के संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब यूपी के लोग अपने ही प्रदेश में निवेश कर सकता है। इससे रोजगार के अवसर बढ़े हैं और देश की इकोनॉमी में यूपी का योगदान भी बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कोका कोला और अपोलो कंपनी को जमीन का आवंटन पत्र और पेप्सी और ब्रिटानिया के प्रीतिनिधि को अनुदान का चेक सौंपा। साथ ही प्रदर्शनी को देखा और उत्पादों की जानकारी ली।



# प्रतियोगिता : 18 राष्ट्रीय पहलवानों ने विरोधियों को चित कर जीता गोल्ड

सत्ता सुधार ■ वाराणसी

काशी सांसद खेलकूद के तहत शहर में तीन स्थानों पर जनपद स्तरीय कुश्ती, मुक्केबाजी और बास्केटबॉल प्रतियोगिता हुई। सिगरा स्टेडियम में हुई कुश्ती प्रतियोगिता में अंडर-14-18 बालक-बालिका वर्ग में 18 राष्ट्रीय पहलवानों ने जबकि अंडर-23 महिला-पुरुष वर्ग में आठ पहलवानों ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर-14 के बालिका वर्ग में सृष्टि सिंह, शालिनी कुमारी, स्नेहा, नंदिनी, अंदरी पटेल और बालक वर्ग में प्रियांशु यादव, पार्थ यादव, विकास यादव, नीरज यादव, चंदन यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-18 बालिका वर्ग में रेशमा यादव, आंचल यादव, रिया यादव, लक्ष्मी गुप्ता और बालक वर्ग में अवधेश यादव, सुंदरम यादव, मोनू यादव, अनुज यादव और तथागत ने स्वर्ण पदक जीता। महिला वर्ग के अंडर-23 में आरती यादव, वसुंधरा यादव, पलक यादव ने प्रथम स्थान हासिल किया।



## ब्रीफ न्यूज

### कैंट स्टेशन पर लगी आग में 203 वाहन जलकर खाक

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन पर देर रात लगी आग में 203 वाहन जलकर नष्ट हो गए। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन किया है। प्रयागराज जीआरपी के एसपी जांच करने वाराणसी पहुंचे हैं और मामले की जांच जारी है। कैंट स्टेशन के वाहन पार्किंग में लगी आग से कुल 203 वाहन जलकर नष्ट हो गए। जीआरपी, आरपीएफ और रेलवे, सिगरा पुलिस की संयुक्त टीम इस मामले की जांच कर रही है। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य संकलन किया है। प्रयागराज जीआरपी एसपी अभिषेक यादव शनिवार की सुबह घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी ली। गले जले तार आदि की जांच की। अब तक की छानबीन में प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट से ही आग लगी है। जीआरपी एसपी ने एडीआरएम और कैंट स्टेशन निदेशक संग बैठक की।

### भतीजे ने चाचा के सिर पर ईंट मारकर कर दी हत्या

**भदोही।** भदोही में ज्ञानपुर कोतवाली क्षेत्र के बड़वापुर गांव में एक भतीजे ने चाचा के सिर पर ईट से वार कर हत्या कर दी। हत्या करने से पहले भतीजे ने चाचा को जमकर शराब पिलाई। जानकारी होते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं फरार भतीजे की तलाश कर रही है। भदोही कोतवाली के बड़वापुर मुसहर बस्ती निवासी माधो बनवासी अपने भतीजे राजेश के साथ शुक्रवार की शाम शराब पी रहा था। बताया जा रहा है कि शराब पीने के दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। भतीजे राजेश ने चाचा माधो के सिर पर ईंट से वार कर दिया। घायल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### कंबोडिया में मानव तस्करी, आरोपी के घर पहुंची एनआईए

**गोरखपुर।** करीब 17 वर्ष पहले अभय नाथ दुबे कंबोडिया कमाने गया था। वहां, गलत संगत में फंसकर मानव तस्करी करने लगा। इस आरोप में चार माह से कंबोडिया की जेल में बंद है। कंबोडिया में फंसे बड़हलगंज के कुछ लोगों ने वापस आकर थाने में अभय नाथ के खिलाफ केस भी दर्ज कराया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) पटना की टीम कंबोडिया जेल में बंद अभय नाथ दुबे के खजनी के सतुआभार गांव स्थित आवास पर मानव तस्करी मामले की जांच करने पहुंची। टीम ने अभय की पत्नी, पिता और भाई से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। पूरे परिवार की आईडी लेकर तहसील से सत्यापन कराया। इसके बाद परिवार के सभी सदस्यों की फोटो भी लिया।

## कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर की नारेबाजी

# नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को पुलिस ने संभल जाने से रोका

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

राजधानी लखनऊ में सपा डेलिगेशन के संभल जाने से पहले बड़ा एक्शन हुआ है। विधानसभा और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष के घरों के बाहर पुलिस बल तैनात कर दी गई है। विरोध में सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। राजधानी लखनऊ में शनिवार की सुबह विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के घर के बाहर पुलिस लगा दी है। साथ ही विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव के डालीबाग स्थित आवास के बाहर भी पुलिस तैनात है। दरअसल सपा के डेलिगेशन को संभल जाना था। इससे पहले ही नेताओं के घरों के बाहर पुलिस बन तैनात कर दिया गया है। संभल जाने से रोकने पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ धरना दिया। इसमें विधायक रविदास मल्होत्रा भी शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि संभल के लोगों को इंसाफ दो। हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज से जांच कराई जाए। मृतक परिवार के लोगों को एक करोड़ रुपए मुआवजे के तौर पर दिए जाएं।



लाल बिहारी यादव ने बताया कि पुलिस ने हमें संभल के डीएम का एक पत्र दिया है। इसमें कहा गया है कि 10 दिसंबर तक संभल में प्रवेश निषेध है। इसके अलावा सपा अध्यक्ष श्यामलाल पाल के घर के बाहर भी पुलिस लगा दी गई है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के सेक्टर-11 वृंदावन योजना स्थित आवास के बाहर रात से ही पुलिस तैनात कर दी गई थी। अभी पुलिस बाहर तैनात है। पुलिस ने उन्हें संभल के डीएम का एक लेटर उपलब्ध कराया है। डीएम द्वारा जारी इस लेटर में कहा गया है कि 10 दिसंबर तक बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना किसी भी बाहरी व्यक्ति, सामाजिक संगठन, या फिर जनप्रतिनिधि का जिले की सीमा में प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि हमें कोई लिखित नोटिस तो दिया नहीं है। सिर्फ ऐसे ही बात करते हैं। बस घर के बाहर पुलिस लगा दी। नियमानुसार हमें नोटिस देनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अन्य सभी लोग जा रहे हैं। लेकिन, हमारे जाने से अशांति पैदा हो जाएगी। यह सरकार अपने कार्यों पर पर्दा जालने के लिए जानबूझकर यह कर रही है। कमिश्नर के बयान पर कहा कि वह तो उधारू कमिश्नर हैं। वह यहां के नहीं हैं। उधार पर आए हैं। इसलिए हमारे प्रदेश के लिए उनकी उतनी जिम्मेदारी नहीं है।

**संभल जाने से पहले एक्शन: पुलिस ने सपा प्रदेश अध्यक्ष को भी किया नजरबंद-** राजधानी लखनऊ में शनिवार को पुलिस ने सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल को भी उनके आवास पर हाउस अरेस्ट किया है। सपा डेलिगेशन के संभल जाने से पहले पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है। संभल डीएम द्वारा जारी पत्र के बाद पुलिस ने सपा नेताओं को उनके आवास पर ही रोक लिया है। उन्हें नोटिस दिया गया है।

इससे पहले पुलिस ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव को पुलिस ने उनके घर पर ही रोक लिया। वह संभल जाने के लिए गाड़ी पर बैठे। लेकिन, पुलिस ने अपनी गाड़ियां लगाकर उन्हें निकलने नहीं दिया। इसके बाद माता प्रसाद पांडेय ने सपा कार्यालय जाने की बात कही। इसके बाद भी उन्हें घर से निकलने नहीं दिया गया। इसके कुछ देर बाद ही पुलिस ने सपा प्रदेश अध्यक्ष को भी हाउस अरेस्ट कर लिया। उन्हें भी नोटिस दिया गई है।

बताते चलें कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में सपा का 15 सदस्यीय डेलिगेशन संभल जाने वाला था। सपा नेता संभल में पीड़ितों से मिलकर जानकारी जुटाने की बात कह रहे थे।

### सपा सांसद हरेंद्र मलिक और जिया-उर-रहमान को गाजियाबाद बॉर्डर पर रोका

दिल्ली-गाजियाबाद बॉर्डर पर सपा नेताओं के दल को पुलिस ने रोक लिया। सपा के सांसद हरेंद्र सिंह मलिक और सांसद जिया उर्र रहमान बर्क, सांसद मोहिबुल्लाह नदवी और इकरा हसन को रोक दिया गया है। सपा के दल संभल जाने पर अड़ा है। हाईवे पर पुलिस सख्ती से चेकिंग के बाद ही गाड़ियों को निकलने दे रही है। हापुड़ में संभल जा रही केराना सांसद इकरा हसन को पुलिस अधिकारियों ने समझा कर टोल प्लाजा से वापस भेजा। दिल्ली-गाजियाबाद सीमा पर पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद समाजवादी पार्टी के सांसद हरेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि उन्होंने हमें रोक लिया है और कह रहे हैं कि अधिकारी हमसे बात करेंगे। प्रोटोकॉल के अनुसार, संसद सदस्य को भारत सरकार के कैबिनेट सचिव से ऊपर माना जाना चाहिए। दुर्भाग्य से, हमें एसीपी से बातचीत करने से रोक दिया गया है। हम एसीपी के आने का इंतजार कर रहे हैं।

## सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का एलान

# संभल हिंसा में मारे गए लोगों के परिजन को देंगे पांच-पांच लाख रुपए



सत्ता सुधार ■ लखनऊ

लखनऊ। यूपी के संभल में हुई हिंसा में मारे गए लोगों के परिजन समाजवादी पार्टी पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद करेगी। सांसद रुचि वीरा ने बताया कि मृतकों के परिजन के साथ पार्टी की संवेदनाएं हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने परिजन की मदद करने की घोषणा की है। सहायता राशि परिजन को जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी।

यही नहीं समाजवादी पार्टी की मांग है कि सरकार मृतकों के परिजन को एक-एक करोड़ रुपए की आर्थिक मदद करे। आपको बताते चलें कि बीती 24 नवंबर को मस्जिद सर्वे के दौरान संभल में बवाल हो गया था। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी। कई लोग घायल हुए थे। यहां तक कि डिप्टी एसपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गए थे। इसके बाद से वहीं पर स्थिति तवनाव पूर्ण है। दूसरी तरफ मामले में राजनीति भी खूब हो रही है।

### सपा नेताओं के घर पुलिस का पहरा

शनिवार की सुबह विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के घर के बाहर पुलिस लगा दी गई। साथ ही विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव के डालीबाग स्थित आवास के बाहर भी पुलिस तैनात कर दी गई। दरअसल सपा के डेलिगेशन को संभल जाना था। इससे पहले ही नेताओं के घरों के बाहर पुलिस बन तैनात कर दिया गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में सपा का 15 सदस्यीय डेलिगेशन संभल जाने वाला था। सपा नेता संभल में पीड़ितों से मिलकर जानकारी जुटाने की बात कह रहे थे। इसके बाद इसकी जानकारी सपा मुखिया के साथ साझा करना था। उनके निकलने से पहले ही पुलिस उनके घरों के बाहर तैनात मिली।

# विशाल हत्याकांड : सुबह तड़के पुलिस संग हुई मुठभेड़

## दूसरे आरोपी के पैर में लगी गोली- गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ गोरखपुर



हौली बलिया गांव में 16 नवंबर की रात विशाल सिंह पुत्र विनीत सिंह की हत्या कर दी गई। मामले में चार लोगों पर हत्या का केस दर्ज हुआ। 18 नवंबर को को पुलिस ने रुद्रपुर करहकोल मार्ग स्थित भागड़ा पुल के समीप से रजा खान को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। आरोप है कि इसी राहुल अली के फोन कर बुलाने पर विशाल घर से बाहर गया था। शनिवार की सुबह मुठभेड़ में पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया है। छात्र नेता विशाल सिंह श्रीनेत की हत्याकांड में शामिल दूसरे आरोपी को पुलिस ने शनिवार की तड़के सुबह नगवा गांव के सीकट बांध के समीप गिरफ्तार किया। पुलिस मुठभेड़ में धराया दूसरा आरोपी राहुली अली के दाहिने पैर में गोली लगी है। पुलिस हत्या के एक आरोपी को पहले गिरफ्तार कर चुकी है। दो अन्य को गिरफ्तार होना अब बाकी है। हौली बलिया गांव में 16 नवंबर की रात विशाल सिंह पुत्र विनीत सिंह की हत्या कर दी गई। मामले में चार लोगों पर हत्या का केस दर्ज हुआ। 18 नवंबर को को पुलिस ने रुद्रपुर करहकोल मार्ग स्थित भागड़ा पुल के समीप से रजा खान को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार 25 हजार का ईनामी बदमाश राहुल अली उर्फ रहीमूल निवासी रानीपुर भिटहा, कौड़ीराम के बारे में एकौना थाने के नगवा गांव के समीप बाइक से जाने की सूचना मिली। एकौना, रुद्रपुर और सुरौली थाने की पुलिस ने उसे घेर लिया। बदमाश ने पुलिस पर एक फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में पुलिस ने उसे मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया।

# मायावती बोलीं- धार्मिक मुद्दों की आड़ लेकर राजनीतिक स्वार्थ साध रही सरकार

## दलित व अम्बेडकरवादी बहुजनों को अपना संघर्ष ढीला नहीं पड़ने देना

सत्ता सुधार ■ लखनऊ




बसपा सुप्रीमो मायावती ने हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड चुनाव में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगाया। यूपी और उत्तराखंड के पदाधिकारियों के साथ संगठन के कामकाज की समीक्षा की। राजधानी लखनऊ में शनिवार को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने संगठन के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने पार्टी प्रदेश कार्यालय में यूपी और उत्तराखंड के पदाधिकारियों को संबोधित किया। कहा कि यूपी सरकार धार्मिक मुद्दों की आड़ में स्वार्थ की राजनीति कर रही है। देश व समाज को संकीर्ण जातिवादी व साम्प्रदायिक तत्वों की जकड़ से निकालने के लिए दलित व अम्बेडकरवादी बहुजनों को अपना संघर्ष ढीला नहीं पड़ने देना है, बल्कि इसको और अधिक प्रभावी बनाना है। उन्होंने हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव में धनबल, बाहुबल और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगाया। कहा कि साफ-सुथरा चुनाव कराना चुनौती बन चुका है। यह संविधान और लोकतंत्र के लिए खतरा बन चुका है। इसका चेक एंड बैलेंस जरूरी है। भाजपा की गरीब-विरोधी व उनकी धन्नासेठ समर्थक नीतियों से लोगों में आक्रोश है। लोगों का ध्यान बांटने के लिए ही यह पार्टी नए जातिवादी, साम्प्रदायिक व संकीर्ण हथकंडों का इस्तेमाल करती है। चुनाव में इसका लाभ भी ले लेती है। यूपी व उत्तराखंड में जबरदस्त महंगाई है। भाजपा की तुष्टीकरण की राजनीति लोगों को खुशहाल जीवन नहीं दे पा रही है।

## दुर्घटना यूपी में नेशनल हाईवे-730 पर हुई घटना, छह की हालत नाजुक

# भीषण हादसा: कार ने टेंपो में मारी टक्कर, पांच की मौत

सत्ता सुधार ■ श्रावस्ती

श्रावस्ती में भीषण हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि छह लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। यूपी के श्रावस्ती में शनिवार को नेशनल हाईवे-730 पर भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि छह लोगों की हालत गंभीर है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। घायलों को अस्पताल भेजा। हादसा इकौना थाना क्षेत्र के मोहनीपुर तिराहे पर हुआ। बस्ती जिले के थाना सोरहा अंतर्गत नव्वागांव निवासी विजय चौधरी (32) पुत्र रामअचल अपनी एसयूवी कार यूपी 51 एआर 3569 बनवाने के लिए बहराइच लाया था। जहां से शनिवार को वह वापस लौट रहा था। इस दौरान कार पर गांव का ही सोहराब (42) पुत्र सफीउल्लाह भी था।



**नौ लोग गंभीर रूप से घायल-** घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। इस दौरान घटना में टैंपो सवार गिलौला के मोहम्मदानपुर निवासी अयोध्या प्रसाद (60) पुत्र चूड़ामणि व बहराइच के धरसवा निवासी मुरलीधर पुत्र जोखू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार सवार सहित नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी अश्विनी दुबे के साथ पहुंचे सीओ सतीश शर्मा ने सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी इकौना पहुंचाया। वहां चिकित्सक ने टैंपो सवार इकौना थाना क्षेत्र के पांडेय पुरवा निवासी लल्लन (44) पुत्र सूबेदार व बरईपुर निवासी ननके यादव (30) पुत्र मंगल प्रसाद तथा बहराइच के पयागपुर थाना क्षेत्र के वीरपुर सेवनाहे निवासी रफीक (40) पुत्र इद्रीस को मृत घोषित कर दिया।

### दस फीट दूर खड्ड में जा गिरी टेंपो

जैसे ही विजय कार लेकर बौद्ध परिपथ स्थित इकौना थाना क्षेत्र के मोहनीपुर पहुंचा। तभी रफ्तार काफी तेज होने के कारण अचानक सामने जा रही टैंपो को देख नियंत्रण खो बैठा। इससे कार अनियंत्रित हो आगे जा रही टैंपो से टकरा गई। रफ्तार तेज होने के कारण कार व टेंपो मार्ग किनारे करीब दस फीट दूर खड्ड में जा गिरी।

# कांग्रेस कार्यालय पर एनएसयूआई ने हम बदलेंगे कार्यक्रम का पोस्टर किया लॉन्च

सत्ता सुधार ■ वाराणसी

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने हम बदलेंगे कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया और व्यवस्था को बदलने का संदेश दिया। बता दें कि विश्वविद्यालय की समस्याओं से लड़ने की मुहिम के तहत कांग्रेस की यूथ विंग हम बदलेंगे कार्यक्रम चला रही है और इस कार्यक्रम को धार देने के लिए पोस्टर लांच किया गया। एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव अनुराग राज त्रिवेदी, राष्ट्रीय संयोजक खालिद जमशेद जी से हम बदलेंगे का पोस्टर विमोचन क्या एनएसयूआई राष्ट्रीय सचिव अनुराग राज त्रिवेदी जी ने बोला कि पूरे देश मे एनएसयूआई द्वारा हम बदलेंगे का मुहिम चलाई जा रही हैं इस कार्यक्रम से हम देश के हर विश्वविद्यालय में हो रही फीस वृद्धि, विश्वविद्यालय के सारी समस्याओं से लड़ने के लिए एनएसयूआई कार्यकर्ता एम्बेसडर बना रहे हैं जो छात्रों की आवाज़ बन कर विश्वविद्यालय में लड़ने का कार्य करेगी। एनएसयूआई संयोजक खालिद जमशेद जी ने बोला कि उत्तरप्रदेश पूर्वी में सारे महाविद्यालय विश्वविद्यालय में छात्रसंघ के चुनाव बन्द हैं हम सभी साथी उत्तरप्रदेश सरकार से मांग करते हैं जी जल्द से जल्द विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव कराया जाए इस वजह से छात्रों की आवाज छात्रसंघ के पदाधिकारिय बनेंगे। एनएसयूआई उत्तरप्रदेश पुर्वी प्रदेशाध्यक्ष ऋषभ पाण्डेय ने कहा कि उत्तरप्रदेश में सरकार द्वारा नवजवान साथियों को जेल भेज जा रहा है ।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गाँधी नगर, बस स्टैंड के पास, भिण्ड से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2008/28334 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट। शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।